

फरवरी में 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा जीएसटी संग्रह - 12



ईरान संकट : पश्चिम एशिया में शिपिंग लागत का जोखिम खरीदारों पर डालें चावल निर्यातक - 12



कांग्रेस ने पुडुचेरी को दिल्ली में एक परिवार के लिए एटीएम बना दिया - 13



ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर श्रृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की - 14

आज का मौसम
32.0⁰ अधिकतम तापमान
17.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.32
सूर्यास्त 06.10


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
- लखनऊ - बरेली - कानपुर
- मुरादाबाद - अयोध्या - हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 05:55 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2082

सोमवार, 2 मार्च 2026, वर्ष 36, अंक 26, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# ईरान ने की खामेनेई की मौत की पुष्टि, रक्षामंत्री समेत कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी भी मारे गए

## खामेनेई के बेटी-दामाद, बहू-पोती की भी मौत, राष्ट्रपति सहित तीन लोगों की परिषद ने संभाली ईरान की बागडोर

- भारी बमबारी से बुरी तरह तबाह दिखाई दिया खामेनेई का कार्यालय
- शीर्ष सैन्य अधिकारी अहमद वाहिदी आईआरजीसी के नए कमांडर

दुबई, एजेंसी

ईरान के सर्वोच्च नेता 86 वर्षीय अयातुल्ला अली खामेनेई की इजराइल और अमेरिका की ओर से किए गए बड़े हमले में मौत हो गई है। ईरान की सरकारी मीडिया ने रविवार तड़के इसकी पुष्टि की। तेहरान पर हुए हमलों में इसके अलावा ईरान के रक्षा मंत्री अजीज नासिरजादेह, सेना प्रमुख अब्दुलरहीम मौसवीं और आईआरजीसी कमांडर जनरल मोहम्मद पाकपुर सहित चार वरिष्ठ अधिकारियों के भी मारे जाने की खबर है। खामेनेई की मौत के बाद ईरान में 40 दिन के शोक का एलान किया गया है और देश की बागडोर तीन सदस्यीय समिति को सौंपी गई है। इनमें राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश गुलाम हुसैन मोहसेनी एजेई और कानून विद अलीरेजा अराफी शामिल हैं।

यूरोपीय एयरोस्पेस कंपनी 'एयरबस' की ओर से ली गई सैटेलाइट तस्वीरों में वह स्थान भारी बमबारी से क्षतिग्रस्त दिखाई दिया, जहां खामेनेई की मौत हुई। खामेनेई के कई रिश्तेदार भी इस हमले में मारे गए, जिनमें उनकी एक बेटी, दामाद, बहू और एक पोता-पोती शामिल हैं। सरकारी टीवी ने कहा कि खामेनेई की अपने कार्यालय में हुई मौत दिखाती है कि वह लगातार जनता के बीच खड़े रहे और अपनी जिम्मेदारियां निभाते रहे। ईरान सरकार ने खामेनेई की हत्या को बड़ा अपराध बताते हुए कहा कि यह घटना इस्लामी दुनिया के इतिहास में एक नया अध्याय लिखेगी। इस बीच अमेरिकी मीडिया ने इजराइली सूत्रों का हवाला देते हुए कहा है कि शनिवार के हमलों में 40 ईरानी अधिकारियों की मौत हुई है।



तेहरान में रविवार को हुए हमले के बाद आसमान में उठता धुएं का गुबार। ● एजेंसी



### खामेनेई की मौत का बदला लेंगे: पेजेशकियन

राष्ट्रपति पेजेशकियन ने कहा है कि इजराइल और अमेरिका के हमलों का बदला लेना ईरान का कानूनी हक और जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, खामेनेई दुनिया के सबसे बुरे खलनायक के हाथो मारे गए। उन्होंने खामेनेई की हत्या का बदला लेने का संकल्प लेते हुए चेतावनी दी कि इसके लिए जिम्मेदार लोगों को पछताना पड़ेगा। यह अपराध कभी बिना जवाब नहीं रहेगा।

### इजराइल-अमेरिका के ईरान में सैकड़ों ठिकानों पर हमले, तेहरान में सैन्य ठिकानों पर गिरीं मिसाइलें

- कई जगह उठे घने काले धुएं के गुबार तीन अमेरिकी सैनिकों की भी मौत

इजराइल और अमेरिका की ओर से रविवार को ईरान के भीतर सैकड़ों ठिकानों पर हवाई हमले किए। तेहरान के बीचोबीच इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के मुख्यालय थार-अल्लाह, सेना के अस्पताल और बासिज मिलिशिया के ठिकानों को निशाना बनाया गया। अमेरिका ने ईरान के तीन प्रमुख परमाणु स्थलों को पूरी तरह नष्ट करने का दावा किया है। उपग्रह चित्रों में ईरान के फोर्डो परमाणु स्थल पर भारी नुकसान देखा गया। इजराइली हमलों का निशाना इराक का जुर्फ अल-सखर बेस भी बना जहां ईरान समर्थित 2 लड़ाकों की मौत हो गई। इस अभियान के दौरान 3 अमेरिकी सैनिक मारे गए हैं और 5 गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इजरायल ने आईआरजीएस मुख्यालय को भी निशाना बनाया और सेना के अस्पताल भी उसकी गोलीबारी की जद में आ गए। इजराइल ने कई सैन्य ठिकानों पर भी मिसाइलें दागीं। इजराइली रक्षा बल के अनुसार, ऑपरेशन रोरिंग लायन शुरू होने के बाद पहली बार तेहरान के शासकीय केंद्रो पर हमला किया जा रहा है। तेहरान से मिली खबरों के मुताबिक, रविवार सुबह शहर के कई इलाकों में धमाके हुए। तस्वीरों में तेहरान के कई हिस्सों से घने धुएं के बड़े गुबार उठते देखे गए।

### ईरान ने अमेरिकी युद्धपोत अब्राहम लिंकन पर मिसाइलें दागीं, इजराइल और खाड़ी देशों को भी बनाया निशाना

- यूएई में तीन की मौत, इजराइल के बेत शेमेश में नौ मारे गए, 20 लापता

ईरान ने रविवार को जवाबी कार्रवाई करते हुए ताबड़तोड़ हमले किए। समुद्री सीमा पर मौजूद अमेरिका के विशाल युद्धपोत अब्राहम लिंकन पर ईरानी सेना ने चार मिसाइलें दागीं। ईरान के संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर किए गए हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 58 लोग घायल हुए हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार ईरान ने कुल 165 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, इसके अलावा 541 ड्रोन भी लॉन्च किए। ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलों ने मध्य तेल अवीव पर भी हमला किया। इस दौरान पूरे शहर में विस्फोटों की आवाजें सुनाई जिसके बाद आपातकालीन सेवाएं सक्रिय होती नजर आईं। इजराइल के बेत शेमेश में बेत शेमेश में ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल हमले में नौ लोगों की मौत हो गई। करीब 20 लोग लापता हैं। ईरानी मिसाइल एक आवासीय क्षेत्र में गिरी, जिससे एक यहूदी उपासना स्थल नष्ट हो गया और आसपास के घरों को भारी नुकसान हुआ।

**ब्रिटेन के सैन्य ठिकानों की ओर भी दागीं मिसाइलें** : ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली ने बताया ईरान ने साइप्रस में ब्रिटेन के दौ सैन्य ठिकानों की ओर दो मिसाइलें दागी हैं। हीली ने कहा, हमें पूरा यकीन है कि वे हमारे ठिकानों को निशाना बनाकर नहीं दागी गई थीं, लेकिन यह दिखाता है कि ईरानी प्रतिशोध कितना अंधाधुंध है।

## ऐसा हमला करेंगे जो कभी पहले देखा नहीं होगा: ट्रंप



- शासन को उखाड़ फेंके ईरान की जनता: नेतन्याहू

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान की चेतावनी के जवाब में उसे चेताते हुए कहा, उनके लिए बेहतर होगा कि वे ऐसा न करें। अगर वे ऐसा करते हैं तो हम उन पर इतनी ताकत से हमला करेंगे जो पहले कभी नहीं देखी गई होगी। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर लिखा, इतिहास के सबसे क्रूर लोगों में से एक खामेनेई की मौत न केवल ईरान के लोगों के लिए न्याय है, बल्कि सभी महान अमेरिकियों और दुनिया भर के कई देशों के लोगों के लिए भी न्याय है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक वीडियो बयान में कहा, हमने तानाशाह खामेनेई के परिसर को नष्ट कर दिया। अब इस तानाशाह का शासन समाप्त हो गया है। नेतन्याहू ने ईरानियों से शासन को उखाड़ फेंकने और अपने भविष्य को सुरक्षित करने का आह्वान किया।



खामनेई की मौत के विरोध में श्रीनगर में हजारों लोगों ने किया प्रदर्शन।

### भारत में छायी गम-गुस्से की लहर

**नई दिल्ली।** खामेनेई की मौत के बाद कश्मीर से लेकर कर्नाटक तक भारत के विभिन्न हिस्सों में शिया समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए और जमकर गम और गुस्से का इजहार किया। कश्मीर के लाल चौक, सैदा कदल, बडगाम, बांदीपोरा, अनंतनाग और पुलवामा में बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन हुए। लखनऊ में बड़ा इमामबाड़ा मस्जिद के पास बड़ी संख्या में लोग जुटे और उन्होंने नारे लगाए। शोकाकुल महिलाएं ईरानी नेता की तस्वीर से लिपटकर रोती दिखीं।



जम्मू: बुजुर्ग महिलाओं ने भी जताया गुस्सा।

### ब्रीफ न्यूज

#### वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर 28 रुपये महंगा

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने होली से ठीक पहले वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए हैं। हालांकि घरेलू सिलेंडर के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की वेबसाइट के अनुसार दिल्ली में रविवार से 19 किलोग्राम वाला वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर 1,768.50 रुपये का हो गया है। यह मार्च 2025 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में इस साल लगातार तीसरी बार वृद्धि हुई है।

#### विमान ईंधन की कीमत भी 5.74 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने लगातार दो बार की कटौती के बाद रविवार से विमान ईंधन की कीमतों में बड़ी बढ़ोतरी की है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार दिल्ली में विमान ईंधन की कीमत 5,245 रुपये (5.74 प्रतिशत) बढ़कर 96,638 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है। यह दिसंबर 2025 के बाद का उच्चतम स्तर है। इससे पहले जनवरी और फरवरी में दाम घटाए गए थे। दोनों बार में कीमत में कुल 8,283 रुपये की कटौती की गई थी जो 9.06 प्रतिशत के बराबर है।

## काशी में श्रद्धा, व्यवस्था, विकास से कोई समझौता नहीं करेंगे: योगी

- वाराणसी में प्रोजेक्ट रिव्यू मीटिंग के दौरान मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश
- बोले- श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शनार्थियों से दुर्व्यवहार अक्षम्य



प्रोजेक्ट रिव्यू मीटिंग को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या दुर्व्यवहार का सामना नहीं करना चाहिए। काशी जैसे विश्वविख्यात धार्मिक केंद्र पर श्रद्धालुओं के सम्मान और सुविधा से कोई समझौता नहीं होगा।

दो दिवसीय वाराणसी दौरे के पहले दिन रविवार को सर्किट हाउस सभागार में आयोजित प्रोजेक्ट रिव्यू मीटिंग के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने विकास कार्यों, निर्माण परियोजनाओं और कानून व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा करते हुए मंदिर प्रशासन और पुलिस को व्यवस्था में तत्काल सुधार लाने के सख्त निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वाराणसी में लगभग 17 हजार करोड़ रुपये की 74 परियोजनाएं संचालित हैं, जिनका समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आगामी पर्वों को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री काशी विश्वनाथ धाम केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक है। यहां आने वाला हर श्रद्धालु सम्मान, सुरक्षा और सुव्यवस्थित दर्शन का अनुभव लेकर लौटे, यह प्रशासन की जिम्मेदारी है।

#### नगरीय व्यवस्था, रोपवे अमृत-2 पर फोकस

गोदौलिया क्षेत्र में निर्माणाधीन रोप-वे स्टेशन को लेकर मुख्यमंत्री ने यात्रियों के सुरक्षित चढ़ने-उतरने की व्यवस्था के लिए कार्य शीघ्र पूरा करने को कहा। अमृत-2 योजना के अंतर्गत सीवरेज और पेयजल कार्यों में सघन मॉनिटरिंग, क्षतिग्रस्त सड़कों की प्राथमिकता से मरम्मत और गर्मी में पेयजल संकट न होने देने के निर्देश दिए। विद्युत तारों की अंडरग्राउंड केबलिंग मानकों के अनुसार कराने और स्वच्छता के लिए आधुनिक मशीनों के उपयोग पर जोर दिया।

#### नई परंपरा न पड़ने दें

कानून व्यवस्था की समीक्षा में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि धार्मिक आयोजन केवल धार्मिक परिसरों में ही होंगे, किसी नई परंपरा की अनुमति नहीं दी जाएगी। तेज आवाज वाले साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, अवैध पार्किंग और अतिक्रमण पर सख्ती के निर्देश दिए। अवैध शराब, कोडीन कफ सिरप के कारोबार और अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर कठोर कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

## ईरान संकट : बदलती वैश्विक स्थिति के मद्देनजर बुलाई गई सीसीएस बैठक



- पश्चिम एशिया में फंसे भारतीयों की सुरक्षा पर भी होगी चर्चा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) की बैठक बुलाई है जो रविवार देर रात होगी। कहा गया है कि यह बैठक अमेरिका और इजराइल की ओर से ईरान पर हमले के बाद पैदा हुई मौजूदा वैश्विक स्थिति और ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने के मद्देनजर बुलाई गई है।

बताया गया है कि प्रधानमंत्री राज्यों के अपने दो दिवसीय दौरे से दिल्ली लौटने के बाद सीसीएस की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। वह संभवतः रात लगभग साढ़े नौ बजे यहां पहुंचेंगे। सीसीएस देश के सुरक्षा और रणनीतिक मामलों पर निर्णय लेने वाला सर्वोच्च निकाय है। प्रधानमंत्री सीसीएस के अध्यक्ष हैं तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इसके सदस्य हैं। सूत्रों के अनुसार, बैठक में पश्चिम एशिया में रहने वाले और फंसे हुए भारतीय नागरिकों की सुरक्षा पर चर्चा होने की संभावना है, साथ ही स्थिति बिगड़ने पर उससे निपटने के तरीकों पर भी विचार किया जाएगा। फिलहाल, पश्चिम एशिया का हवाई क्षेत्र लगभग बंद है। पश्चिम एशिया में सैन्य तनाव बढ़ने के कारण हवाई सेवाएं बाधित हो गई हैं, जिससे सैकड़ों भारतीय दुबई और अन्य प्रमुख हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं।

## भारत से 335 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द खाड़ी देशों में फंसे सैकड़ों भारतीय

नई दिल्ली, एजेंसी

- दुबई समेत खाड़ी देशों के हवाई अड्डों पर फंसे सैकड़ों भारतीय



ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों और खाड़ी क्षेत्र के हवाई क्षेत्र बंद होने के बाद रविवार को भारत से 335 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं। इनमें मुंबई हवाई अड्डे पर 125 और दिल्ली हवाई अड्डे पर 100 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुईं। उड़ानें रद्द होने से दुबई और अन्य प्रमुख हवाई अड्डों पर सैकड़ों भारतीय फंसे हुए हैं।

नागर विमानन मंत्रालय ने पहले ही रविवार को घरेलू विमानन कंपनियों की 444 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द होने की आशंका जताई थी। अमृतसर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भी 10 उड़ानें रद्द कर दी गईं। इस बीच, पश्चिम एशिया से आने-जाने वाली उड़ानें बाधित होने के कारण सैकड़ों भारतीय दुबई व अन्य प्रमुख हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं, जिनमें से कई लोग सहायता के लिए भारत सरकार से अपील करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं।

#### सीबीएसई की पश्चिम एशिया क्षेत्र में परीक्षाएं स्थगित

**नई दिल्ली।** ईरान-इजराइल संघर्ष के मद्देनजर सीबीएसई ने पश्चिम एशिया के बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में दो मार्च को होने वाली परीक्षाओं को स्थगित कर दिया है। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, नई तारीखों का एलान बाद में किया जाएगा।

### दुबई हवाई अड्डे पर फंसीं पीवी सिंधु और मंचू विष्णु

भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु, अभिनेता मंचू विष्णु के साथ और कई हस्तियां दुबई हवाई अड्डे पर फंसी हुई हैं। दोनों ने एक्स पर इसकी जानकारी दी है। सिंधु तीन मार्च से शुरू होने वाली अखिल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए बर्मिंघम जा रही थीं, हवाई अड्डे का संचालन निलंबित होने के बाद दुबई में रुकने के लिए मजबूर हो गईं। उनके कोच इरवान्सिया आदि प्रतामा भी उनके साथ हैं। सिंधु ने कहा है कि वे जानलेवा स्थिति से बाल-बाल बचीं। पास में हुए एक विस्फोट और आकाश में मिसाइलों की आवाज का उन्होंने जिक्र किया है। कई और प्रमुख हस्तियां पश्चिम एशिया के हवाई अड्डों पर फंसी हुई हैं।

## नागपुर के कारखाने में धमाके से 18 की मौत, शवों के चीथड़े उड़े

नागपुर, एजेंसी

- नहीं पता चला धमाके का कारण फडणवीस ने दिया जांच का आदेश



महाराष्ट्र के नागपुर जिले में विस्फोटक पदार्थ बनाने वाले एक कारखाने में रविवार सुबह हुए शक्तिशाली धमाके में 18 लोगों की मौत हो गई और 24 घायल हो गए। यह विस्फोट कटोल तहसील के राउलगांव में खनन और औद्योगिक विस्फोटक निर्माता कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड की डेटोनेटर पैकिंग इकाई में सुबह करीब 7:15 बजे हुआ।

पुलिस के मुताबिक 24 घायल श्रमिकों का नागपुर के दो अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। धमाके से कई शवों के चीथड़े उड़ गए और कुछ शव इतनी बुरी तरह जल गए कि उनकी पहचान करना असंभव हो गया। मृतकों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए परिवार के सदस्यों के डीएनए नमूने लिए जा रहे हैं। एक अस्पताल के मुताबिक अस्पताल में भर्ती सभी 18 मरीज आईसीयू में गंभीर हालत में हैं। विस्फोट के कारण अधिकांश रोगी 30 से 80 प्रतिशत तक गंभीर रूप से जले हुए हैं, साथ ही छर्रे लगने से भी चोटें आई हैं।

## जेएनयू : प्रदर्शनकारियों की रिहाई का आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) परिसर में हाल में हुए एक विरोध प्रदर्शन के संबंध में गिरफ्तार 14 छात्रों की तत्काल रिहाई का रविवार को आदेश दिया।

अदालत ने 27 फरवरी को 14 प्रदर्शनकारियों को जमानत देते हुए कहा था कि पुलिसकर्मियों पर हमला करना गंभीर अपराध है, लेकिन आरोपी छात्र हैं और उन्हें अपना करियर बनाना है। ड्यूटी मजिस्ट्रेट रवि छात्रों की उस याचिका पर सुनवाई कर रहे थे, जिसमें मजिस्ट्रेटी अदालत के आदेश को चुनौती दी गई थी। मजिस्ट्रेटी अदालत के आदेश के तहत उनके दस्तावेजों और जमानत बॉण्ड के सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने तक उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था।

पुराना ताल्लुक

किंतूर गांव में गम और गुस्सा, ईरान की इस्लामी क्रांति के दो सबसे बड़े चेहरों की जड़ें इसी गांव से जुड़ीं

## अयातुल्ला खामेनेई के पूर्वजों का था बाराबंकी से गहरा संबंध

संवाददाता, लखनऊ/बाराबंकी

**अमृत विचार :** इजराइली हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने से बाराबंकी जिले के किंतूर गांव के लोग गमगीन हैं। खामेनेई के पूर्वजों के बारे में दावा किया जाता है कि वह इसी गांव के थे। लखनऊ के नवाबों संग ईरान की धार्मिक यात्रा पर खामेनेई के पूर्वज बाराबंकी से गए थे।

बाराबंकी जिले का इतिहास महाभारतकाल से जुड़ा है। प्राचीन महाभारत कालीन कुंतेश्वर मंदिर जिस स्थान पर स्थित है उसे ही किंतूर गांव कहा जाता है। इसी किंतूर की धरती से ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्ला खामेनेई का नाता जुड़ने की बात कही जा रही है। हालांकि कभी अयातुल्ला खामेनेई इस गांव में नहीं आए मगर उनके पूर्वजों की पीढ़ियां गांव से संबंध थे।



किन्तूर गांव में खामेनेई की मौत पर गम में डूबे लोग।

बाराबंकी के किंतूर से ईरान गए सैयद अहमद मूसवी के पोते रूहुल्लाह खामेनेई के उत्तराधिकारी ही ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई थे। बताते हैं कि वर्ष 1790 में जिले की सिरौली गौसपुर तहसील के किंतूर गांव में सैयद अहमद मूसवी का जन्म हुआ था। पढ़ाई-लिखाई के बाद सन् 1830 में 40 वर्ष की उम्र में अहमद मूसवी अवध के नवाब के साथ धार्मिक यात्रा पर इराक गए। पहले नजफ पहुंचे, जहां उन्होंने हज़रत इमाम अली की दरगाह पर ज़ियारत की। बाद में फिर स्थायी रूप से ईरान के एक गांव खुमैन में बस गए थे। उनके पूर्वज बताते हैं कि अहमद मूसवी ने अपने नाम के आगे उपनाम हिंदी जोड़ा ताकि यह अहसास बना रहे कि वह हिंदुस्तान से हैं। उन्हें शेरों शायरी का भी काफी शौक था।

#### शाह का शासन उखाड़ फेंका था

अयातुल्ला रूहोल्लाह खुमैनी ने वर्ष 1979 की इस्लामी क्रांति का नेतृत्व कर शाह के शासन को उखाड़ फेंका और ईरान को एक शिया इस्लामी गणराज्य में बदल दिया। पश्चिम एशिया की राजनीति को दशकों तक प्रभावित करने वाली इस क्रांति के पीछे खुमैनी के भाषणों की गूंज थी। जिन्हें अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने भी सम्मोहक और जनभावनाओं को आंदोलित करने वाला बताया। आज ईरान की मुद्रा पर उनकी तस्वीर छपी है और तेहरान में उनका भव्य मक़बरा मौजूद है। लेकिन कम लोग जानते हैं कि उनकी वंश परंपरा की जड़ें उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में छिपी हैं।

#### मशहद में हुआ परिवार का उदय

नजफ़ के बाद सैयद अहमद मुसवी हिन्दी ईरान के मशहद चले गए, जो इमाम रज़ा की दरगाह के कारण शिया इस्लाम का प्रमुख तीर्थस्थल है। वहीं से मुसवी परिवार ईरान के धार्मिक प्रतिष्ठान में स्थापित हुआ। यह परिवार सातवें शिया इमाम इमाम मूसा अल-काज़िम का वंशज माना जाता है, जिससे इसे धार्मिक नेतृत्व की ऐतिहासिक वैधता मिली। अयातुल्ला अली खामेनेई का जन्म वर्ष 1939 में मशहद में हुआ। उनके पिता सैयद जवाद खामेनेई एक साधारण लेकिन सम्मानित धर्मगुरु थे और सैयद अहमद मुसवी हिन्दी के प्रत्यक्ष वंशज थे।








# 12 की मौत

## कराची में अमेरिकी दूतावास पर हमला

**कराची, एजेंसी**

पाकिस्तान के कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के गेट तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश कर रहे प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच रविवार को हुई झड़पों में 12 लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक घायल हो गए। अमेरिका-इजराइल के हवाई हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने के विरोध स्वरूप यह हिंसक संघर्ष हुआ। खामेनेई की मौत की खबर मिलते ही प्रदर्शनकारी वाणिज्य दूतावास की ओर जाने वाली सड़क पर एकत्र होने लगे। प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि पुलिस ने उन पर गोली चलाई।

सिविल अस्पताल की प्रवक्ता डॉ. सुमैय्या सैयद ने बताया कि 10 शव अस्पताल में लाए गए हैं, जिनमें कुछ शवों पर गोली लगने से घाव के निशान हैं। सैयद के मुताबिक, करीब 30 घायल अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में उपचाराधीन हैं। घायलों में चार पुलिसकर्मी भी हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक असद रजा ने कहा कि भीड़ के पुलिस पर हमला करने के बाद स्थिति नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे गए और लाठीचार्ज किया गया।

**अमेरिकी मरीन ने नहीं चलाई गोली:** सिंध के गृह मंत्री जिया उल हसन लंजार ने कहा कि "किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।" लंजार ने कहा कि पूरे घटनाक्रम की जांच के लिए न्यायिक जांच के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने उन अटकलों को खारिज किया कि मारे गए लोगों को वाणिज्य दूतावास की सुरक्षा में तैनात अमेरिकी मरीन ने गोली मारी। अमेरिकी वाणिज्य दूतावास माई कोलाची रोड पर नौसेना की एक आवासीय सोसाइटी के निकट एक किलेबंद इमारत में है, लेकिन आसपास निम्न-आय वर्ग के इलाके हैं।



कराची में अमेरिकी दूतावास के बाहर प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए छोड़े जाते आंसू गैस के गोले।

### इस्लामाबाद, पेशावर और लाहौर में भी सड़कों पर उतरे लोग


**30** से ज्यादा लोग घायल, लाठी डंडे लेकर पहुंची थी भीड़

- उपद्रवी भीड़ ने गेट और शीशे तोड़े, पथराव व आगजनी
- अमेरिका और इजरायल के खिलाफ जमकर नारेबाजी

- ईधी वेलफेयर ट्रस्ट के फैसल ईधी ने कहा कि कुछ प्रदर्शनकारी बेहद हिंसक हो गए और उन्होंने उनके स्वयंसेवकों तथा एंबुलेंस पर भी हमला किया। इस्लामाबाद स्थित अमेरिकी दूतावास ने बयान में कहा, "हम कराची और लाहौर में अमेरिकी वाणिज्य दूतावासों के निकट जारी प्रदर्शनों पर नजर रख रहे हैं। साथ ही इस्लामाबाद स्थित अमेरिकी दूतावास और पेशावर स्थित वाणिज्य दूतावास के सामने प्रदर्शनों के आह्वान की खबरें भी देख रहे हैं।'' हम पाकिस्तान में मौजूद अमेरिकी नागरिकों को सलाह देते हैं कि वे स्थानीय समाचारों पर नजर रखें और व्यक्तिगत सुरक्षा के उपाय अपनाएं। पुलिस के अनुसार, शिया संगठनों ने खामेनेई की मौत के विरोध में कराची स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास की ओर मार्च निकालने की घोषणा की थी। इस्लामाबाद में तहरीक-ए-जाफरिया पाकिस्तान ने विरोध प्रदर्शन और अमेरिकी दूतावास का घेराव करने घोषणा की, जिसके बाद अधिकारियों ने 'रेड जोन' सील कर दिया और उससे जुड़ी सड़कों पर अतिरिक्त बल तैनात किए। जिला प्रशासन ने बताया कि इस्लामाबाद में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। लाहौर में प्रेस क्लब के बाहर इजराइल और अमेरिका की ईरान के खिलाफ सैन्य हमले के विरोध में प्रदर्शन जारी हैं।

## रिएक्शन

### ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान बोले बदला लेना हमारा वैध अधिकार



- ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के बाद कहा कि इस अपराध के अपराधियों और कमांडरों के खिलाफ रक्तपात और बदला लेना ईरान वैध अधिकार मानता है, और इस महान जिम्मेदारी और कर्तव्य को पूरी ताकत से पूरा करेगा। खामेनेई की हत्या दुनिया के मुसलमानों, विशेषकर शियाओं के खिलाफ एक खुला युद्ध है।

### सनक में की गयी हत्या, नैतिकता और कानून का उल्लंघन : व्लादिमीर पुतिन



- **मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने खामेनेई की लक्षित हत्या को 'सनक में की गयी हत्या' करार दिया है। पुतिन ने खामेनेई की मृत्यु को एक ऐसी हत्या बताया जिसने 'मानवीय नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून के सभी मानदंडों' का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा, खामेनेई को रूस में एक 'उत्कृष्ट राजनेता' के रूप में याद किया जाएगा। यूक्रेन के साथ युद्ध में ईरान ने रूस को ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों सहित सैन्य सहायता प्रदान की है और ड्रोन निर्माण सुविधा बनाने में मदद की है।

### चीन ने कहा, ईरान पर हमला और नेता को खुलेआम मारना मंजूर नहीं



- **शिन्हुआ।** चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि उसने हमेशा संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों को कायम रखा है और वह अंतरराष्ट्रीय संबंधों में ताकत के इस्तेमाल का विरोध करता है। जब ईरान-अमेरिकी बातचीत चल रही हो, तो उस दौरान अमेरिका और इजराइल का ईरान पर हमला करना मंजूर नहीं है। यह भी मंजूर नहीं है कि वे किसी आजाद देश के नेता को खुलेआम मारें और सरकार बदलने को बढ़ावा दें।

### इतिहास में निर्णायक क्षण, भविष्य अभी अनिश्चित : यूरोपीय संघ



- यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कल्लास ने कहा कि अली खामेनेई की हत्या ईरान के इतिहास में एक निर्णायक क्षण है। आगे क्या होगा यह अनिश्चित है। लेकिन अब एक अलग ईरान की ओर खुला रास्ता है, एक ऐसा ईरान जिसे आकार देने में वहां के लोगों को अधिक स्वतंत्रता मिल सकती है।

### ईरान को परमाणु हथियार की अनुमति नहीं दी जा सकती: ब्रिटेन



- ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली ने खुलासा किया है कि ईरान ने साइप्रस में ब्रिटेन के दो सैन्य ठिकानों की ओर दो मिसाइलें दागी हैं। लेकिन हमें यकीन है कि वे हमारे ठिकानों को निशाना बनाकर नहीं दागी गई थीं, लेकिन यह दिखाता है कि ईरानी प्रतिशोध कितना अंधाधुंध है। इसमें कोई संदेह नहीं कि ईरान में एक ऐसा शासन है जो अन्य देशों को परेशान करता है और इसे कभी भी परमाणु हथियार रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

### फ्रांस और ब्रिटेन बोले, फिर से शुरू की जाए ईरान-अमेरिका में वार्ता

- ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने अमेरिका-ईरान से फिर से बातचीत शुरू करने का आह्वान किया है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके देश ईरान पर हुए हमलों में शामिल नहीं हैं, लेकिन वे अमेरिका, इजराइल और क्षेत्र के सहयोगी देशों के साथ लगातार संपर्क में हैं। उन्होंने कहा, "हम क्षेत्र के देशों पर ईरान के हमलों की कड़ी निंदा करते हैं। ईरान को बिना सोचे समझे सैन्य हमले करने से बचना चाहिए।

### खामेनेई की मौत पर कई जगह जश्न

- ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ने अमेरिकी हमलों के लिए जहां खुला समर्थन व्यक्त किया है, वहीं खामेनेई की मौत के बाद कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन के बीच कुछ जगह लोग जश्न मनाते भी दिखे। न्यूयॉर्क से लेकर बर्लिन और उससे आगे तक, ईरानी प्रवासी समुदाय के सदस्यों और उनके समर्थकों द्वारा खामेनेई के शासन के अंत का जश्न मनाने के लिए प्रदर्शन भी आयोजित किए गए। शनिवार दोपहर बर्लिन में ईरानी लोग जश्न मनाते हुए तेज संगीत पर नाचते और नारेबाजी करते नजर आए।

## दुबई में बरसीं मिसाइल व ड्रोन निशाने पर होटल-एयरपोर्ट

**दुबई, एजेंसी**

अमेरिका और इजराइल के हमले के बाद ईरान ने इजराइल के तेल अवीव समेत मिडिल ईस्ट के देशों पर ताबड़तोड़ हमले किए। इसमें संयुक्त अरब अमीरात के शहर दुबई को भी निशाना बनाया गया। दुबई के मशहूर लग्जरी होटल बुर्ज अल अरब पर भी हमला होने की खबरें सामने आईं। रिपोर्ट के अनुसार, एक अटैक ड्रोन के बिल्डिंग से टकराने के बाद आग की लपटें उठने लगीं। दुबई मीडिया ऑफिस ने एक्स पर कहा, अधिकारियों ने पुष्टि की है कि एक ड्रोन को रोका गया था। उसका मलबा बुर्ज अरब के बाहरी हिस्से से टकरा गया, जिससे हल्की आग लग गई। ईरान ने दुबई में स्थित सीआईए के ठिकाने और एक अमेरिकी एजेंसी पर भी हमला किया। दुनिया के सबसे व्यस्तम दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन पर भी संदिग्ध हवाई हमले से मामूली नुकसान हुआ है। चार कर्मचारी घायल बताए गए हैं। इसी तरह दुबई के प्रमुख बंदरगाह जेबेल अली पोर्ट पर इंटरसेप्ट किए गए ड्रोन के मलबे से आग लग गई। रिहायशी इलाकों पाम जुमेराह और अल नहदा में भी तेज धमाकों की कई आवाजें सुनी गईं।



तेल अवीव में ईरानी मिसाइल से क्षतिग्रस्त हुई इमारत।

### आसमान में आग और धुएं की लकीरें

- दुबई के रिहायशी इलाकों में रहने वाले लोगों ने बताया कि लगातार धमाकों से उनके फ्लैट की खिड़कियां हिल गईं और रात में एयर डिफेंस सिस्टम द्वारा इंकमिंग प्रोजेक्टाइल्स को इंटरसेप्ट करने से आसमान में आग और धुएं की लंबी रेखाएं बनती रहीं। एक भारतीय नागरिक विष्णु मंचू ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि इंटरसेप्शन की आवाजों की वजह से उनका घर हिल गया और बेटी आयरा डर गई। उन्होंने शांति की प्रार्थना करते हुए कहा कि किसी भी बच्चे को जंग की आवाजें सुनते हुए बड़ा नहीं होना चाहिए। एक महिला ने कहा कि लोग पूछते हैं कि दुबई में सुरक्षित महसूस क्यों होता है, आज इसका जवाब मिल गया।

### पीवी सिंधू दुबई एयरपोर्ट पर घंटों छिपी रहीं

- **दुबई।** मध्य पूर्व के अधिकतर देशों में एयरस्पेस बंद होने से बड़ी संख्या में भारतीय दुबई में फंसे हुए हैं। ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने दुबई हवाई अड्डे पर स्थिति को ' 'तनावपूर्ण और डरावना' ' बताते हुए कहा कि वह और उनके इंडोनेशियाई कोच जहां रुके थे, पास ही एक धमाका हुआ। सिंधू के अनुसार जैसे ही उनका विमान दुबई में उतरा, थोड़ी देर में वायु क्षेत्र बंद कर दिया गया और पिछले कुछ घंटे बहुत तनाव वाले रहे। हम ऊपर से इंटरसेप्शन की आवाजें सुन सकते थे। कुछ घंटों बाद दुबई हवाई अड्डे पर हम जहां छिपे थे, उससे 100 मीटर की दूरी पर धमाका हुआ। हमें जल्दी से उस जगह से बाहर निकलना पड़ा। एक्ट्रेस सोनल चौहान ने पीएम मोदी से मदद मांगी है।

### श्रीनगर और लखनऊ में प्रदर्शन शिया धर्म गुरुओं ने जताया शोक

**नई दिल्ली।** भारत में भी ईरान के सर्वेच्च नेता खामेनेई की मौत के विरोध में प्रदर्शन हुए। श्रीनगर और लखनऊ में प्रदर्शनों के बीच अजमेर में शिया मुस्लिम महासभा ने 3 दिन के शोक का ऐलान किया, जबकि कई धर्मगुरुओं ने खामेनेई की मौत पर दुख जताया है। शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद ने कहा, ये सदी के सबसे दुखद शब्दों में से हैं कि इतनी महान हस्ती, जिसने हमेशा दबे-कुचले लोगों के लिए आवाज उठाई, वो चला गया, वो कभी किसी से नहीं डरे, यहां तक कि सबसे बड़ी ताकतों से भी नहीं। शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद ने कहा, "ये सदी के सबसे दुखद शब्दों में से हैं कि इतनी महान हस्ती, जिसने हमेशा दबे-कुचले लोगों के लिए आवाज़ उठाई, वो चला गया। वो कभी किसी से नहीं डरे, यहां तक कि सबसे बड़ी ताक़तों से भी नहीं।"



श्रीनगर में खामेनेई के मौत पर शोकजदा युवक ।

ट्रंप के दामाद, उनके विशेष दूत और ईरान के विदेश मंत्री के बीच जिनेवा में वार्ता स्थगित होने के बाद तेजी से बदला घटनाक्रम

## ...इस तरह लिखी गई ईरान पर हमले की पटकथा

**स्पेशल डेस्क**

अमृत विचार। ईरान पर इजराइल और अमेरिका का साझा हमला सटीक खुफिया जानकारी और कई घटनाओं के एक साथ घटित होने से अपरिहार्य बन गया। हुआ यह कि ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर, उनके विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के नेतृत्व वाले ईरानी प्रतिनिधिमंडल के बीच जिनेवा में गुरुवार को हुई बातचीत बिना किसी निर्णायक मोड़ पर पहुंचे स्थगित हो गई थी। हालांकि अराघची ने कहा था कि वार्ता में अच्छी प्रगति हुई है। उधर, ओमान के जिन अधिकारियों ने मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी, उनका भी कहना था कि बातचीत अगले सप्ताह वियना में फिर से शुरू होगी। लेकिन ट्रंप के सलाहकार ईरान में अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप को सही ठहराने की कोशिश में लगे थे। विटकॉफ और कुशनर को जिनेवा इसी उम्मीद में भेजा गया था कि वे ईरान को न सिर्फ आत्मसमर्पण के लिए राजी कर लेंगे बल्कि जैसा कि इजराइल भी चाहता है कि ईरान को न केवल परमाणु कार्यक्रम बल्कि मिसाइल उत्पादन के लिए राजी कर लेंगे। लेकिन रणनीतिकार मान रहे थे कि ट्रंप ने जिस तरह सैन्य बल एकत्र किया है, उसे देखते हुए ईरान का कोई भी प्रस्ताव युद्ध रोकने के लिए पर्याप्त नहीं है। इसी कारण विटकॉफ और कुशनर के वाशिंगटन लौटने पर, ट्रंप ने खुद को "असंतुष्ट" बताया। अगले दिन, अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रमुख एडमिरल ब्रैड कूपर और ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल डैन केन ने ट्रंप को सैन्य विकल्पों पर अंतिम ब्रीफिंग दी, और इसी दौरान दुनिया का सबसे बड़ा विमानवाहक पोत, यूएसएस गेराल्ड फोर्ड हाइफा पोर्ट पर पहुंचा। इसी पोत ने वेनेजुएला के नेता निकोलस मादुरो को सत्ता से हटाने में भाग लिया था। हाइफा में फोर्ड का काम ईरान की जवाबी कार्रवाई से इजरायल की रक्षा करना था। फोर्ड के तैनात होते ही इजरायल में अमेरिकी राजदूत ने अपने कर्मचारियों से कह दिया कि यदि वे देश छोड़ना चाहते हैं तो आज ही निकल जाएं। माहौल की नजाकत भांपते हुए, ओमान के विदेश मंत्री बदर अलबुसैदी, जिन्होंने वार्ता में मध्यस्थता की थी, तत्काल वाशिंगटन पहुंचे और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस से कुछ और दिन देने का आग्रह किया। इस बीच इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद व अमेरिकी सर्विलांस खामेनेई और रणनीतिकारों की बैठक की सूचना साझा कर चुके थे। इसी के बाद शनिवार सुबह ईरान पर बमबारी शुरू हो गई और ईरान की मिसाइलें भी इजराइल और अमेरिकी सैन्य ठिकानों की ओर बरसने लगीं।



# ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई के निधन की खबर से किंतूर शोकाकुल

## अमेरिका-इजराइल के ईरान पर हुए हमलों की निंदा, भारतीयों की सलामती के लिए की जा रही है दुआ

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



अपनों की याद और खामेनेई की मौत से दुखी लोग। ● अमृत विचार



वीडियो कॉल पर परिजन से बात करता व्यक्ति। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अमेरिका-इजराइल द्वारा ईरान पर हो रहे हमले से जिले में किंतूर गांव के लोग काफी मर्माहत हैं। एक ओर ईरान के धार्मिक शहर कुम में रह रहे छात्र और मौलाना हैं, तो दूसरी ओर इज़राइल में काम कर रहे देवा क्षेत्र के दर्जनों मजदूर। इसी बीच ईरान के सर्वोच्च नेता अली ख़ामेनेई के निधन की खबर के बाद से जिले में सिरौलीगौसपुर के किंतूर गांव के निवासी दुखी हैं। गांव के लोगों ने ईरान में रह रहे भारतीयों और आम नागरिकों की सलामती के लिए दुआ की। ईरान पर हो रहे हमलों की कड़ी निंदा की गई। जान लें, ईरान के पहले सर्वोच्च नेता अयातुल्ला रुहोल्लाह खुमैनी का किंतूर गांव से पुराना रिश्ता है।

जानकारी के अनुसार, ईरान के धार्मिक एवं शैक्षणिक केंद्र कुम में बाराबंकी के एक दर्जन से अधिक छात्र, मौलाना और उनके परिवारजन मौजूद हैं। इनमें मौलाना जफर अब्बास उर्फ फैजी, मौलाना आबिद हुसैन काजमी, मौलाना अली मेहदी रिजवी और मौलाना सैयद काशिफ रिजवी जैदपुरी सहित कई लोग तालीम और धार्मिक कार्यों से जुड़े बताए जाते हैं। हमलों के तुरंत बाद कुछ लोगों से फोन पर संपर्क हुआ था। उस दौरान बताया गया कि कुम शहर की सीमा के पास हमला हुआ, जबकि शहर के भीतर हालात सामान्य थे। लेकिन इंटरनेट सेवाएं प्रभावित होने के बाद संपर्क पूरी तरह टूट गया है, जिससे परिजनों की चिंता बढ़ गई है। शहर के दुर्गापुरी अस्करी नगर समेत कई मोहल्लों में लोग मस्जिदों में इकट्ठा होकर अपनों की सलामती की दुआ कर रहे हैं। कई वर्षों से ईरान में रह रहे सैय्यद इमरान शकील के अनुसार, कुम सामान्यतः शांत शहर है और वहां के लोग अमन पसंद हैं। मौजूदा हालात में सबसे बड़ी समस्या इंटरनेट बंद होना है, जिससे संवाद रुक गया है। अधिवक्ता दिलकश रिजवी ने भी बताया कि शुरुआती संपर्क के बाद अब बातचीत पूरी तरह बंद है।

### घड़ी-घड़ी अपनों की फिक्र से परिजन बेहाल

देवा थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव समेत आसपास के इलाकों के करीब दो दर्जन युवक इज़राइल में राजगीर और शटरिंग का कार्य कर रहे हैं। इनमें अंकुर सिंह और राजपाल सिंह जैसे श्रमिक शामिल हैं, जो तेल अवीव के आसपास के क्षेत्रों में हैं। परिजनों के अनुसार फिलहाल वीडियो कॉल के जरिए बातचीत हो पा रही है। श्रमिकों ने बताया है कि युद्ध की स्थिति को देखते हुए काम अस्थायी रूप से रोक दिया गया है और सभी को सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है। अंकुर सिंह ने वीडियो कॉल पर बताया कि कई मिसाइलें हवा में ही निष्क्रिय कर दी जा रही हैं, जिन्हें वे अपनी आंखों से देख पा रहे हैं।

### दुनिया में बढ़ता तनाव मानवता के लिए खतरा

स्थानीय नागरिकों ने इस खबर को बेहद दुखद बताते हुए कहा कि यह क्षति केवल ईरान ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए पीड़ादायक है। सैयद निहाल अहमद काजमी ने कहा कि दुनिया में बढ़ता तनाव मानवता के लिए उचित नहीं है। सभी को शांति की दिशा में प्रयास करना चाहिए। वहीं सैयद आदिल काज़मी ने लोगों से संयम और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। काजमी ने बताया कि ईरान के सर्वोच्च नेता की मौत का गम बहुत है। हम सभी शोक मना रहे हैं और ईरान में रह रहे लोगों, खासकर भारतीयों की सलामती के लिए दुआ कर रहे हैं। काजमी ने इजराइल और अमेरिका के हमलों को विश्व स्तर की गुंडागर्दी और आतंकी घटना करार देते हुए कड़ी निंदा की।

## 59 छात्राओं ने दी चयन परीक्षा



परीक्षा देतीं प्रतिभागी। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** ताराश्री फाउंडेशन द्वारा संचालित तीन माह की कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के तहत चयन परीक्षा का आयोजन बाराबंकी स्थित कार्यालय में किया गया। परीक्षा डॉ. स्नेहलता एवं श्रीकांत के मार्गदर्शन में पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हुई। चयन प्रक्रिया में कुल 59 प्रतिभागियों ने भाग लिया। संस्थान का उद्देश्य कंप्यूटर कोर्स के माध्यम से युवाओं में डिजिटल कौशल विकसित कर उन्हें रोजगारोन्मुख बनाना है। परीक्षा के दौरान संस्थापिका विभा, डॉ. स्नेह लता, श्रीकांत एवं कुसुम की उपस्थिति रही।

## धूमधाम से मनी संत गाडगे की 150वीं जयंती



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** संत गाडगे सेवा समिति एवं अखिल भारतीय धोबी महासंघ के तत्वावधान में नगर पालिका परिषद सभागार में राष्ट्र संत गाडगे की 150वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत संत गाडगे, डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं गौतम बुद्ध के चित्रों पर दीप व पुष्प अर्पित कर बुद्ध वंदना के साथ हुई। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह ने कहा कि संत गाडगे का स्वच्छता और शिक्षा का संदेश आज भी प्रासंगिक है। विशिष्ट अतिथि के रूप में दिल्ली विवि के असिस्टेंट प्रोफेसर हरिशचंद्रा, महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राकेश कनौजिया, सेवानिवृत्त चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी तथा मुख्य वक्ता समाजसेवी रत्नेश कुमार व डॉ भीमराव अंबेडकर मेमोरियल सेवा समिति के महासचिव राम औतार ने संबोधित किया। डॉ. विवेक वर्मा, डॉ. नेवल किशोर सहित अन्य लोगों ने भी विचार रखे। लोकगायक जमुना प्रसाद कनौजिया की टीम ने संत गाडगे के जीवन पर आधारित गीत व कठपुतली प्रस्तुति दी। समिति अध्यक्ष राजेंद्र कनौजिया, सचिव मंशाराम कनौजिया, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र वीर विक्रम सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया तथा जयंती पर भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# टॉयर फटने से बेकाबू होकर पलटी बोलेरो, 3 की मौत व 8 लोग घायल

## सभी लखनऊ में आयोजित सत्संग में शामिल होकर लौट रहे थे अयोध्या

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहन।

**अमृत विचार :** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर रविवार दोपहर पिछला टायर फटने से बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में दो महिलाओं व एक पुरुष समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ लोगों को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। इनमें कुछ की हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही। अयोध्या वासी कार सवार सभी लोग लखनऊ में सत्संग कार्यक्रम से वापस लौट रहे थे।

हादसा लोनीकटरा थाना क्षेत्र में ग्राम नेरा कुबूलपुर के निकट रविवार की दोपहर करीब दो बजे हुआ। बोलेरो सवार सभी लोग अयोध्या जिले के इनायतनगर क्षेत्र के अलग-अलग गांवों के निवासी हैं। यह सभी लखनऊ के मोहनलालगंज में आयोजित एक सत्संग कार्यक्रम में शामिल होकर वापस अपने गांव लौट रहे थे, जबकि कार अजीत कुमार चला रहे थे। दोपहर करीब दो बजे एक्सप्रेस-वे पर प्वाइंट नंबर 19.7 से 19.8 के मध्य बोलेरो का पिछला बायां टायर अचानक फट गया। तेज रफ्तार के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और गाड़ी पलट गई। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई, वहीं अयोध्या के थाना इनायत नगर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुक्खापुरवा निवासी अजीत कुमार, ग्राम देवीपुर निवासी वंश बहादुर यादव, इनकी पत्नी निर्मला, राजकुमार, श्याम कली पत्नी करमचंद, बाबूराम पुत्र बचऊ, रेखा पत्नी रंग बहादुर, शांति देवी पत्नी बलिराम, इंद्रपति पत्नी रामप्रसाद, ग्राम पांडेयपुरवा निवासी सियालाल, पराना पत्नी सियालाल गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

हादसे की सूचना मिलते ही लोनीकटरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को लखनऊ की सीएचसी गोसाईगंज लखनऊ भेजा गया। वहां डॉक्टरों ने बाबूराम (60) पुत्र बचऊ, शांति देवी (62) पत्नी बलिराम व इंद्रपति (60) पत्नी रामप्रसाद को मृत घोषित कर दिया। बाकी घायलों का उपचार शुरू किया गया। इनमें कुछ को ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। थानाध्यक्ष अभय मौर्य के अनुसार अधिकांश घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

### गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से लगा घंटों जाम

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में रविवार शाम बांदा-बहराइच मार्ग पर गन्ना लादकर जरवल चीनी मिल जा रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रैक्टर-ट्रॉली जरवल मिल की ओर जा रही थी। जैसे ही वाहन थाना रामनगर क्षेत्र के हाइवे स्थित ग्राम दुर्गापुर मोड़ के निकट पहुंचा, अचानक चालक नियंत्रण खो बैठा और ट्रॉली सड़क पर पलट गई। ट्रॉली पलटते ही उस पर लदा गन्ना सड़क पर फैल गया, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया।हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। देखते ही देखते हाइवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। उपनिरीक्षक सत्रोहन पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। ।पुलिसकर्मियों ने पहले ट्रैक्टर-ट्रॉली को सड़क किनारे करवाया, इसके बाद मजदूरों की मदद से बिखरे गन्ने को हटवाने का कार्य शुरू कराया।

# खंभे में उतरे करंट से चचेरे भाइयों की मौत

**हादसा**

बनीकोडर, बाराबंकी



रामकुमार व साहब प्रसाद की फाइल फोटो।

**अमृत विचार :** असंद्रा कोतवाली क्षेत्र में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। एक बिजली के खंभे में उतर रहे करंट की चपेट में आकर दो चचेरे भाईयों की मौके पर ही तड़प तड़पकर मौत हो गई। ग्रामीणों ने बचाने की कोशिश पर कामयाबी नहीं मिली। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

यह हादसा क्षेत्र के ग्राम रतौली में रविवार सुबह हुआ। इसी गांव के रहने वाले रामकुमार पुत्र रामलखन व इनके चचेरे भाई साहब प्रसाद पुत्र श्रीराम अपने खेत में सिंचाई कर रहे थे। बताया जा रहा कि खेत के पास ही लगे बिजली के खंभे में करंट उतर रहा था। इससे अंजान रामकुमार का जैसे ही खंभे से स्पर्श हुआ, वह करंट की चपेट में आकर तड़पने लगा। कुछ ही दूरी पर मौजूद चचेरा भाई साहब प्रसाद उसे बचाने दौड़ा तो वह भी करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। यह दृश्य देखकर आस पास मौजूद ग्रामीण बड़ी तेजी से दौड़े और लाठी डंडे से रामकुमार व साहब प्रसाद को खंभे से अलग करने का प्रयास किया पर तब तक देर हो चुकी थी। दोनों चचेरे भाइयों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इसके बाद तत्काल उपकेन्द्र पर सूचना देकर बिजली आपूर्ति बंद कराई गई। सूचना पाकर मौके पर पुलिस के अलावा नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से जानकारी जुटाई। अधिकारियों ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। दोनो शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ग्रामीण बिजली विभाग की लापरवाही पर खासे आक्रोशित हैं। उनका कहना है कि इस खंभे में उतर रहे करंट के बारे में कई बार शिकायत की गई पर सुनवाई नहीं हुई।

## आश्वासन मिलने पर धरना समाप्त



ज्ञापन देते किसान नेता मायाराम यादव। ● अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** पटखनपुरवा गांव में बीमित पशुओं की धनराशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर चल रहा भारतीय किसान यूनियन का धरना तीसरे दिन प्रशासनिक आश्वासन के बाद समाप्त हो गया। किसानों ने चेतावनी दी कि तय समय सीमा में समाधान न होने पर आंदोलन दोबारा शुरू किया जाएगा। अधिकारियों के देर से पहुंचने पर किसानों में आक्रोश बढ़ गया। प्रदेश प्रभारी मायाराम यादव के नेतृत्व में किसान धरने पर डटे रहे। मौके पर पहुंचे पशु चिकित्साधिकारी रमेश कुमार को किसानों ने घेरकर नाराजगी जताई। बाद में उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी ने पहुंचकर किसानों से वार्ता की और लिखित आश्वासन दिया कि सभी जायज मांगों का नियमानुसार समाधान कराया जाएगा। लिखित आश्वासन मिलने के बाद धरना समाप्त कर दिया गया। इस दौरान श्रीराम सेवा समिति के अध्यक्ष डीएनएस त्यागी समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## मामूली विवाद पर दो पक्षों में हुई मारपीट

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** दरियाबाद थाना क्षेत्र के मथुरानगर रेलवे स्टेशन के पास मोबाइल की आवाज धीमी करने को लेकर शुरू हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर ईंट-पत्थर व पेचकस से हमला करने का आरोप लगाया है। स्थानीय वासी पहले पक्ष के दिनेश गुप्ता पुत्र रामआसरे ने आरोप लगाया कि 27 फरवरी की रात करीब 8 :30 बजे शिवजी मंदिर के पास गांव के ही सचिन पुत्र सुशील कुमार सोनी, सौरभ पुत्र ननकऊ व ननकऊ ने मिलकर उन्हें ईंट-पत्थर व पेचकस से मारपीट कर घायल कर दिया। बीच-बचाव में आए उनके पुत्र शिवा गुप्ता को भी पीटा गया। शोर मचाने पर लोग जुटने लगे तो आरोपी गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। वहीं दूसरे पक्ष के सचिन पुत्र सुशील कुमार सोनी ने तहरीर में आरोप लगाया कि उसी समय और स्थान पर दिनेश पुत्र रामआसरे, उनके पुत्र शिवा व संजय पुत्र रामआसरे ने उन पर हमला कर सिर में चोट पहुंचाई। शोर सुनकर उनकी बहन शिवानी मौके पर पहुंची, जिसके बाद आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। आरोप है कि विपक्षी धमकी देते हुए मौके से चले गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## छेड़खानी का विरोध करने में परिवार पर हमला

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** पत्नी से छेड़खानी का विरोध करने पर दबंगों ने कार सवार लोगों को बुलाकर परिवार पर हमला कर दिया। जिससे तीन लोग घायल हुए हैं। कोतवाली क्षेत्र में माती चौकी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 24 फरवरी की देर रात वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ पास में आयोजित एक कार्यक्रम में गया था। आरोप है कि कार्यक्रम के दौरान अंकित राजभर, निखिल राजभर और नितिश राजभर ने उसकी पत्नी से छेड़खानी की। विरोध करने पर आरोपितों ने गाली-गलौज शुरू कर दी, जिसके बाद वह परिवार सहित घर लौट आया। पीड़ित के अनुसार, घर पहुंचते ही तीनों आरोपित पहले से दरवाजे पर मौजूद मिले और फोन कर अन्य साथियों को बुला लिया। कुछ ही देर में सफेद रंग की एक्सयूवी से पांच लोग और पहुंचे। आरोप है कि सभी ने मिलकर परिवार पर हमला कर दिया। हमले में पुत्र के सिर पर लोहे की रॉड से वार किया गया, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। बीच-बचाव में आए एक बुजुर्ग पड़ोसी के पैर में गंभीर चोट आई। आरोप है कि घटना के बाद से आरोपित लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, जिससे परिवार दहशत में है।

## महिला के घर से जेवरात व नकदी पार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र में एक विकलांग महिला के सूने घर को निशाना बनाया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। चौधरी चरण सिंह डिग्री कॉलेज के निकट रहने वाली किरन पाण्डेय 14 फरवरी की शाम अपने बच्चों के साथ अयोध्या गई थीं। अगले दिन 15 फरवरी को दोपहर जब वह घर लौटीं तो मुख्य दरवाजे का कुंडा कटा मिला। घर के अंदर प्रवेश करने पर बक्से और अलमारी के ताले टूटे मिले। पीड़िता के अनुसार बक्से में रखी सोने की चार अंगूठियां, एक सोने की चेन, एक सोने का हार, बच्चों के चांदी के खगौरा व करधनी, तीन चांदी के सिक्के, दो एलसीडी, कैमरे का डीवीआर तथा करीब 50 हजार रुपये नकद चोरी हो गए।

## रंजिश में ढाबा संचालिका से मारपीट व लूट

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र में पति की बीमारी के चलते ढाबा संभाल रही महिला से पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट की गई, महिला ने लूट का भी आरोप लगाया है। म डिहुवा मजरे दारापुर की जूली पत्नी सोनू ने पुलिस को बताया कि 2 जनवरी की रात वह अपने पति के ढाबा पर बैठी थी। पुरानी रंजिश के चलते रोहित, मुकेश, विजय, सुनील तथा 7-8 अज्ञात लोग आये और गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर लाठी-डंडों व सरिया से मारपीट की। जूली का आरोप है कि हमलावरों ने कैश काउंटर में रखे करीब 12 हजार रुपये और गले की सोने की चेन छीन ली।



कस्बे का भ्रमण करते एडीजी। ● अमृत विचार

## एडीजी ने किया पैदल मार्च, कोतवाली का लिया जायजा

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से एडीजी लखनऊ जोन प्रवीण कुमार ने रविवार की शाम कस्बा देवा में पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस बल ने प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील स्थानों पर भ्रमण कर लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। पैदल मार्च के दौरान एडीजी ने कस्बा देवा स्थित सूफ़ी संत हाजी वारिस अली शाह की दरगाह परिसर का भी निरीक्षण किया। एडीजी ने मजार परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश मार्गों एवं भीड़ प्रबंधन की तैयारियों का जायजा लिया। इसके बाद एडीजी ने थाना देवा का औचक निरीक्षण कर अभिलेखों, मालखाना, कार्यालय व्यवस्था एवं साफ-सफाई की स्थिति की जांच की तथा पुलिस कर्मियों को त्योहार के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

## शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

**सफदरगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में एक युवती ने गांव के एक युवक पर आरोप लगाया कि उसने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुराचार किया और फोटो खींच ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तहरीर में युवती ने बताया कि उसकी गांव के ही छोटेलाल से दो साल से बातचीत हो रही थी। इसी दौरान छोटेलाल शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने लगा। तीन माह पूर्व जब उसने युवक पर शादी का दबाव बनाया तो जवाब दिया कि तुमको बीमारी है, शादी नहीं हो पाएगी। इस पर युवती ने छोटेलाल से मिलना बंद कर दिया। आरोप है कि 27 फ़रवरी को युवक ने उससे दुष्कर्म करने की कोशिश की। इसी दौरान घर पहुंचे युवती के पिता को देख युवक धमकी देते हुए फरार हो गया।



होली खेलते प्रबंधक व छात्र। ● अमृत विचार

## महाविद्यालय में उड़ा अबीर-गुलाल, गीतों पर थिरके छात्र-छात्राएं

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** आदर्श पी.जी. कॉलेज ऑफ एजूकेशन सलारपुर में होली का पर्व हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया इस दौरान महाविद्यालय परिसर रंग-बिरंगे गुलाल से सराबोर हो उठा और चारों ओर उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा गुलाल की विशेष व्यवस्था की गई थी। छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं कार्यक्रम के दौरान संगीत की मधुर धुनों पर विद्यार्थियों ने जमकर नृत्य किया और होली गीतों पर थिरकते नजर आए, जिससे पूरा वातावरण खुशियों और उमंग से भर गया संस्थाप्रमुख ने विद्यार्थियों को होली के महत्व के बारे में बताते हुए प्रेम, सौहार्द और आपसी भाईचारे का संदेश दिया तथा सभी से सुरक्षित और मर्यादित तरीके से त्योहार मनाने की अपील की कार्यक्रम के अंत में प्रबंध समिति द्वारा शिक्षकों एवं कर्मचारियों को मिष्ठान वितरित कर होली की शुभकामनाएं दी गईं इस मौके पर कालेज के संस्थापक समीउल्लाह अंसारी सेवानिवृत्त पी.सी.एस., प्रबंधक रफीउल्लाह अंसारी, उप प्रबंधक सफ़ीउल्लाह अंसारी, प्रधानाचार्य डॉ. शमशेर खान, समन्वयक (जूनियर सेक्शन) सलोनी दुबे आदि मौजूद रहे।

**शाखा संगम** | राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने जीआईसी ग्राउंड पर आयोजित किया कार्यक्रम

# चरित्र निर्माण की प्रयोगशाला है संघ की शाखा



कार्यक्रम को संबोधित करते प्रांत संपर्क प्रमुख गंगा सिंह। ● अमृत विचार

**बाराबंक, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा स्थानीय जीआईसी ग्राउंड पर रविवार को शाखा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे नगर में जगह-जगह लगने वाली सभी 24 बस्तियों की शाखाओं को एक साथ लगाने का अभिनव प्रयोग हुआ। सभी शाखाओं के मुख्य शिक्षक एवं शाखा कार्यवाह ध्वज एवं सैकड़ों स्वयंसेवकों को लेकर कार्यक्रम स्थल पर एकत्रित हुए।

स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए आरएसएस के प्रांत संपर्क प्रमुख गंगा सिंह ने कहा कि आरएसएस की शाखा व्यक्ति के बौद्धिक विकास व चरित्र निर्माण की अभिनव प्रयोगशाला है, जहां स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व निर्माण से राष्ट्र निर्माण की परिकल्पना साकार होती है। इसके साथ ही स्वयंसेवक अनुशासन सीखते हैं। बाल, तरुण, प्रौढ़ सभी वर्ग के लोग इसमें शामिल होकर आपस में सामंजस्य स्थापित करते हैं। उन्होंने कहा कि शाखा में स्वयंसेवक सामाजिक समरसता, देश की सभ्यता व संस्कृति से परिचित भी होते हैं। उन्होंने कहा कि शाखा में भाग लेने से व्यक्ति मानसिक व शारीरिक रूप से सबल बनता है। शाखा पर प्रतिदिन फहराए जाने वाले भगवा ध्वज को उन्होंने सनातन धर्म व संस्कृति का प्रतीक बताया। शाखा में ध्वज फहराने के पश्चात सूर्य नमस्कार, योग, व्यायाम, खेल, देशभक्ति के गीत होते हैं जिससे लोगों में राष्ट्रप्रेम का भाव जाग्रत होता है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि विश्वकल्याण के लिए भारत को विश्वगुरु बनाने में आरएसएस के स्वयंसेवकों की भूमिका अहम है। कहा कि संघ संस्थापक डॉ हेडगेवार की 1925 में शुरू की गई शाखा का यह शताब्दी वर्ष है। उन्होंने कहा कि 'वसुधैव कुटुंबकम्' भारत की प्राचीन सनातन संस्कृति का मूल मंत्र है, जबकि सर्वे भवन्तु सुखिनः भारत का दर्शन है। उन्होंने कहा भेदभाव मुक्त समरस समाज की स्थापना संघ का लक्ष्य है। उन्होंने पंच परिवर्तन के मायने समझाते हुए इसे समाज परिवर्तन के लिए अहम बताया। इस दौरान वंदे मातरम, भारत माता की जय, हर-हर बम-बम के नारों की गूंज दूर तक फैलती रही। स्वयंसेवकों ने बौद्धिक से पूर्व विभिन्न प्रकार के खेलकूद, योग, व्यायाम इत्यादि का प्रदर्शन किया। अध्यक्षता जिला संघ चालक डॉ आरएस गुप्ता ने की। संघ प्रार्थना नमस्ते सदा वत्सले मातृ भूमे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर विष्णु प्रताप, नगर प्रचारक विभम, अमितेश, शुभम, शिवम, अमर बहादुर, यशपाल, आदर्श, शिवम, उत्कर्ष, शिवांग मौजूद रहे।

# ड्यूटी पर लौट रहे रेलवे कर्मी के अपहरण की आशंका

रामनगर, बाराबंकी

● **परिजनों को कॉल कर मांगी गयी एक लाख रुपये की फिरौती**



**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम ठेकेदार पुरवा मजरे सिसौंडा निवासी गनेश प्रसाद ने अपने पुत्र के अपहरण की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। उनका बेटा बेंगलुरु स्थित क्रांतिवीर रेलवे स्टेशन पर टिकट बाबू के पद पर तैनात है।

वह 21 फरवरी को छुट्टी लेकर गांव आया था और 28 फरवरी की शाम बुढ़वल रेलवे स्टेशन से आनंद विहार एक्सप्रेस द्वारा ड्यूटी पर लौट रहा था। परिजनों के अनुसार रात तक फोन पर बातचीत होती रही, लेकिन बाद में मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। रविवार दोपहर करीब तीन बजे दो अलग-अलग नंबरों से कॉल कर एक लाख रुपये की फिरौती मांगी गई और रुपये बताए गए नंबर पर भेजने को कहा गया। कॉल करने वालों ने खुद को अपहर्ता बताया और बार-बार फोन न करने की चेतावनी दी। घटना से परिवार में हड़कंप मच गया। पिता ने रेल अधिकारियों के साथ स्थानीय पुलिस को लिखित शिकायत दी है। कोतवाल अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर मिल गई है और कॉल डिटेल की जांच कर जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

# डीएम, एसएसपी ने फोर्स के साथ किया पैदल रूट मार्च

## माहौल खराब करने वालों को दिया सख्त संदेश, लोगों से मिलजुल कर त्योहार मनाने की अपील की

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** डीएम गौरांग राठी व एसएसपी जयप्रकाश सिंह ने दंगा नियंत्रण उपकरणों के लैस पुलिस बल के साथ सदर कोतवाली क्षेत्र के मिश्रित आबादी वाले क्षेत्र में रूट मार्च कर लोगो को सुरक्षा अहसास कराया। अफसरों का रूट मार्च होली, रमजान व ईद के त्योहार को लेकर किया गया। अफसरों ने लोगों मिल जुल कर त्योहार मनाने का संदेश दिया। साथ ही माहौल बिगाड़ने वालो को सख्त कार्रवाई के लिए तैयार रहने की चेतावनी भी दी गई।

डीएम, एसएसपी एवं अन्य पुलिस व प्रशासन के अफसरों ने सदर क्षेत्र के संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले इलाकों में भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया गया। जो बड़ा चौराहा से शुरू होकर कसाई चौराहा, छिपियाना, जामा मस्जिद से होते हुए छोटा चौराहा तक निकाला गया। इस दौरान दंगा नियंत्रण उपकरणों से लैस पुलिस बल तैनात रहा। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के साथ आमजन में विश्वास का माहौल बनाने का प्रयास किया। जिले के सभी सीओ व थानेदार भी अपने-अपने क्षेत्रों में चिन्हित संवेदनशील स्थानों पर विशेष पैदल गश्त पर निकले। अधिकारियों ने व्यापारियों, धर्मगुरुओं व लोगों से संवाद कर आपसी भाईचारे व सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। डीएम ने स्पष्ट किया कि अफवाह फैलाने, सोशल मीडिया पर भ्रामक, भड़काऊ पोस्ट करने व कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। रूट मार्च में एडीएम वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह, एसडीएम सदर क्षितिज द्विवेदी, सहायक पुलिस अधीक्षक व सीओ सिटी दीपक यादव, सीओ संचित शर्मा भी मौजूद रहे।


रूट मार्च करते जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक। ● अमृत विचार

## होली, रमजान और ईद को लेकर प्रशासन अलर्ट

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव) :** रमजान माह, होली एवं आगामी ईद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को जिला प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त रूप से गंगाघाट क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों में व्यापक पैदल रूट मार्च किया। जिलाधिकारी गौरांग राठी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल ने मनोहर नगर, शक्ति नगर, पोनी तिराहा से बालू घाट तक फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। रूट मार्च में अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार, एएसपी अखिलेश सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, सीओ सिटी नगर दीपक यादव, एसडीएम सदर क्षितिज द्विवेदी एवं सहायक पुलिस अधीक्षक संचित शर्मा सहित दंगा नियंत्रण उपकरणों से लैस पुलिस बल मौजूद रहा। अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों, व्यापारियों और धर्मगुरुओं से संवाद कर भाईचारे, आपसी सम्मान और सहयोग के साथ त्योहार मनाने की अपील की। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अफवाह फैलाने, सोशल मीडिया पर भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट साझा करने तथा कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वालों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जनसामान्य से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस या प्रशासन को देने की अपील की गई। उन्नाव पुलिस ने लोगों से बिना पुष्टि सूचना साझा न करने, निर्धारित मार्ग व समय के अनुसार धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने, ध्वनि विस्तारक यंत्रों का सीमित उपयोग करने तथा होली के दौरान जबरन रंग न लगाने की अपील की है। प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि पर्वों को सुरक्षित व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।


धर्मगुरुओं से संवाद करते डीएम व एसएसपी।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वास्थ्य मेले में 88 मरीजों का हुआ परीक्षण, दी दवाइयां

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव) अमृत विचार :** रविवार को राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण कर दवा बांटी। इसके अलावा डॉ. राजेश चंद्रा, डॉ. रश्मि वर्मा, डॉ. अर्चना गुप्ता, विमल किशोर सिंह ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 88 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला, सर्दी, जुकाम, बुखार के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे।

### एक साथ रहने को राजी हुए 19 परिवार

**उन्नाव, अमृत विचार :** एसएसपी जय प्रकाश सिंह के निर्देशन में जिले के विभिन्न थानों में संचालित महिला हेल्प डेस्क द्वारा रविवार को परिवार परामर्श केंद्र और महिला हेल्प डेस्क की टीम ने आपसी विवाद के कारण अलग रह रहे 19 जोड़ों के बीच समझौता कराकर उन्हें पुनः एक साथ रहने के लिए विदा किया। विवादित जोड़ों को थानों में बुलाकर उनकी समस्याओं को सुना गया। परिवार परामर्शदाताओं और पुलिस टीम ने दोनों पक्षों को समझाते हुए उनके बीच उपजे मनमुटाव को खत्म कराया। काउंसलिंग के बाद पति-पत्नी ने पुरानी बातों को भुलाकर साथ रहने का वादा किया। पुलिस अनुसार कुल 19 जोड़ों की घर वापसी कराई गई।

# होली की तैयारी को बाजारों में उमड़ी भीड़

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** रंगों के महापर्व होली को लेकर जनपद में उत्साह और उमंग का माहौल है। त्योहार में अब कुछ ही समय शेष है, जिसके चलते शहर से लेकर कस्बों तक के बाजारों में दिनभर खरीदारी की भीड़ देखी जा रही है। हर तरफ होली के जश्न को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह नजर आ रहा है।

बाजारों में सबसे अधिक रौनक होलिका दहन की पूजन सामग्री को लेकर है। लोग पारंपरिक विधि से पूजा संपन्न करने के लिए गन्ने, गोबर से बने गेबर (बल्ले) और गेहूं की कच्ची बालियों की खरीदारी कर रहे हैं। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के लोग अपनी परंपराओं को सहेजने के लिए बाजारों में सुबह से ही डटे हुए हैं। होली के पकवानों के बिना त्योहार अधूरा है, यही कारण है कि किराना दुकानों पर खासी भीड़ उमड़ रही है। चिप्स, पापड़, मैदा, सूजी और रंग-गुलाल की दुकानों पर ग्राहकों का तांता लगा हुआ है। दुकानदारों का कहना है कि इस बार पिछले वर्षों की तुलना में ग्राहकों में अधिक उत्साह देखने को मिल रहा है, जिससे व्यापार में भी तेजी आई है। भीड़ को देखते हुए प्रमुख बाजार क्षेत्रों में सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। लोग टोलियों में निकलकर रंगों और पिचकारियों की खरीदारी कर रहे हैं, जिससे पूरा शहर होली के रंग में रंगा नजर आ रहा है।


बाजार में पूजा के लिए गन्ना खरीदतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

## ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से वृद्ध की मौत

**बांगरमऊ, उन्नाव, अमृत विचार :** हरदोई-उन्नाव मार्ग पर रविवार शाम तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार एक वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थाना फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के ग्राम भटवन खेड़ा निवासी कालिका प्रसाद (65) पुत्र स्व. रामलाल रविवार शाम पड़ोसी गांव हफीजाबाद खरीदारी करने बाइक से गए थे। घर लौटते समय उन्नाव रोड स्थित ग्राम मंगली खेड़ा के सामने तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे भाई नन्हू व अन्य परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

# होलिका दहन स्थलों पर डलवाई बालू

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** होली पर्व को देखते हुए नगर पालिका ने होलिका दहन स्थलों पर सड़कों को सुरक्षित रखने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। रविवार को पालिका कर्मियों ने नगर के विभिन्न मोहल्लों में चिन्हित स्थानों पर बालू डलवाने का कार्य कराया, ताकि होलिका दहन के दौरान इंटरलॉकिंग, डामर व आरसीसी सड़कें क्षतिग्रस्त न हों।

नगर पालिका क्षेत्र के मिश्रा कॉलोनी, चंपापुरवा, आनंद नगर, सुभाष नगर, ऋषिनगर, गोपीनाथपुरम, नेहरू नगर, अंबिकापुरम, गायत्री नगर, भातूफार्म, आदर्श नगर, कंचन नगर, सर्वोदय नगर, गांधी नगर, प्रेम नगर, रामनगर, डॉक्टर कॉलोनी, बिंदा नगर, श्रीनगर, गंगानगर, मनोहर नगर, शक्तिनगर, इन्द्रानगर और सीताराम कॉलोनी समेत आधा सैकड़ा से अधिक स्थानों पर प्रतिवर्ष होलिका दहन किया जाता है। लकड़ियों की आग से कई बार सड़कों की सतह खराब हो जाती है। ईओ मुकेश मिश्रा के निर्देश पर 28 वार्डों में सर्वे कराकर होलिका स्थलों को चिन्हित किया गया है। पहले दिन कई स्थानों पर बालू डाली गई, जबकि शेष वार्डों में भी कार्य जारी रहेगा। ईओ ने बताया कि नगर के कुल 182 होलिका दहन स्थलों पर बालू डलवाई जाएगी, जिससे आग की तपिश से सड़कों को सुरक्षित रखा जा सके।


पालिका की ओर से होलिका स्थल पर डलवाई जाती बालू।

● नगर पालिका ने की इंटरलॉकिंग, डामर व आरसीसी की सड़कों को बचाने की पहल

# कमरे में फंदे से लटकता हुआ मिला छात्र का शव

**उन्नाव, अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र के वनकी माता मंदिर मोहल्ला निवासी कक्षा 11 के छात्र ने अपने कमरे में फंदे से लटक कर जान दे दी। जानकारी होने पर परिजन उसके जीवित होने की आस में अस्पताल लाए। जहां उसे मृत घोषित कर शव मोर्चरी भेजा गया।

आदर्श नगर वनकी माता मंदिर मोहल्ला निवासी जयशंकर पहले विदेश में नौकरी करते थे। दो साल से वह शहर के पीडी नगर में फास्ट फूड की दुकान किए है। पत्नी लखनऊ में रेलवे की ग्रुप डी कर्मी है। जयशंकर के मुताबिक उनका छोटा बेटा तनिष्क यादव (17) कक्षा 11 का छात्र था। बताया कि वह अक्सर अपना कमरा बंद कर पढ़ाई करता था। रविवार सुबह करीब 10 बजे मां ललिता ने उसे नाश्ता करने के लिए बुलाने गई तो दरवाजा अंदर से बंद था। खिड़की से झांक के देखा तो बेटे को फांसी पर लटका देख उसकी चीख निकल गई। अन्य परिजनों ने पड़ोसियों की मदद से वीडियो बना कर शव नीचे उतार कर जिला अस्पताल लाए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंपा है। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्रा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजन आत्महत्या करने की वजह नहीं बता सके। अभी परिजनों का कोई आरोप नहीं है।

# सीएमओ ने परखीं स्वास्थ्य सेवाएं

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार:** सीएमओ ने नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का रविवार को औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत परखने के साथ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। अवकाश के दिन सीएमओ के अचानक पहुंचने से स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप मचा रहा।

सीएचसी पहुंचे सीएमओ डॉ. सत्यप्रकाश ने इमरजेंसी कक्ष, महिला वार्ड, फार्मेसी व अस्पताल परिसर की साफ-सफाई का जायजा लिया। फार्मासिस्ट प्रदीप कुमार से दवाओं की उपलब्धता और स्टॉक रजिस्टर की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि मरीजों को आवश्यक दवाएं अस्पताल से ही उपलब्ध कराई जाएं। बाहर से दवा न लिखे। यदि किसी डॉक्टर ने बाहर से दवा या जांच लिखी तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने भर्ती मरीजों व उनके तीमारदारों से बात कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का फीड बैक लिया। महिला वार्ड में भर्ती प्रसूता से उपचार संबंध में जानकारी ली। चिकित्सक डॉ. जितेंद्र सिंह को व्यवस्थाएं और बेहतर करने के निर्देश दिए। सीएमओ ने स्पष्ट कहा कि साफ-सफाई और इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अवकाश के दिन सीएमओ के पहुंचने पर स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप मचा रहा।


इमरजेंसी कक्ष का निरीक्षण करते सीएमओ। ● अमृत विचार

## पारिवारिक विवाद में महिला ने दी फंदे से लटक कर जान

**उन्नाव, अमृत विचार :** पति से हुए विवाद के बाद महिला ने फंदे से लटक कर जान दे दी। सुबह परिजनों को इसकीं जानकारी हुई तो उनमें कोहराम मच गया। पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के सहरावां गांव के मजरा दरियार खेड़ा गांव निवासी रानी प्रजापति (35) पत्नी रामधनी ने बीती रात अपने कमरे में फंदे से लटक कर जान दे दी। पति ने बताया कि शनिवार देर रात रुपये के लेनदेन को लेकर उसका पत्नी से विवाद हुआ था। बाद में मामला शांत होने पर सभी अपने-अपने कमरे में सो गए। सुबह जब बच्चे जागे तो मां का शव फंदे से लटका देख शोर मचाया। इस पर पड़ोसियों की मदद से शव को नीचे उतारा और पुलिस को सूचना दी। एसओ अरविंद पांडेय ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पिता यदि तहरीर देंगे को जांच की जाएगी।

## पैट्रियाट शिक्षा संस्थान में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर किया मंत्रमुग्ध

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** पैट्रियाट शिक्षा संस्थान, डीह उन्नाव में रविवार को वार्षिकोत्सव 'ज्योतिका' का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना, गुरु वंदना तथा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम 'पाषाण काल से आधुनिक युग तक भारत की विजय गाथा' रही, जिसमें सतयुग, त्रेतायुग, द्वापर और कलयुग के साथ मुगलकाल, छत्रपति शिवाजी महाराज की वीरगाथा तथा भारत की चंद्रमा तक की उपलब्धियों को आकर्षक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शाया गया। विद्यार्थियों ने विष्णु स्तुति, गणेश वंदना, महिषासुर मर्दिनी, हनुमान चालीसा, शहीद भगत सिंह, झांसी की रानी, कृष्ण लीला, योगा डांस, महाभारत, अंधेर नगरी चौपट राजा, परिधान शो, 'जिंदगी एक सफर है सुहाना' तथा राधा-कृष्ण की ब्रज होली जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग उत्तर प्रदेश प्रतिभा शुक्ला, शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल, सदर विधायक पंकज गुप्ता, पूर्व एमएलसी अरविंद कुमार त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता भानु मिश्रा एवं रिटायर्ड एडीजेसी बालकृष्ण बाजपेई मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत गीता मिश्रा ने करते हुए प्रगति आख्या प्रस्तुत की। अंत में संस्था के प्रबंधक स्वास्तिक मिश्र ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

# मजलिस में खामनाई की मौत पर जताया दुख

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** शहर के चौधराना स्थित शिया जामा मस्जिद में रविवार को मजलिस और शोक सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता आयतुल्ला अली ख़ामनाई से जुड़ी हालिया अंतरराष्ट्रीय घटनाओं और हमलों की खबरों के संदर्भ में आयोजित किया गया। इस दौरान शिया समुदाय के लोगों ने वैश्विक हालातों पर गहरा दुख और चिंता व्यक्त की।

कार्यक्रम का आगाज़ तिलावत-ए-कुरआन से हुआ, जिसके बाद बड़ी संख्या में मौजूद अकीदतमंदों ने खिराज-ए-अकीदत पेश किया। मजलिस को संबोधित करते हुए पेश इमाम मौलाना रज़ा अब्बास और मौलाना आबिद अब्बास ने आयतुल्ला ख़ामनाई के धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उलेमाओं ने कहा कि मुस्लिम जगत में उनकी भूमिका अत्यंत प्रभावशाली रही है और उन्होंने सदैव वैश्विक मुद्दों पर अपनी स्पष्ट राय रखी है। मजलिस के दौरान वक्ताओं ने अंतरराष्ट्रीय संघर्षों पर चिंता जताते हुए दुनिया में शांति, अमन और न्याय इंसाफ की दुआ की। मजलिस में दुआ और फातिहा पढ़ी गई। इस दौरान माहौल काफी गमगीन रहा और कई लोगों की आंखें नम दिखीं।


शिया जामा मस्जिद के बाहर शोक व्यक्त करते लोग। ● अमृत विचार

## हाईवे पर ट्रक में पीछे से घुसा डंपर, चालक घायल

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव) अमृत विचार :** कानपुर-लखनऊ हाईवे पर रविवार सुबह कनोड़िया पेट्रोल पंप के पास ट्रक और डंपर की टक्कर से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त वाहन बीच सड़क पर खड़े हो जाने से हाईवे पर करीब चार घंटे तक रुक-रुक कर जाम लगा रहा, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार सुबह करीब छह बजे चूनी-भूसी लदा ट्रक हाईवे से गुजर रहा था। इसी दौरान बलरामपुर निवासी साजन (27) गिट्टी लादकर डंपर से उन्नाव की ओर जा रहा था। कनोड़िया पेट्रोल पंप के पास डंपर अनियंत्रित होकर ट्रक में पीछे से जा घुसा। हादसे में डंपर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर जाजमऊ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। दुर्घटना के कारण दोनों लेनों पर लंबा जाम लग गया।

# दुल्हन के जेवर चोरी करने वाला पुलिस के हत्थे चढ़ा

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव) अमृत विचारः** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आजाद नगर स्थित गेस्टहाउस में शादी समारोह के दौरान दुल्हन के जेवर चोरी करने वाले शातिर चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को चोरी के जेवरात सहित पकड़कर न्यायालय भेज दिया गया है।

कोतवाली प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि पोनी रोड श्रीनगर निवासी मनोज गुप्ता की बेटी की शादी 20 फरवरी को राजधानी मार्ग स्थित सोना पैलेस गेस्टहाउस में थी। समारोह के दौरान चोर ने दुल्हन के बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे जेवरात पार कर दिए थे। घटना के बाद पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को उपनिरीक्षक मो. मुस्ताक ने हमराह पुलिस बल के साथ मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपी मो. अनीस पुत्र मो. रफीक निवासी रामलीला मैदान हाता के पीछे, रेलबाजार कानपुर नगर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से एक पीली धातु की नथनी, चांदी का सिक्का तथा सफेद धातु का एक अन्य आभूषण बरामद किया। आवश्यक कार्रवाई के बाद आरोपी को कोर्ट भेज दिया गया।

## आर्य युवा दल ने विनय मिश्रा का किया सम्मान

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** आर्य युवा दल द्वारा रविवार को सहजनी स्थित महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित कर कानपुर बार एसोसिएशन के नव-निर्वाचित महामंत्री विनय मिश्रा का भव्य सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद उन्हें अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में अधिवक्ता समाज, सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक, क्षेत्रीय मीडिया प्रतिनिधि और आर्य युवा दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शुक्लागंज प्रेस क्लब अध्यक्ष मयंक शुक्ला ने की। इस अवसर पर यूपी राइस मिलर एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय शुक्ला, शिवकुमार पालीवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आर्य युवा दल के संस्थापक ऋषभ श्रीवास्तव ने कहा कि लोकतंत्र में अधिवक्ता समाज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वहीं विनय मिश्रा ने अधिवक्ताओं के हितों के लिए कार्य करने और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया।


महामंत्री का स्वागत करते अध्यक्ष मयंक शुक्ला व अन्य।

## प्राची पांडेय ने इंदौर में जीता पैरा टेबल टेनिस में गोल्ड

**उन्नाव, अमृत विचार :** शहर के जुराखन खेड़ा की रहने वाली होनहार खिलाड़ी प्राची पांडेय ने इंदौर में आयोजित राष्ट्रीय पैरा टेबल टेनिस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में 26 से 28 फरवरी तक आयोजित इस दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश भर के दिव्यांग खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। प्राची ने टूर्नामेंट के दौरान शुरू से ही आक्रामक खेल दिखाया। मुकाबले में उनका सामना गुजरात की खिलाड़ी से हुआ, जिसे प्राची ने 3-1 के अंतर से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। प्राची की यह जीत कोई इत्तेफाक नहीं है। इसी महीने उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर अपनी फॉर्म का संकेत दे दिया था। इससे पहले भी वह स्पेन, नाइजीरिया और मिस्र जैसे देशों में पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय पटल पर जिले और देश का नाम रोशन कर चुकी हैं। प्राची की इस जीत पर खेल जगत में खुशी की लहर है। जिला क्रीड़ा अधिकारी मुकेश सब्बरवाल समेत अश्वनी कुमार शुक्ला, कुशमेश कुमार, सोनू सिंह और मयंक कुमार ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

सौगात | सुविधा के लिए आकर्षक लैंडस्केपिंग, हरियाली व टहलने के लिए सुव्यवस्थित पाथवे होगा

# आवास विकास में हुआ तुलसी वाटिका का लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** नगर पालिका परिषद् द्वारा आवास विकास सी-ब्लॉक में नवनिर्मित पार्क तुलसी वाटिका का लोकार्पण रविवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा-अर्चना और फीता काटकर किया गया।

पार्क का उद्घाटन करते हुए नगर पालिका अध्यक्षा श्वेता भानू मिश्रा ने इसे क्षेत्र की जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा नगर के संतुलित और सतत विकास के लिए हरित क्षेत्रों का विस्तार अनिवार्य है। तुलसी वाटिका न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक पहल है, बल्कि यह बच्चों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों को एक सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण भी प्रदान करेगी। इस दौरान उन्होंने पार्क परिसर में तुलसी का पौधा रोपित कर भारतीय संस्कृति और प्रकृति के जुड़ाव का संदेश दिया। कार्यक्रम में निवर्तमान जिलाध्यक्ष भाजयुमो प्रवीण मिश्रा भानू ने पार्कों की उपयोगिता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में बच्चों का मोबाइल और टीवी से दूर रहकर मैदानों में समय बिताना उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इससे बच्चों में टीम भावना और आत्मविश्वास का संचार होता है। पालिका प्रशासन के अनुसार, इस पार्क में नागरिकों की सुविधा के लिए आकर्षक लैंडस्केपिंग, हरियाली, टहलने के लिए सुव्यवस्थित पाथवे, बच्चों के लिए आधुनिक खेल उपकरण, बैठने की समुचित व्यवस्था और प्रकाश व्यवस्था। लोकार्पण के अवसर पर अध्यक्षा नन्हे-मुन्ने बच्चों को चॉकलेट और टॉफियां वितरित कीं, जिससे बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर भाजपा नेता रमाकांत चौरसिया, प्रिया चौरसिया, डॉ. नेहा सिंह, डॉ. अवनीश सिंह, इकबाल जावेद, पृथ्वीनाथ दरोगा, योगेन्द्र शुक्ला, अमरनाथ शुक्ला, अमोल श्रीवास्तव अन्य मौजूद रहे।


लोकार्पण के बाद तुलसी का पौधा रोपित करतीं पालिका अध्यक्ष श्वेता मिश्रा।

## विद्यालय में रंगारंग होली उत्सव संपन्न

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** डिवाइन मिशन एवं डॉन बॉस्को स्कूल, कल्याणी देवी में होली की पूर्व संध्या पर रंगारंग होली उत्सव का आयोजन बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को होली के महत्व बताते हुए सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने के संदेश के साथ हुई। इस अवसर पर बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में होली से जुड़े गीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश भी दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रतिमा सहाय ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, सद्भाव और सकारात्मकता का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण के अनुकूल एवं सुरक्षित तरीके से होली मनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा।


स्कूल में मनाया जाता होली उत्सव।

समस्त जनपद वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
सतगुरु शरण
प्रधानाध्यापक
पीएम श्री कंपोजिट स्कूल सहरी,
विकासखंड सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
कमल किशोर यादव (लल्लन)
ग्राम प्रधान
भवानियापुर, विकासखंड बनीकोडर, बाराबंकी

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
महेशचंद्र यादव
ग्राम रोजगार सेवक
विकासखंड बनीकोडर, बाराबंकी

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
योगेंद्र मिश्रा
जिला महासचिव
पूर्व माध्यमिक अनुदेशक कल्याण समिति, बाराबंकी

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश कुमार गौतम
एडवोकेट
सदस्य जिला पंचायत, दरियाबाद तृतीय, बाराबंकी
प्रभारी अयोध्या मण्डल, बहुजन समाज पार्टी

आप समस्त क्षेत्र वासियों को
होली
ईद उल फितर एवं रामनवमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
इं.अमन वर्मा 'मन'
एडवोकेट
सुशील कुमार वर्मा
क्षेत्र पंचायत सदस्य
ग्राम-तस्वापुरवा, पो0 निजिरपुर रसूलपुर किदवई बाराबंकी

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
विजय सिंह
प्रो.- मां चन्द्रिका आटोमोबाइल्स
अवसानेश्वर रोड, हैदरगढ़, बाराबंकी
मो.- 7985998181

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
शिव कुमार वर्मा
समासद
आलापुर, बाराबंकी

समस्त क्षेत्रवासियों को
होली रामनवमी
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
नीरज वर्मा
जिला पंचायत क्षेत्र सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

समस्त क्षेत्र वासियों को
होली एवं रामनवमी
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
राम सिंह वर्मा 'भुल्लन'
जिलाध्यक्ष-भाजपा बाराबंकी
गुरदीप सिंह सिद्धू 'एडवोकेट'
9454277730, 9415073171
पुत्र स्व0 सुधीर कुमार सिंह 'सिद्धू'
पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा, बाराबंकी

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
फूल चंद
प्रधान
ग्राम पंचायत दतौली चंदा, हैदरगढ़, बाराबंकी

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
जतिन चौधरी
प्रो.- स्वागत रेस्टोरेंट
लखनऊ सुल्तानपुर रोड, हैदरगढ़, बाराबंकी

समस्त जनपद वासियों को इन्द्रधनुषी रंगों के त्योहार
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
अनुज द्विवेदी (दीपू)
अध्यक्ष
इन्हौना रजवाहा समिति, अमेठी

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
कृष्ण कुमार शुक्ला
प्रो.- उर्वशी आटो सेल्स एंड सर्विस
पोस्ट आफिस के सामने
लखनऊ-सुल्तानपुर रोड, हैदरगढ़, बाराबंकी
मो.- 9415059352

समस्त क्षेत्रवासियों को
होली
नवरात्रि एवं रामनवमी
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं !
मा0 सतीशचन्द्र शर्मा जी
राज्यमंत्री उ.प्र. सरकार
सुन्दरम शर्मा
नगर पंचायत-दरियाबाद

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
अखंड सिंह
जेई प्रांतीय खंड
पीडब्ल्यूडी, बाराबंकी

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
राजीव मोहन चौधरी
प्रधान, ग्राम पंचायत रनापुर
हैदरगढ़, बाराबंकी

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. शैलेंद्र वर्मा
सुमन हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर
निकट लखनऊ-अयोध्या हाईवे बाईपास,
हैदरगढ़ रोड, फतहाबाद, बड़ेल, बाराबंकी

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
बाला जी टेन्ट हाउस
प्रो. एस के मिश्रा, एडवोकेट, हाईकोर्ट
सम्पर्क सूत्र - 9415575051, 9956786507

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
मायाराम यादव
प्रदेश प्रभारी
भारतीय किसान यूनियन धर्मेंद्र, उत्तर प्रदेश

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
सहदेव मौर्य
अधिवक्ता
सिविल कोर्ट बाराबंकी
पैनल अधिवक्ता- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बाराबंकी
मो0- 9793882300

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. आरती यादव
एमबीबीएस, एमडी
मनोचिकित्सक
जिला अस्पताल, बाराबंकी
डॉ. नूपुर प्रिया पांडेय
एमबीबीएस एमडी
मनोचिकित्सक
जिला अस्पताल, बाराबंकी

होली समस्त जनपद वासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं
लकी ट्रांसपोर्ट कंपनी
प्रो.- सर्वेश कुमार
कोटवा सड़क, रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**मुकद्दस रमज़ान**



- 12 वां रोजा-
- अफ्तार-सोमवार 6:11 बजे
- 13वां रोजा-
- सहरी-मंगलवार 5:14 बजे।

**न्यूज ब्रीफ**

## पेड़ काटने के विवाद में हुई मारपीट, छह लोग घायल व दो रेफर

**बिलग्राम, हरदोई।** थाना क्षेत्र के उतम पुरवा गांव में शनिवार शाम को पेड़ काटने को लेकर दो पक्ष भिड़ गए। देखते ही देखते कहासुनी ने उग्र रूप ले लिया और दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में कुल छह लोग घायल हो गए, जिनमें दो को रिफर किया गया है। एक पक्ष से विष्णु पाल ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोग पेड़ काट रहे थे पेड़ काटने को लेकर विवाद हुआ। विरोध करने पर आरोपी पक्ष के लोगों ने उन पर हमला कर दिया। मारपीट में वे तथा उनके पुत्र सुधीर, सुमित, संदीप और ममता घायल हो गए। दूसरी ओर दूसरे पक्ष से सत्यपाल भी घायल हुए उन्होंने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद ममता व सुमित की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है मेडिकल परीक्षण कराया गया है रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। मामले की जांच की जा रही है।

# मलकापुर डकैती में शामिल बदमाश मुठभेड़ में घायल

## 25-25 हजार के 3 इनामिया गिरफ्तार, दो कांस्टेबल घायल

संवाददाता शाहाबाद, हरदोई



मुठभेड़ में घायल इनामिया बदमाश। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मलकापुर मे हुई डकैती के मामले में 25-25 हजार रुपये के तीन इनामिया बदमाशों को पुलिस ने रविवार भोर में मुठभेड़ में गोली मारकर कर गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों से हुई मुठभेड़ में दो कांस्टेबल भी घायल हुए हैं। बदमाशों के पास से पुलिस ने नगदी और तमंचे बरामद किये है। 10 फरवरी को सुबह करीब 3 बजे ग्राम मलकापुर में अनीस खां पुत्र नसीर खां के घर में चार पांच अज्ञात बदमाश घुस गए, तथा उन्हें बंधक बनाकर घर में रखे 30 हजार रुपए की नगदी व आभूषण लूट ले गए। सूचना पर उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। अनीस खां की तहरीर पर डकैती का मुकदमा लिखा गया। आईजी जोन और पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना के सफल एवं शीघ्र अनावरण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक सर्किल शाहाबाद के निर्देशन में टीमों का गठन कर लगाया गया। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा उक्त घटना में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु 25-25 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया था। शनिवार रविवार की मध्य रात्रि में कोतवाली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियो, वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही थी।मुखबिर की सूचना पर निर्माणाधीन बाईपास के पास बाग मे पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर मौजूद बदमाशों की घेराबंदी की गयी। बाग में मौजूद बदमाशों द्वारा खुद को घिरा देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिंग की गयी। जिसमें यादराम उर्फ यादा पुत्र माखन लाल और धर्मेन्द्र गिरी पुत्र हरपाल गिरी निवासीगण नौगमा पकड़िया थाना सुनगढी जनपद पीलीभीत दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गए तथा समोल मण्डल पुत्र उपेन मण्डल निवासी भरतपुर थाना न्यूरिया जनपद पीलीभीत को भी मौके से गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से 17,520 रुपये नगद, व तीन तमंचे 315 बोर, 5 जिंदा कारतूस एवं 5 खोखा कारतूस बरामद किये गए। मुठभेड़ में कांस्टेबल मंगेश व मनोज भी घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मी व अभियुक्तों को उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया।गिरफ्तार यादराम पर पीलीभीत जनपद के विभिन्न थानों में बाइस मुकदमे दर्ज हैं। एएसपी शाहाबाद आलोक राज नारायण ने बताया मलकापुर में अनीस खां के यहां पड़ी डकैती के मामले में 25-25 हजार के इनामी तीन वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है उनमें से दो अपराधी मुठभेड़ में पुलिस की गोली से घायल हुए हैं जिन्हें इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया गया है। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार करने वाली पलिस टीम में शाहाबाद कोतवाली प्रभारी अरविन्द कुमार राय, नि. उदय भान यादव, उ.नि. राजेश कुमार चौधरी, मो. अमजद,अरविन्द कुमार यादव,सोमल राम पासवान,हरदीप यादव, अतुल कुमार गुप्ता, हे. का. लोकेश भट्ट, जंगबहादुर, रामआसरे, का. सम्राट, नितिन तोमर,गुंजन गिल, कंचन, मंगेश, मनोज, फैसल हुसैन, उमेश कुमार, नागेन्द्र कुमार, प्रेम सिंह, फुलकुंवर,स्वाट/सर्विलांस व एसओजी के प्रभारी उ.नि. राजेश कुमार,अब्दुल जब्बार और उनकी टीम शामिल रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** शौच के लिए जा रहा बुज़ुर्ग रेलवे ट्रैक पार करने लगा,उसी बीच ट्रेन आ गई,जिसकी चपेट में आने से उसकी वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई। इसका पता होते ही पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। बताया गया है कि कोतवाली देहात के कोरिया निवासी 65 वर्षीय भुनकू रविवार की भोर पहर शौच के लिए जाते हुए गांव के करीब से निकले रेलवे ट्रैक को पार करने लगा,उसी बीच ट्रेन आ गई,जिसकी चपेट में आने से उसकी वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई। उसी बीच गांव के लोग उधर पहुंचे और भुनकू का शव पड़ा देखा।पुलिस ने शव कब्जे में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया।

# सड़क हादसे में देवर की गयी जान

## भाभी को मायके छोड़कर लौट रहा था, बरगद चौराहे पर हुआ हादसा

संवाददाता हरदोई

**अमृत विचार।** भाभी को उसके मायके छोड़ कर वापस लौट रहे बाइक सवार देवर को बेकाबू ट्रैक्टर-ट्राली ने टक्कर मार दी,जिससे वह बुरी तरह ज़ख्मी हो गया,उसे मेडिकल कालेज से हायर सेंटर लखनऊ के लिए रिफर कर दिया गया। जहां से उसे दिल्ली ले जाया जा रहा था। उसी दौरान उसकी रास्तें में मौत हो गई। पुलिस जांच कर रही है। बताया गया है कि पाली थाने बाबर पुर निवासी दीनदयाल बाजपेई का 19 वर्षीय पुत्र किशन बाजपेई अपने तीन भाइयों और दो बहनों मे छोटा था,वह पाली के पन्त इण्टर कालेज में 11 वीं की पढाई कर रहा था। किशन 23 फरवरी की शाम भाभी शिवानी पत्नी रवि को उसके मायके गौहाना छोड़कर बाइक से वापस लौट रहा था,उसी बीच रास्तें में कस्बे के बरगद चौराहा के पास पहुंचते ही बेकाबू ट्रैक्टर-ट्राली ने ज़ोरदार टक्कर मार दी जिसमें किशन बुरी तरह घायल हो गया।



## बस से उतरते समय सड़क पर गिरा वृद्ध

**बिलग्राम, हरदोई।** बाजार आए एक वृद्ध व्यक्ति अचानक बस से उतरते समय सड़क पर गिर पड़े, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार धनीराम पुत्र शहजादे (65) निवासी ग्राम महमदपुर थाना माधोगंज, बाजार करने के लिए बिलग्राम आए थे। जैसे ही वह बस से उतर रहे थे, अचानक संतुलन बिगड़ने से सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल वृद्ध को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि गिरने से उनके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई है। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है। घटना के बाद बस अड्डे पर कुछ देर के लिए लोगों की भीड़ जुट गई।

# 36 घंटे बाद काम पर लौटे सफाई कर्मचारी

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई



रविवार को सड़कों पर सफाई करते कर्मचारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद में 36 घंटों से अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे सफाई कर्मचारी उच्च शिक्षा राज्य मंत्री के हस्तक्षेप के बाद काम पर वापस लौट आए हैं। रविवार को दोपहर दो बजे के बाद सफाई कर्मचारियों ने नगर को साफ करने का कार्य प्रारंभ कर दिया। आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों का फरवरी माह का वेतन गुरुवार को उनके खाते में पहुंच जाने का आश्वासन दिया गया है। 36 घंटे से फरवरी माह के वेतन की मांग को लेकर हड़ताल पर गए आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों ने गदर काट दिया। सड़कों पर रख कूड़े दानों से निकाल कर कूड़ा सड़कों पर फेंका। नालियों को चोक कर दिया, जिससे पूरा शहर गंदगी में तब्दील हो गया और चारों तरफ बदबू ही बदबू उठने लगी। दुकानदारों और क्षेत्र वासियों का जिन मुहाल हो गया। आपको बता दें रार आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को वेतन देने वाली फार्मो को ब्लैकलिस्टेड किए जाने के बाद शुरू हुई थी। अधिशासी अधिकारी ने वेतन देने वाली फर्मों को ब्लैकलिस्टेड किया। उसके बाद सफाई कर्मचारियों का वेतन रुक गया। सफाई कर्मचारी नाराज हो गए और हड़ताल पर चले गए। आठ दिन की हड़ताल के बाद डूडा से सफाई कर्मचारियों को एक माह का वेतन दिया गया। दूसरे माह का वेतन नहीं मिला जिससे नाराज होकर शुक्रवार से सफाई कर्मचारियों ने फिर हड़ताल कर दी। इससे पूर्व अधिशासी अधिकारी के के सोनकर अकाउंटेंट द्वारा आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों के वेतन बिल बनाने में की जा रही लापरवाही और हाई कोर्ट में जवाबदेह हो जाने के कारण डिप्रेशन में चले गए और कार्यालय में गिरकर बेहोश हो गए। उन्हें सीएचसी से मेडिकल कॉलेज हरदोई में भर्ती कराया गया। तब से अब तक अधिशासी अधिकारी के के सोनकर मेडिकल लीव पर हैं। इधर सफाई कर्मचारियों ने नगर में प्रदर्शन करते हुए कूड़े दानों में भरा हुआ कूड़ा निकलकर सड़क पर फेंक दिया। नालियां बंद कर दी। जिससे गंदा पानी सड़कों पर वह निकला। बदबू से दुकानदार और नागरिक परेशान हो उठे।

# सिद्धनाथ बाबा को विद्युत आपूर्ति की मंजूरी

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

**अमृत विचार।** विकास खंड भरावन के आदि गंगा गोमती तट किनारे लालपुर खाले गांव में स्थित सिद्धनाथ बाबा मन्दिर में विद्युत व्यवस्था को वर्षों से बदहाल रही। लालपुर खाले गांव तक विद्युत सप्लाई आती है लेकिन मन्दिर तक सप्लाई आज तक न पहुंची। जबकि सिद्धनाथ बाबा मन्दिर क्षेत्र का प्राचीन और प्रसिद्ध मन्दिर है जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओ का आवागमन रहता है। रात्रि में सीताराम जाप के चलते सैकड़ो श्रद्धालु रुकते हैं। जनपद हरदोई के एमएलसी अशोक अग्रवाल ने बताया मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के निदेशक को पत्र भेज कर आग्रह किया था, जिसके निर्देशन में मंजूरी मिलते हुये उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन में जनपद हरदोई के अधिशासी अभियंता बिजली विभाग के अधिकारी अजय कनौजिया नें दूरभाष पर बताया है कि 31 मार्च तक सिद्धनाथ बाबा मन्दिर पर विद्युत आपूर्ति पूर्ण की जायेगी। होली बाद कार्य शुरू हो जाएगा। सिद्धनाथ बाबा मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष गोकुल कश्यप ने बताया मन्दिर प्रांगण में विद्युत् सप्लाई की आवश्यकता अत्यंत रूप से थी। एम एल सी अशोक अग्रवाल का धन्यवाद देता हूं कई वर्षो से चल रही इस समस्या का निदान दिलाया और श्रद्धालुओ को सुविधाएं होंगी। सावनों में हजारों श्रद्धालु यहां रुकते हैं और प्रतिदिन सीताराम जाप के चलते कई श्रद्धालु बाहर से भी आकर यहां रुकते हैं।



अशोक अग्रवाल




सिद्धनाथ बाबा मंदिर लालपुर खाले। अमृत विचार

## गलत स्लोगन लिखने के बाद हरकत में आई नगरपालिका

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत नगर पालिका परिषद बिलग्राम द्वारा कराई गई वाल पेंटिंग उस समय चर्चा का विषय बन गई, जब दीवार पर लिखे गए स्लोगन में व्याकरणिक त्रुटि सामने आई। सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने के बाद लोगों ने इसे लेकर सवाल उठाने शुरू कर दिए। दीवार पर पहले "हम सबको जागरूकता होना चाहिए। प्लास्टिक प्रदूषण से देश महान होना चाहिए।" जैसे वाक्य लिख दिए गए थे, जिनमें भाषा और भाव दोनों स्तर पर गलती नजर आई। स्थानीय नागरिकों ने तस्वीरें साझा कर टिप्पणी की, जिसके बाद मामला तेजी से फैल गया। विवाद बढ़ने पर नगर पालिका प्रशासन हरकत में आया। कर्मचारियों को मौके पर भेजा गया और गलत लिखे गए स्लोगन को तत्काल प्रभाव से मिटाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कर्मचारी पहले लिखे गए शब्दों को पेंट से ढकते और सुधार की तैयारी करते दिखाई दिए। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अनिल राठौर ने इसे मानवीय भूल बताते हुए संबंधित फर्म को फटकार लगाई और सही संदेश के साथ दोबारा पेंटिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही नहीं होगी और अभियान की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## सड़क हादसे में पति की मौत, पत्नी घायल

**हरदोई, अमृत विचार।** होली की खरीदारी करने के बाद पति-पत्नी साइकिल से वापस घर जा रहे थे,उसी बीच रास्तें में बाइक की टक्कर से दोनों खाईं में जा गिरे,पति की वहीं मौत हो गई,जबकि पत्नी को गहरी चोंटे पहुंची। बताया गया है कि लोनार थाने के औहदपुर निवासी 35 वर्षीय गोकरन पुत्र लेक्खा रविवार को अपनी 30 वर्षीय पत्नी पूनम के साथ होली की खरीददारी के लिए जगदीशपुर की बाज़ार गया हुआ था,वहीं से दोनों साइकिल से वापस घर जा रहे थे,रास्तें में ऐजा फार्म से कुछ दूर धाकड़ पुरवा के पास तेज़ रफ्तार बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी,ज़ोरदार टक्कर से दोनों उछल कर सड़क के किनारे खाईं में जा गिरे,उसी बीच बाइक चला रहा युवक वहां से भाग निकला। पति को बेहोश देख कर उसकी पत्नी चिल्लाने लगी,कोई उसकी आवाज़ सुनता,लेकिन गोकरन की वहीं पर मौत हो गई।

## किन्नरों का हंगामा, मारपीट का लगाया आरोप



किन्नरों को समझाती पुलिस। अमृत विचार

**कछौना, हरदोई।** कस्बे में किन्नरों और दुकानदार के बीच त्योहारी वसूल लेकर विवाद हुआ। यह घटना स्टेशन हथौड़ा रोड पर आनंद कुशवाहा उर्फ बुद्धर नामक दुकानदार के कारखाने पर रविवार को घटी, जहां सड़क जाम हो गई। किन्नरों ने त्योहार के पैसे के रूप में 50 रुपये मांगे, जबकि दुकानदार बुद्धर ने 20 रुपये दिए। इससे विवाद बढ़ा और किन्नरों ने हंगामा काट दिया। चुलबुली नामक किन्नर ने बताया कि उनके चेलों काजल, स्वीटी, रिंकी पर दुकानदार और उसके बेटे ने लाठी-डंडों से हमला किया जिसमें हल्की चोटें आईं और पिंकी को चाकू मारा। दुकानदार बुद्धर का पक्ष है कि किन्नरों ने बदतमीजी की और कारखाने पर हंगामा मचाया क्योंकि पैसे कम थे। पुलिस पहुंची और समझाने में जुटी रही। पुलिस कार्रवाई थाना अध्यक्ष अमित सिंह ने कहा मामला संज्ञान में है। जांच हो रही है।

## दुष्कर्म के आरोपी को किया गया गिरफ्तार



पुलिस की गिरफ्त में दुष्कर्म का आरोपी। अमृत विचार

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के लिए न्यायालय भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 जनवरी को वादिनी द्वारा थाना बिलग्राम में तहरीर देकर आरोप लगाया गया था कि देवेश कुमार सिंह पुत्र वीरपाल सिंह निवासी ग्राम निकरा, थाना कांट, जनपद शाहजहांपुर ने उसके साथ गलत कार्य किया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर थाना बिलग्राम में मु0अ0सं0 36/2026 धारा 64(1)/74/82 बीएनएस के तहत नामजद अभियोग पंजीकृत किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम लगातार अभियुक्त की तलाश में जुटी थी। इसी क्रम में बिलग्राम पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त देवेश कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में अति.नि. हाकिम सिंह, उ.नि. अजय तोमर, का. मोनू चौधरी एवं का. रिजवान शामिल रहे। पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्रवाई प्रचलित है।

# राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति में दो बच्चों का हुआ चयन

**उपलब्धि**

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति की वार्षिक परीक्षा के परिणाम घोषित हो गए। इस परीक्षा में 1 लाख 57 हजार 721 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें से 14,925 परीक्षार्थी चयनित हुए।

विकास खंड सुरसा के उच्च प्राथमिक विद्यालय बरहा के दो विद्यार्थी भी इस परीक्षा के लिए चयनित हुए हैं। बरहा विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मंजू वर्मा ने अपने विद्यालय के प्रशांत यादव व हरिवंश को शुभकामनाएं दीं। दोनों ने छात्रवृत्ति परीक्षा में क्रमशः 44 वीं व 50 वीं रैंक हासिल की है। इन बच्चों को कक्षा नौ से 12 तक प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये कुल 48 हजार रुपये छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। विद्यालय परिवार सहित गांव वालों ने दोनों विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



प्रशांत यादव।



हरिवंश।

# पर्व को लेकर डीएम व एसपी ने किया मार्च

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जनपद में आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अनुनय झा एवं पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने रविवार को संयुक्त रूप से भारी पुलिस बल के साथ थाना कोतवाली शहर क्षेत्र के अंतर्गत सघन फ्लैग मार्च किया। इस दौरान दोनों उच्चाधिकारियों ने शहर के मुख्य चौराहों और बाजारों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया और आम जनमानस को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर भी पुलिस बल के साथ पूरी मुस्तैदी से मौजूद रहे। प्रशासन द्वारा स्पष्ट संदेश दिया गया कि त्योहारों के अवसर पर किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



शहर में गश्त करते डीएम और एसपी। अमृत विचार

**मल्लावां संवाददाता** के अनुसार कस्बे में रविवार की शाम को सीओ रवि प्रताप सिंह ने पुलिस फ़ोर्स के साथ सुभाष पार्क होते हुए छत्ताटोला, बड़ी बाजार गंगारामपुर , मोहिउद्दीनपुर, मिर्ज़ापुर चुंगी नंबर दो, राघौपुर रोड, छोटा चौराहा सहित अन्य जगहों पैदल गश्त किया। कोतवाल शिवाकांत पाण्डेय ने बताया कि होली त्यौहार पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के उदेश्य पैदल फ्लैग मार्च किया गया। उन्होंने होलिका दहन वाले स्थानों का निरीक्षण भी किया।

**बिलग्राम संवादाता** के अनुसार आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बिलग्राम पुलिस पूरी तरह सक्रिय नजर आई। थाना प्रभारी विजय कुमार के नेतृत्व में कस्बे के मुख्य बाजार, चौराहों और संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त की गई तथा आम नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च भी निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में पुलिस बल शामिल रहा। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि होली का त्योहार आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाएं।

## शिव मंदिर में सम्मान समारोह का आयोजन



समारोह में सम्मानित होते लोग। अमृत विचार

**भरखनी, हरदोई।** भरखनी द्वितीय क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी इंजीनियर मनोज कुमार कठेरिया एवं निवर्तमान मंडल अध्यक्ष जैनेंद्र प्रताप सिंह ने रविवार को क्षेत्र के सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर परिसर में होली के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में अनंगपुर मंडल के भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों एवं क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों को सम्मानित करते हुए उन्हें होली की शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर इंजीनियर मनोज कुमार कठेरिया ने कहा कि होली आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक पर्व है, जो समाज को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करता है। उन्होंने उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प दोहराया। सम्मान समारोह के दौरान होली के पारंपरिक उल्लास और सौहार्द का वातावरण देखने को मिला तथा उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं देकर सामाजिक एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन मनोज मास्टर ने किया।

# बाजार में जगह-जगह रंग, गुलाल और पिचकारियों की सजीं दुकानें

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** होली के त्योहार की धुन जगह-जगह छाई है। बाजार में बच्चों के लिए तरह-तरह के डिजाइनों की पिचकारियां बिक रही हैं। होली पर मेहमानों का स्वागत करने के लिए लोग अनेक प्रकार के पकवानों की खरीददारी करने में मशगूल हैं। बाजार में होली की चहल पहल तेज हो गई है। जगह-जगह रंग गुलाल व पिचकारियों की दुकानें सज गई हैं। तरह-तरह की डिजाइनों की पिचकारियां बच्चों को लुभा रही हैं। किसी को ड्रैगन वाली तो किसी को डोरेमान की पिचकारी लुभा रही है। बाजारों में होली की तैयारियों के चलते खाद्य पदार्थ विक्रेताओं ने अपनी दुकानों के बाहर बड़े-बड़े पंडाल सजा रखे हैं। समयाभाव के चलते अब घरों में पारंपरिक होली का नाश्ता बनना कम हो गया है, इसलिए बाजारों में चिप्स-पापड़ भी लोग जमकर खरीद रहे हैं।

**आज लगेगी होलिका में आग :** पूरे जिले में गांव से लेकर शहर तक होलिका दहन स्थलों पर होली सजाई गई है। दो मार्च को होलिका दहन किया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। राम जानकी मंदिर के मुख्य पुजारी मैथिलीशरण ने बताया कि दो मार्च को होलिका दहन होगा। इस दिन पूर्णिमा सायं पांच बज कर 15 मिनट पर लगेगी, जो मंगलवार 4 बजकर 33 मिनट तक रहेगी। यही वजह है कि होलिका दहन दो मार्च को होगा। महावीर पचांग के अनुसार होलिका दहन का मुहूर्त रात्रि 11 बजकर 53 मिनट से 12 बजकर 50 मिनट तक रहेगा। तीन मार्च को ग्रहण के कारण रंगोत्सव नहीं होगा।


**मंगलवार को बंद रहेंगे मंदिरों के कपाट:** मंगलवार को चंद्रग्रहण के चलते मंदिरों के कपाट बंद रहेंगे। ग्रहण के कारण इस दौरान पूजा पाठ नहीं किया जाएगा। राम जानकी मंदिर के पुजारी मैथिलीशरण ने बताया कि मंगलवार को चंद्रग्रहण पड़ रहा है। यह भारत में शाम लगभग छह बजे से प्रारंभ होकर शाम छह बजकर 48 मिनट तक रहेगा। ग्रहण में नौ घंटे पहले सूतक लग जाता है, इस कारण आरती व भोग के पश्चात प्रातः नौ बजे से श्री राम जानकी मंदिर के कपाट बंद हो जाएंगे जो शाम सात बजकर 20 मिनट पर खुलेंगे।



बच्चों का मनमोहती तरह-तरह की पिचकारियां। अमृत विचार



होली की खरीदारी करती महिला। अमृत विचार



**रोजा**

शिया
सहरी : 05.00 बजे
अफ्तार : 06.21 बजे

सुन्नी
सहरी : 05.07 बजे
अफ्तार : 06.10 बजे

# होली पर बाजारों में बढ़ी रौनक, उमड़ी भीड़

सीतापुर कार्यालय

## पिचकारी, रंग और गुलाल की दुकानों से सजे बाजार, 20 रुपये से 500 रुपये तक पिचकारियां उपलब्ध

**अमृत विचार :** शहर और कस्बे सहित ग्रामीण इलाकों में होली का उत्साह चरम पर है। 3 मार्च को होलिका दहन और 4 मार्च को धुलेंडी (रंग) के त्योहार को लेकर बाजार पूरी तरह सज चुके हैं। बाजारों में पिचकारी, रंग और गुलाल की दुकानों पर सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है। बच्चों के लिए 20 रुपये से लेकर 500 रुपये तक की पिचकारियां उपलब्ध हैं, जिनमें डोरेमोन, छोटा भीम और स्पाइडर मैन जैसे कार्टून चरित्रों की मांग सबसे अधिक है। इसके अलावा फैंसी मुखौटे और स्टाइलिश चश्मे भी युवाओं को आकर्षित कर रहे हैं। स्थानीय दुकानदार प्रदीप कुमार और रवि कुमार ने बताया कि खरीदारी शुरू होने से बाजार में अच्छी हलचल है और इस बार बेहतर कारोबार की उम्मीद है।



बाजार में बिकती पिचकारियां। अमृत विचार



नमकीन, पापड़ व अन्य सामान की खरीदारी करती महिलाएं।

### एसडीएम ने पुलिस बल के साथ नगर में किया पैदल गश्त

**लहरपुर।** आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। देर शाम उप जिलाधिकारी ने भारी पुलिस बल के साथ नगर के विभिन्न मार्गों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसडीएम ने नगर के प्रमुख बाजारों, खतराना चौराहा, सर्राफा बाजार, शहर बाजार, गुरखेत बाजार और मजाशाह चौराहा का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न होलिका स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस मौके पर नगर चौकी प्रभारी करतार सिंह, केशरीगंज चौकी प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।



पुराने शहर में गश्त करते आईजी रेंज लखनऊ और जिलाधिकारी। अमृत विचार

### आईजी ने डीएम के साथ परखी शहर की सुरक्षा

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** आगामी होली, रमजान और ईद के पर्वों को शांतिपूर्ण व सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए रविवार को प्रशासन ने कमर कस ली है। पुलिस महानिरीक्षक, लखनऊ परिक्षेत्र किरण एस. और जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने भारी पुलिस बल के साथ शहर के कजियारा मोहल्ले में रूट मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। रूट मार्च के दौरान अधिकारियों ने स्थानीय व्यापारियों और धर्मगुरुओं से सीधा संवाद किया। आईजी ने अपील करते हुए कहा कि सभी त्योहार आपसी भाईचारे और परस्पर सम्मान के साथ मनाएं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर है। पैदल गश्त के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) आलोक सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर विनायक भोसले सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रवृत्ति परीक्षा में जैतहिया कोडर के पांच बच्चों ने मारी बाजी

**सीतापुर।** रेउसा ब्लॉक क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय जैतहिया कोडर के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। जिसमें कक्षा आठ में अध्ययनरत गुड्डू यादव जिनकी रैंक-23, साबिया जिनकी रैंक-28, हिमांशु यादव जिनकी रैंक-32, रामसागर जिनकी रैंक-37 और राम धीरज जिनकी रैंक-45 है जिनका चयन इस प्रतिष्ठित छात्रवृत्ति के लिए हुआ है। शिक्षक अखिलेश कुमार प्रजापति के कुशल मार्गदर्शन और विशेष तैयारी के चलते बच्चों ने यह सफलता हासिल की है। चयनित छात्र-छात्राओं को कक्षा 9 से 12 तक प्रतिमाह 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। प्रभारी प्रधानाध्यापक जयप्रकाश वर्मा ने इसे विद्यालय के लिए गौरव का क्षण बताया।

### बकाया भुगतान न होने पर मजदूरों का धरना जारी

**सीतापुर।** मिल कटीली स्थित दारू पेपर मिल में श्रमिकों का धरना रविवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। मजदूरों का आरोप है कि लंबे समय से बकाया भुगतान न होने के कारण उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। श्रमिक बृजेश श्रीवास्तव और किसान नेता पिंदर सिंह सिद्धू ने कहा कि होली का त्योहार नजदीक है, लेकिन प्रशासन और मिल प्रबंधन मौन है। उन्होंने एलान किया कि यदि ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो सोमवार सुबह 9 बजे मजदूर लखनऊ कूच करेंगे। इस दौरान किसान मंच की प्रदेश अध्यक्ष अल्पना सिंह और ग्राम प्रधान विजय जैसवाल ने भी धरना स्थल पहुंचकर समर्थन दिया।

### रंजिश में हुई मारपीट

**बिसवां।** सकरन इलाके में पुरानी रंजिश के चलते गाली गलौज, मारपीट का मामला प्रकाश में आया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अभियोग दर्ज कर लिया है। सकरन क्षेत्र के ग्राम बेलवा बसहिया निवासी रंजना पत्नी विपिन आरोप लगाते हुए सकरन थानाध्यक्ष को बताया कि गांव के ही निवासी जीतेन्द्र, विकास पुत्रगण मिथिलेश, मिथिलेश पुत्र रामासरे पुरानी रंजिश मानते हैं। इसी के चलते देर शाम विपक्षियों ने घर पर आकर मारपीट की। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### मानपुर पुलिस ने निकाला पैदल मार्च

**सीतापुर।** आगामी होली और रमजान के त्योहारों को देखते हुए मानपुर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से थाना प्रभारी आशुतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस बल ने कस्बे के मुख्य बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल मार्च किया। थाना प्रभारी ने क्षेत्रवासियों को होली व रमजान की बधाई दी। इस मार्च में एसआई रामबृक्ष यादव, कांस्टेबल विनीत, रविंद्र, मोहित, शुभम और परवेश सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

### मिश्रिख पंचकोसी परिक्रमा में प्रसाद वितरण

**मिश्रिख / नैमिषारण्य।** मिश्रिख की पंचकोसीय परिक्रमा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सामाजिक संगठनों द्वारा प्रसाद वितरण, पेयजल आदि की व्यवस्थाएं की गईं। परिक्रमा के दौरान महर्षि दधीचि मंदिर की ओर से भी श्रद्धालुओं के लिए पूड़ी-सब्जी की व्यवस्था की गईं। परिक्रमा मार्ग पर सामाजिक संगठनों ने प्रसाद वितरण के साथ पेयजल का कार्य कराया।

### किशोर बिजली के खंभे पर चढ़ा

**हरगांव।** जनपद के हरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत मदारपुर गांव में शनिवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक 16 वर्षीय किशोर पारिवारिक विवाद के बाद बिजली के खंभे पर चढ़ गया। करीब दो घंटे तक चले हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद प्रशासन ने युवक को सुरक्षित नीचे उतारा। बताते हैं कि मदारपुर निवासी मोहित (16) पुत्र छविनाथ का अपने चचेरे भाई अनूप से विवाद हो गया। इसके बाद वो नशे की हालत में एलटी लाइन के खंभे पर जा चढ़ा। हंगामा होता देख परिजनों पहुंच गए। मौके पर पहुंचे हरगांव कोतवाली प्रभारी बलवंत शाही ने किशोर को सुरक्षित नीचे उतारा, तब परिजनों ने राहत की सांस ली।

# खामनेई के निधन पर फूटा आक्रोश, लगाए पोस्टर

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार:** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई के निधन की खबर से के शिया और सुन्नी दोनों समुदाय में गहरा आक्रोश देखा गया। पुराने सीतापुर स्थित 'बंगले वाली मस्जिद' में नमाज के बाद एक विशेष मजलिस का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में लोग शामिल हुए।

मौलाना इश्तियाक हुसैन ने खामनेई की शहादत पर शोक व्यक्त करते हुए अमेरिका की कड़े शब्दों में निंदा की और उसे 'कायर' करार दिया। मौलाना ने कहा कि इस्लामिक देशों के कई नेता खामोश हैं जो पूरी तरह से गलत है, कायरता है। कारी इस्लाम ने कहा कि 'एपिस्टीन फाइलों' का जिक्र करते हुए कहा कि कई देश अपनी कमजोरियों को छुपाने के लिए डर रहे हैं। बढ़ते विरोध-प्रदर्शन के बीच बड़ी संख्या में लोगों ने अयातुल्ला अली खामनेई के पोस्टर भी लगाए। उधर, स्थितियों के मद्देनजर शहर के मुख्य स्थानों पर पुलिस गश्त पर रही। ग्रामीण क्षेत्रों में भी पुलिस सक्रिय दिखी।



शिया धर्मगुरु मौलाना इश्तियाक



सुन्नी धर्मगुरु कारी इस्लाम

## पालिका अध्यक्ष ने तैयार कराया होलिका दहन स्थल

**लहरपुर। अमृत विचार,** होली पर्व को लेकर नगर क्षेत्र के विभिन्न होलिका दहन स्थलों पर पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने होलिका दहन के लिए लकड़ियां लगवा कर सांप्रदायिक एकता की पहल की। रविवार को पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने क्षेत्र के विभिन्न होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद हिंदू भाइयों को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए प्रथम बार सभी होलिका स्थलों पर अपने निजी संसाधनों से होलिका जलाने के लिए लकड़ियां उपलब्ध कराईं। इस मौके पर मयंक टंडन, गुड्डू मेहरोत्रा, उमंग मेहरोत्रा आदि उपस्थित थे।



नि:शुल्क चिकित्सा शिविर के दौरान उपस्थित किसान परिवार। अमृत विचार

### केवीके कटिया में स्वास्थ्य शिविर, 259 किसानों ने कराई जांच

**सीतापुर। अमृत विचार :** कृषि विज्ञान केन्द्र-द्वितीय कटिया में रविवार को किसानों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए 'निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर' का आयोजन किया गया। भारत विकास परिषद के सहयोग से आयोजित इस शिविर में विशेषज्ञों ने ग्रामीण अंचलों से आए अन्नदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रमोद कुमार धवन, डॉ. अनुराग गोयल, डॉ. हिमांशु शुक्ला, डॉ. सुनील वैश्य और सर्जन डॉ. ज्ञान प्रकाश गुप्ता की टीम ने अपनी सेवाएं दीं। चिकित्सकों ने हृदय, नेत्र और हड्डी रोगों से जुड़ी जांच कर उचित परामर्श दिया। इस दौरान मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. दया एस. श्रीवास्तव ने कहा कि स्वस्थ किसान ही उन्नत खेती से देश की प्रगति में योगदान दे सकता है। शिविर में उमेश प्रसाद तिवारी, वीएन श्रीवास्तव, ओम प्रकाश गुप्ता सहित भारत विकास परिषद के कई सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में कुल 259 किसानों ने अपनी जांच कराकर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाया।

## 20 अप्रैल तक धारा 163 लागू, पांच से अधिक व्यक्ति न हों एक पास

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** आगामी त्योहारों और बोर्ड परीक्षाओं के दृष्टिगत जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपर जिला मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 लागू कर दी है। यह प्रतिबंधात्मक आदेश 28 फरवरी से 20 अप्रैल तक प्रभावी रहेगा। एडीएम ने बताया कि होली, ईद, रामनवमी जैसे त्योहारों और यूपी बोर्ड व पुलिस भर्ती परीक्षाओं के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर सार्वजनिक स्थलों पर पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। किसी भी प्रकार के जुलूस, सभा या रैली के लिए सक्षम अधिकारी से पूर्व अनुमति अनिवार्य होगी। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट साझा करने या उत्तेजनात्मक भाषण देने पर कड़ी कार्रवाई होगी। सार्वजनिक स्थलों पर शराब, पान, गुटका और तंबाकू का सेवन प्रतिबंधित है। बिना अनुमति डीजे या लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं किया जा सकेगा। परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में फोटोस्टेट और साइबर कैफे बंद रहेंगे।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष।

### छात्र संघ बहाल करने वाले दल को मिलेगा समर्थन: सरोज तिवारी

**संवाददाता, कमलापुर। अमृत विचार :** अखण्ड युवा छात्र सभा व हिंदू युवा वाहिनी द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव ने की, जबकि संचालन ललित सिंह ने किया। सरोज तिवारी ने कहा कि समय की मांग है कि छात्र संघ चुनाव पुन: बहाल किए जाएं ताकि राजनीतिक चेतना से युक्त छात्र आगे आकर देश और प्रदेश के विकास में योगदान दे सकें। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सरोज तिवारी, मनोज तिवारी, बृजेश मिश्र, पवन उपाध्याय, ज्ञानेंद्र व संजय शुक्ला (पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष केकेसी) तथा चाणक्य सिंह चौहान सहित क्षेत्र के अनेक लोग उपस्थित रहे।

# छेड़छाड़ के साथ मारपीट छह लोग गंभीर, केस दर्ज

संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में शनिवार को आपसी विवाद और रंजिश के चलते मारपीट की तीन बड़ी घटनाएं सामने आईं, जिनमें महिलाओं समेत कई लोग घायल हो गए।

इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार रात घर में घुसकर ननद-भाभी से छेड़छाड़ की गई। विरोध करने पर आरोपी जर्नादन और उसके परिजनों ने पीड़ितों के साथ जमकर मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

वहीं, सकरन थाना क्षेत्र के बेलवा बसाहिया गांव में कच्ची शराब बनाने की शिकायत करना एक परिवार को भारी पड़ गया। दबंगों ने लाठी-डंडों से हमला कर महिला समेत तीन लोगों को लहूलुहान कर दिया। घायलों को सीएचसी सांडा में भर्ती कराया गया है।

**प्रेम विवाह को लेकर चले लाठी-डंडे:** इमलिया सुल्तानपुर के ही आलमपुर गांव में मर्जी से शादी करने पर युवक पप्पू को उसके ससुराल वालों ने बेरहमी से पीटा। बीच-बचाव करने आए ग्रामीण को भी चोटें आईं। पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस सभी मामलों में विधिक कार्रवाई की बात कह रही है।



मुख्य मार्ग को जमा कर प्रदर्शन करते साधु-संत व श्रद्धालु। अमृत विचार

### अंतिम पड़ाव चढ़ा अव्यवस्थाओं की भेंट, संतों ने किया चक्का जाम

**संवाददाता, मिश्रिख। अमृत विचार :** सुप्रसिद्ध 84 कोसी परिक्रमा के अंतिम पड़ाव मिश्रिख में व्यवस्थाओं के दावों की पोल खुल गई है। पंचकोसी मेले के औपचारिक उद्घाटन के अगले ही दिन संतों का गुस्सा फूट पड़ा। तंबौर गांजर से आए बाबा रमेश दास के नेतृत्व में साधु-संतों ने जलभराव और बदहाल सड़कों के विरोध में तहसील गेट के सामने चक्का जाम कर दिया। संतों का आरोप है कि शिकायत के बाद भी जलभराव की समस्या जस की तस बनी हुई है। जिलाधिकारी के जाते ही काम रोक दिया गया, जिसे संतों ने प्रशासन की 'दिखावे की कार्यप्रणाली' करार दिया। स्थानीय भाजपा नेताओं के आश्वासन पर जाम तो खुल गया, लेकिन आक्रोश बरकरार है। वहीं, मेला क्षेत्र में सामुदायिक शौचालयों में ताले लटके होने के कारण लाखों श्रद्धालुओं को खुले में जाने पर मजबूर होना पड़ रहा है। बदहाल सड़कों और बुनियादी सुविधाओं के अभाव ने शासन-प्रशासन के इंतजामों पर गंभीर सवालिया निशान लगा दिए हैं।

# मरीजों की संख्या रही कम, दी गई पर्व को लेकर सलाह

संवाददाता, लहरपुर।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री आरोग्य मेलों में होली पर्व के चलते विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कम संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचे। स्वास्थ्य केंद्रों पर नियुक्त डॉक्टरों ने रविवार को मरीजों को देखकर दवाईयां दी। बता दें कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आने वाले पांच प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मात्र 170 मरीज ही इलाज के लिए पहुंचे। जिनकी जांच कर दवाइयां दी गई। क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिलरिया में डॉ. आदित्य सिंह ने 44 मरीजों की, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ढखेरा में डॉक्टर तलत जहां ने 22 मरीज, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अकैचनपुर फरीदपुर में डॉ. प्रज्ञा शरण आंनद ने 20 मरीज, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खैरुल्लापुर में डॉ. रवि वर्मा ने 41 मरीज और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अकबरपुर में डॉक्टर अख्तर हुसैन ने 43 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर दवाइयां दीं। आयोजित किए गए आरोग्य मेलों के संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. अरविंद वाजपेई ने बताया कि बदल रहे मौसम के चलते अधिकांश मरीज त्वचा रोग, खांसी-जुकाम बुखार के आ रहे हैं।



आयुष्मान आरोग्य शिविर के दौरान चिकित्सीय परामर्श देते चिकित्सक।



किसान को जागरूक करते कृषि वैज्ञानिक। अमृत विचार

### गन्ना बुवाई व वैज्ञानिक खेती के प्रति किसान जागरूक

**संवाददाता, बिसवां। अमृत विचार :** दि सेक्सरिया बिसवां शुगर फैक्ट्री लिमिटेड द्वारा बसंतकालीन गन्ना बुवाई को लेकर किसानों को जागरूक करने के लिए वृहद किसान गोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सर्किल सांडा के ग्राम बोहरा भवानीपुर व सरैया मिर्जापुर में गोष्ठी संपन्न हुई। गोष्ठी में मिल के महाप्रबंधक डॉ. अनूप कुमार ने किसानों को ट्रेंच विधि, भूमि उपचार और उन्नत प्रजातियों कोसा 15023, 0118, 13235, 17231 के चयन की जानकारी दी। उन्होंने वैज्ञानिक तरीके से खेती कर उत्पादन बढ़ाने और सह-फसल के रूप में मूंग-उड़द की बुवाई पर जोर देते हुए कहा कि मृदा उर्वरता ही उत्पादकता की कुंजी है। इस अवसर पर मिल के प्रबंधक विमल मिश्रा, वरिष्ठ गन्ना विकास अधिकारी प्रभात कुमार सिंह व राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### शराब के ठेकों से ग्रामीण परेशान, कार्रवाई की मांग

**हरगांव।** थाना क्षेत्र की झरेखापुर चौकी अंतर्गत मोतीपुर गांव में आबादी क्षेत्र के पास स्थित अंग्रेजी, बीयर और देशी शराब की दुकानों के कारण ग्रामीणों का जीना दुश्वार हो गया है। झरेखापुर भाजपा मंडल अध्यक्ष कौशलेन्द्र सिंह ने बताया कि बाजार में भीड़भाड़ होने के बावजूद शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे महिलाएं सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। उन्होंने प्रशासन से तत्काल इस मामले का संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

### वर्षों पुराना होलिका दहन विवाद सुलझा

**हरगांव।** थाना क्षेत्र के उमरी सलेमपुर गांव में होलिका दहन स्थल को लेकर कई वर्षों से चला आ रहा दो पक्षों का विवाद प्रशासन की सूझबूझ से सुलझ गया। विवाद होलिका दहन स्थल के पास स्थित दूसरे समुदाय के एक मकान को लेकर था, जिससे दोनों पक्षों में काफी समय से मतभेद बने हुए थे। आगामी त्योहार को देखते हुए एसडीएम सदर धामिनी एम. दास, सीओ सदर नेहा त्रिपाठी और थाना प्रभारी बलवंत शाही भारी पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। अधिकारियों ने दोनों पक्षों को आमने-सामने बिठाकर वार्ता की और आपसी सहमति से मामला शांत कराया। इस दौरान झरेखापुर चौकी इंचार्ज राजेश कुमार सरोज भी मौजूद रहे।

### अवैध शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**नैमिषारण्य।** आबकारी विभाग ने अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाते हुए नैमिषारण्य के असरफनगर गांव में दबिश दी। यहां एक महिला को अवैध रूप से शराब बेचते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। टीम ने महिला के कब्जे से 24 लीटर अवैध शराब बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ दो अलग-अलग केस दर्ज किए हैं। कार्रवाई के दौरान उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी मिश्रिख की मौजूदगी में जसरथपुर, नारायणपुर और मधवापुर की दुकानों का भी औचक निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने दुकानों के स्टॉक रजिस्टर और सीसीटीवी फुटेज खंगाले।

### युवक का लटका मिला शव

**लहरपुर।** ग्राम नवाबनगर में 27 वर्षीय युवक का शव पेड़ से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, नवाब नगर निवासी रामस्वरूप का पुत्र सुनील कुमार (27) शुक्रवार रात घर से निकला था। सुबह ग्रामीणों ने गांव के पास स्थित दीवान बाग में एक कटहल के पेड़ से रस्सी के सहारे उसका शव लटकता देखा। सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि सुनील की शादी एक वर्ष पूर्व ही हुई थी और वह अपने पिता का इकलौता पुत्र था। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया मृतक के पिता की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

### साइबर अपराध व डिजिटल अरेस्ट पर हुई चर्चा

**सीतापुर।** श्री गांधी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवकों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य वक्ता आचार्य नरेंद्र देव प्रशिक्षण महाविद्यालय की प्रो. प्रनिता और प्रो. सुनील कुमार ने स्वयंसेवकों को वर्तमान में बढ़ रहे 'डिजिटल अरेस्ट' के खतरों से आगाह किया। उन्होंने बताया कि किस तरह सावधानी और तकनीकी समझ से इन अपराधों से बचा जा सकता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा और डॉ. गोपाल सिंह के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाली गई, जिसके बाद स्वयंसेवकों की टोलियों ने लोध पुरवा गांव में घर-घर जाकर ग्रामीणों को साइबर सुरक्षा के टिप्स दिए।



धू-धू कर जलता वाहन। अमृत विचार

### लाई लदे पिकअप में लगी आग, मची भगदड़

**महमूदाबाद।** कस्बे के रामकुंड चौराहे पर शुक्रवार रात बीआरसी कार्यालय के सामने खड़ी एक पिकअप वैन धू-धू कर जल उठी। देर रात हुई इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। राहगीरों के अनुसार, मोहम्मद सफी की पिकअप लाई से लदी हुई थी। ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक वाहन और सामान जलकर राख हो चुका था। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। प्रथम दृष्टया आग का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सावधान! नकली खोया बिगाड़ सकता है सेहत

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर,

**अमृत विचार :** होली पर्व नजदीक है, ऐसे में दूध और खोये की मानों बाढ़ सी आ गई है। आंकड़ों पर नजर डालें तो एक लाख लीटर के करीब डेरी, पशु पालकों आदि के माध्यम से दूध का प्रतिदिन उत्पादन है। इसमें से सहकारी संघ पराग से भी दूध की बिक्री होती है। कई निजी कंपनियां भी शहरों में दूध परोसती हैं। जिससे घरेलू उपयोग के अलावा पनीर, छेना, खोवा, दही आदि तैयार होता है। पर्व होने के कारण ये सब बाजार तीन गुना तक आ रहा है।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी एमपी सिंह कहते हैं कि त्योहार को देखते हुए मिलावट की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। इसको लेकर अभियान भी चलाया जा रहा है। शहर में मुख्य खाद्य अधिकारी अमित कुमार ने नगर स्थित लालबाग खोया मण्डी में 17 खोयादारों की सैंपलिंग की। ग्रामीण क्षेत्रों में भी अभियान जारी है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी का कहना है कि दूध को सतह पर डाला जाए, यदि उसमें पानी मिला होगा तो तेजी के साथ बहता हुआ जायेगा। यदि मिलावट नहीं की गई है, तो सतह पर धीरे-धीरे बहेगा और सतह पर सफेद लकीर बन जाएगी। हिला कर देखें यदि उसमें डिटर्जेंट मिलाया गया होगा तो झाग बनेगी और वो पानी छोड़ देगा।



लालबाग बाजार में खोया का नमूना लेते अधिकारी।

**जनपद में दुग्ध उत्पादन का औसत व खपत**

- **दुग्ध उत्पादन** – लगभग 1.00 लाख लीटर
- **दुग्ध कंपनी व समितियां द्वारा विक्रय** – 75 हजार लीटर
- **फुटकर दुग्ध की घरेलू आपूर्ति** – 25 हजार लीटर
- **पनीर, खोवा, छेना आदि में खपत** – 15 हजार लीटर
- **दही व अन्य में खपत** – 5 हजार लीटर

न्यूज ब्रीफ

### बाइक सवार दबंगों ने मारपीट कर युवक से छीने जेवरात

**बछरावां :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत महरौरा निवासी संदीप पुत्र पूर्णमासी (25) शनिवार की शाम बछरावां बाजार से सोने चांदी की खरीदारी कर घर लौट रहा था। रास्ते में सारी खेड़ा रेलवे क्रॉसिंग के पास घात लगाकर बैठे दो बाइक सवार छह लोगों ने रोक कर उसके साथ गाली गलौज व मारपीट कर उससे जेवरात से भरा बैग छीन लिया। युवक की चीख पुकार सुनकर दौड़े आसपास के लोगों को आता देख कर बाइक सवार दबंग मौके से फरार हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल को सीएचसी पहुंचाया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### एसएमसी अध्यक्षों और प्रधानों का रोहनिया में प्रशिक्षण

**रायबरेली :** रोहनिया विकासखंड में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) के अध्यक्षों और सचिवों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी रोहनिया डा. सत्य प्रकाश यादव के नेतृत्व में सभी ने प्रतिभाग किया।संदर्भदाता विनोद कुमार तिवारी ने सबको प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षणदाताओं ने रूपरेखा एवं विषय स्थापना, बाल अधिकार एवं बाल अधिकारों का संरक्षण आरटीई 2009 एवं आरटीई यूपी नियमावली 2011 पर जानकारी साझा की। प्रशिक्षक गौरव कुमार अवस्थी ने सामाजिक व्यवहार परिवर्तन एवं सामुदायिक सहभागिता, पॉजिटिव पैरेंटिंग एवं बच्चों की स्वच्छता पर चर्चा की। प्रशिक्षक सुशील कुमार ने एसएमसी संरचना, गठन, कार्यकाल, कार्यदायित्व ऑपरेशन कायाकल्प में एसएमसी की भूमिका पर समझ स्पष्ट की। महेन्द्र सिंह ने प्री स्कूल व ईसीसीई कार्यक्रम आदि पर शिक्षकों से चर्चा की। प्रशिक्षण में भूपेन्द्र कुमार गुप्ता और विजय प्रताप सिंह ने भी सहयोग प्रदान किया।

### अज्ञात चालक पर केस दर्ज

**महराजगंज (रायबरेली)।** पुलिस ने अज्ञात हाइड्रा चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि 26 फरवरी को हाइड्रा की चपेट में आने से बीबीपुर निवासी गुरुप्रसाद की मौत हो गई थी। मामले में मृतक के बेटे अमरनाथ की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# खूब उड़ा अबीर-गुलाल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में झूमे लोग

**न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल त्रिपुला में 'इंद्रधनुष' होली समारोह का आयोजन, बरसाने की लट्ठमार, मथुरा और वृंदावन की होली की दिखी झलक**


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। अमृत विचार


दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा।

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में 'इंद्रधनुष' थीम पर आधारित भव्य होली समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सभी शाखाओं के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान खूब अबीर गुलाल उड़ा। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोग झूम उठे।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक-प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा ने प्रधानाचार्यों के साथ शिक्षा की देवी सरस्वती की पूजा-अर्चना कर किया। प्रारंभ में प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने अतिथियों का स्वागत किया। बरसाने की होली का भावपूर्ण चित्रण कर कार्यक्रम का आगाज़ किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में बरसाने की लट्ठमार होली, मथुरा और वृंदावन की होली की जीवंत झलक प्रस्तुत की गई। होली के धार्मिक एवं पौराणिक महत्व पर आधारित नृत्य-नाटिकाओं ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। 'होली खेले मसाने में', 'होली खेल रहे बांके बिहारी, आज रंग बरस रहा' और 'होली खेले रघुवीरा, अवध में होली खेले रघुवीरा' जैसे पारंपरिक गीतों पर सभी ने खूब लुत्फ उठाया।

समारोह को संबोधित करते हुए संस्थापक-प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा ने कहा कि 'इंद्रधनुष' केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि विद्यालय परिवार की एकता, विविधता और सामूहिक शक्ति का प्रतीक है। जैसे इंद्रधनुष के सात रंग मिलकर अद्भुत छटा बिखेरते हैं, वैसे ही विद्यालय परिवार के प्रत्येक सदस्य का योगदान एनएसजीआई के शिक्षा के मंदिरों को गौरव प्रदान करता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजीव सिंह, तारकेश्वर सिंह, कामाक्षा सिंह, शिवांग अवस्थी, आईवी सिंह, प्रो. डॉ. अनिल कुमार, प्रभारी प्रधानाचार्या रुचि मिश्रा, उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, रजनी श्रीवास्तव, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, संजय श्रीवास्तव, गिरीश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।



खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह का स्वागत करते प्रबुद्धजन।

**होली मिलन समारोह में खूब उड़ा गुलाल, लालगंज:** विकासखंड लालगंज मुख्यालय में ब्लॉक कर्मियों के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रबुद्ध जनों ने खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह पीडीएस का स्वागत किया। समारोह में सभी ने एक दूसरे के अंबीर गुलाल लगाकर होली का आनंद उठाया।

बीडीओ गगनदीप सिंह ने कहा कि होली सामाजिक समरसता और भाईचारा का आत्मीय पर्व है। सामाजिक विसंगतियों को काटने वाला यह पर्व एक दूसरे के गले मिलकर सामूहिक रूप से प्रसन्नता व्यक्त करने के प्रतीक स्वरूप माना जाता है। भाजपा के प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला, अतुल त्रिपाठी, चंद्रशेखर शरण सिंह, देवेश अग्निहोत्री, मो. याकूब, देवेंद्र अवस्थी, विजय सिंह, संजय सिंह मौजूद रहे।

### होली के पर्व पर बच्चों को बांटा गुलाल और पिचकारी

**महाराजगंज (रायबरेली) अमृत विचार।** राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद अध्यक्ष अंकित शुक्ल ने गरीब बस्तियों में रहने वाले बच्चों को एकत्रित किया और उन्हें होली के रंग, पिचकारी व अन्य सामग्री वितरित की। बच्चे होली के रंग और पिचकारियां पाकर खुश हुए तो उनके अभिभावकों के चेहरे पर भी खुशी साफ झलक रही थी। अध्यक्ष अंकित शुक्ल ने बताया अब इन गरीब परिवारों के बच्चे भी औरों की तरह होली का पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मना सकेंगे। उन्होंने बच्चों को न केवल रंग बांटे बल्कि पिचकारी, गुलाल, भी वितरित किया। इस मौके पर संरक्षक एके दीक्षित, सदस्य अखिल रावत शिवम, पवन, सत्यम, राहुल, अनिल, रामनरेश वर्मा, कमल नारायण मिश्रा आदि लोग शामिल रहे।


बच्चों को पिचकारी वितरित करते संगठन के लोग।

### आपसी सद्भाव व अमन चैन के साथ मनाया जाए त्योहार

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** होली और रमजान पर्व को शांति, सद्भाव के साथ सकुशल संपन्न कराने हेतु कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद के समस्त थाना क्षेत्र के अंतर्गत उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी व थाना अध्यक्ष द्वारा भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया गया। होलिका दहन स्थलों का स्थलीय निरीक्षण भी किया गया। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने समस्त उप जिलाधिकारियों से त्योहारों के अवसर पर विशेष रूप से सतर्कता बरतने के निर्देश दिये और कहा कि त्योहार/पर्व में कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत किसी भी प्रकार की समस्या/विवाद की जानकारी प्राप्त होने पर संबंधित विभागीय अधिकारियों से शीघ्र उसका समाधान करा लें। समस्त कार्यक्रम परम्परागत ढंग से ही सम्पन्न कराये जाये एवं कोई नवीन परम्परा को उत्पन्न न होने दिया जाये। पर्वों पर प्रयुक्त होने वाले स्थलों/मार्गों की अनिवार्यत: साफ-सफाई कराई जाए, पानी और बिजली की नियमित आपूर्ति की जाये। नगरीय क्षेत्र में संबंधित नगर पालिका/नगर पंचायत एवं ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत द्वारा सफाई का कार्य सम्पन्न कराया जाये।


फ्लैग मार्च निकालते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

## महिलाओं को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** ग्रामीण महिलाओं के सपनों को सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय और प्रेरणादायक पहल की गई है। पशुधन विकास, ग्रामीण आजीविका एवं स्वावलम्बन कार्यक्रम के अंतर्गत कुछ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चार दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।

विकास खंड सतांव की 21 महिला बकरी पालकों सहित कुल 25 प्रतिभागियों का पं. दीन दयाल उपाध्याय पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान, दुवासु, मथुरा एवं केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मकदूम, मथुरा, मथुरा में कराया गया।


शैक्षणिक भ्रमण में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान में प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करते हुए डॉ. एके दीक्षित ने कहा कि यह भ्रमण केवल प्रशिक्षण नहीं, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के भविष्य को संवारने का अवसर है। उन्होंने महिलाओं को आधुनिक तकनीकों, नस्ल सुधार, वैज्ञानिक देखभाल एवं कृत्रिम गर्भाधान के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। वहीं दुवासु, मथुरा में डॉ. मुकुल आनंद ने उन्नत बकरी प्रजातियों एवं उनसे होने वाले लाभों की जानकारी देते हुए महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर बिपिन बाजपेई, रेखा सिंह, विकास कुमार, ओम प्रकाश गुप्ता, अमन कुमार यादव, हिमांशु वर्मा, विवेकानन्द अवस्थी आदि मौजूद रहे।

## टैंकर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में मारी टक्कर, युवक की मौत

संवाददाता, रायबरेली

- मंडी समिति जाते समय हुआ हादसा, परिजनों में कोहराम

**अमृत विचार।** हरचंदपुर थाना क्षेत्र के हिलालगंज निवासी महेश कुमार पुत्र निंबर ट्रैक्टर-ट्रॉली से आलू लादकर रायबरेली मंडी समिति जा रहा था। उसके साथ ट्रैक्टर पर बैठकर चचेरा भाई अंकुल पुत्र स्व. रामदुलारे भी जा रहा था। रास्ते में राधा स्वामी सत्संग परिसर के निकट लखनऊ से रायबरेली की तरफ जा रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से आ रहे टैंकर ने जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में ट्रैक्टर पर बैठा अंकुल सड़क पर गिया और उसी दौरान टैंकर ने उसे रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि इस दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक महेश कुमार घायल हो गया।

मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। दुर्घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष हरिकेश सिंह ने बताया कि मृतक की मां चंद्रावती की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। टैंकर को कब्जे में लेकर मामले की जांच की जा रही है।



दुर्घटनास्थल पर खड़ी क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर-ट्रॉली। अमृत विचार

**ऑटो की टक्कर से बाइक सवार घायल, महराजगंज:** महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के पहरेमऊ गांव निवासी सुरेश (35) पुत्र चंद्रप्रकाश रविवार की सुबह बाइक से पाली गांव स्थित अपनी ससुराल जा रहे थे। रास्ते में कस्बे से सटे सुखई का पुरवा चौराहे पर सामने से आ रहे एक अनियंत्रित ऑटो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया।

घायल को स्थानीय लोगों ने तुरंत एंबुलेंस की मदद से सीएचसी पहुंचाया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए हैं।

## एसपी ने थानों के पैरोकारों को दिए निर्देश

आयोजन

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देशन में जिले के सभी थानों के पैरोकार, सम्मन सेल और मॉनिटरिंग सेल के अधिकारी/कर्मचारियों के साथ रिजर्व पुलिस लाइन के संगोष्ठी सदन में मीटिंग की गई। इसमें पैरोकार को लंबित अभियोगों की विवेचनात्मक कार्यवाही एवं उनकी चार्ज शीट / एफआर को निर्धारित समयावधि के अन्दर नियमानुसार माननीय न्यायालय को प्रेषित करने की समीक्षा कर आरोपियों के विरुद्ध शीघ्र सजा दिलवाने के लिए विधिक कार्यवाही करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही महिला संबंधी अपराधों, गैंगेस्टर अधिनियम में प्रभावी/नियमित पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाये जाने के लिए निर्देशित किया।



संगोष्ठी सदन में आयोजित बैठक में निर्देशित करते एसपी रवि कुमार। अमृत विचार

## संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

बछरावां (रायबरेली)

- शव मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मचा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव से बाहर संदिग्ध परिस्थितियों में बाग में आम के पेड़ से युवक का लटकता शव मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटना थाना क्षेत्र के ग्राम शेखपुर समोधा गांव की है, जहां मृतक लक्ष्मीकांत उर्फ मोनू पुत्र राम जियावन (25) शाम को किसी बात से नाराज होकर गांव से बाहर बाग की ओर गया था। काफी देर तक उसके वापस न लौटने पर उसकी तलाश शुरू की गई। इस दौरान गांव से बाहर आम के बाग में पेड़ से मफलर के सहारे फांसी के फंदे पर युवक का लटकता हुआ शव मिलने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। इस बाबत थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं परिजनों की तहरीर पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।


लक्ष्मीकांत की फाइल फोटो।

## स्वयं सहायता समूह की सदस्यों ने लगाया रुपये हड़पने का आरोप

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** क्षेत्र के महिमापुर गांव के स्वयं सहायता समूह की तीन सदस्यों ने फर्जी तरीके से धनराशि निकालने और फर्जी हस्ताक्षर बनाने का आरोप लगाया है । महिला सदस्यों ने इस आशय की शिकायत मुख्यमंत्री समेत कई आला अधिकारियों को पत्र द्वारा की है ।

गांव में अंजली महिला स्वयं सहायता समूह है , यह समूह गांव के शौचालय का संचालन करता है। इस समूह से जुड़ी महिलाओं अंजू, नीलम, चंपाकली, तारावती और भानमती का कहना है कि समूह द्वारा प्रति माह छह सौ रुपये वर्ष 2019 से 2021 में सात माह तक जमा किया गया। इस बीच शासन द्वारा समूह को एक लाख चालीस हजार रुपए शौचालय संचालन हेतु दिया गया । आरोप है कि समूह की अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष तथा एक बाबू की मिली भगत से यह राशि निकाल ली गई। इस मामले में जब ग्राम प्रधान से शिकायत की गई तो उसके बाद कुछ राशि समूह की सदस्यों को दिया गया। इस आरोप के बीच समूह की आम बैठक बुलाकर फर्जी हस्ताक्षर करके कार्रवाई रजिस्टर में गलत अंकन किया गया। यही नहीं शिकायत करने वाली महिलाओं को इस समूह से अकारण ही निकाल दिया गया है। उधर, समूह अध्यक्ष सुमन गुप्ता का कहना है कि समूह की कुछ सदस्यों की मनमानी के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है , इसलिए उन्हें अलग समूह बनाने के लिए कहा गया है। खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि समूह की सदस्यों की शिकायत पर गहनता से जांच का आदेश दिया गया है। यदि गड़बड़ी सामने आई तो कार्रवाई की जाएगी।

आयोजन

**राइजिंग चाइल्ड व अन्य स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव**

## समारोह में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मोहा मन

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** प्रभुटाऊन स्थित राइजिंग चाइल्ड स्कूल में रविवार को धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। समारोह में भारत के विभिन्न प्रदेशों की विरासत, संस्कृति और परंपराओं के जीवंत प्रदर्शन को सभी ने सराहा। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम हर्षिता माथुर द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। समारोह में बच्चों ने विज्ञान आधारित अनेकों मॉडल और प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया।


स्कूल में बच्चों को पुरस्कृत करतीं डीएम हर्षिता माथुर। अमृत विचार

वहीं प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने विद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। समारोह में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने विद्यालय के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। इस दौरान बच्चों ने भारत के विभिन्न प्रदेशों की सांस्कृतिक झलक प्रस्तुत करते हुए मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। साथ ही विभिन्न प्रदेशों की विरासतों को दर्शाते हुए आकर्षक स्टॉल भी लगाए, जिसकी सभी ने मुक्त कंठ से सराहना किया। कार्यक्रम प्रस्तुत करने वालों में खुशी, आर्यांश, आदित्यवीर, तिश्या, वेदांश, शिवांग, मानवी संस्कृति, अर्णव, मानस, मानवी, समृद्धि, मिशिका, आराध्या, काव्या, अग्रज, तबीबा, वैष्णवी आदि बच्चे शामिल हैं।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी अमृता सिंह, सिविल जज अमित मिश्रा, जुडिशल मजिस्ट्रेट खैरुन्निसा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पवन कुमार सिंह, एएसपी संजीव सिन्हा, तहसीलदार दीपिका सिंह, कोषाधिकारी भावना श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

### गोल्डेन बर्ड इण्टर कॉलेज में मनाया गया वार्षिकोत्सव

**खीरों (रायबरेली) अमृत विचार।** खीरों कस्बा के शास्त्रीनगर में स्थित गोल्डेन बर्ड इण्टर कॉलेज में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने शिक्षा के महत्व, समाज में व्याप्त कुरीतियां और अंधविश्वासों को रेखांकित करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। भगवान शंकर और उनके गणों की झांकी नृत्य के साथ होली खेलें मसाने में गीत पर बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर प्रबंधक सुधांशु शुक्ला, प्रधानाचार्य रामकृष्ण शर्मा, बच्चे, शिक्षक, शिक्षिकाएं, शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा अभिभावक आदि लोग उपस्थित थे।


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

## लिटिल एंजिल्स में हर्षोल्लास से मनाया गया वार्षिकोत्सव

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** परशदेपुर के लिटिल एंजिल्स पब्लिक स्कूल का धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यकम प्रस्तुत कर जमकर बटोरी।

मुख्य अतिथि चेयरमैन विनोद कौशल ने कार्यकम का शुभारंभ किया। विद्यालय की छात्रा लक्ष्मी तिवारी, नंदनी मिश्रा, सृष्टि शर्मा, अंशिका शुक्ला, अन्नू शर्मा, लक्ष्मी शर्मा, मन्नत शर्मा, खुशबू विश्वकर्मा, नंदिनी, माही, साक्षी, प्राची, आरुषि शर्मा, मोनिका, मन्नत व छात्र प्रिंस मिश्रा, अंश सिंह, विशाल सरोज, प्रशांत पांडेय, नैतिक सैनी आदि ने गीत, नृत्य और नाटक प्रस्तुत कर अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों द्वारा श्रीकृष्ण और सुदामा की कहानी के माध्यम से सच्ची मित्रता का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश पांडेय, गोपाल श्रीवास्तव, गुलाबचंद्र वैश्य, सभासद संदीप मोदनवाल, प्रभाकर मिश्रा आदि उपस्थित रहे। संचालन भानु प्रताप सिंह ने किया।


कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

## न्यूज ब्रीफ

### गांजे के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

संग्रामपुर (अमेठी) : अवैध मादक पदार्थों की बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत संग्रामपुर पुलिस ने एक महिला तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1.340 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी महिला को रविवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। थाना संग्रामपुर प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह के अनुसार, उपनिरीक्षक राजकुमार सिंह, उपनिरीक्षक राजेश कुमार, कांस्टेबल जसवंत यादव तथा महिला कांस्टेबल की टीम गश्त पर थी। इसी दौरान विशेषरगंज बाजार में एक महिला संदिग्ध अवस्था में दिखाई दी। पुलिस टीम ने रोककर तलाशी ली तो उसके पास अलग-अलग पुड़ियों में बंधा गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत 100, 200 से लेकर 800 रुपये प्रति पुड़िया बताई जा रही है। इसके अतिरिक्त लगभग 800 ग्राम गांजा अलग से रखा मिला। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि महिला क्षेत्र में गांजा बेचने का अवैध कारोबार कर रही थी। पुलिस ने कुल 1.340 किलोग्राम गांजा बरामद कर आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार महिला की पहचान रंजू कशौधन (30 वर्ष), पत्नी दिनेश उर्फ मिंटू कशौधन, निवासी संग्रामपुर क्षेत्र के रूप में हुई है।

### विवादित स्थलों पर न जलाएं होलिका

रानीगंज (प्रतापगढ़) : पावन पर्व होली पर तहसील क्षेत्र के बाजार और गांव में डीजे साउंड नहीं बजेंगे। पर्व पर हुड़दंग करने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। होलिका विवादित स्थलों पर नहीं जलाएं। यह बातें एसडीएम विमल कुमार ने रविवार को क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, डीजे संचालकों व अन्य गणमान्य लोगों को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि शासन का सख्त निर्देश है कि होली के पर्व पर तेज ध्वनि के साउंड एवं डीजे नहीं बजेंगे। डीजे संचालकों को अगर जबरन कोई ले जाता है और डीजे बजता है तो उसके खिलाफ पुलिस कार्रवाई करेगी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी विनय प्रभाकर साहनी, थानाध्यक्ष प्रभात कुमार सिंह, शकील,विजय मिश्र रहे।

### पिकअप की टक्कर से युवक की मौत

प्रतापगढ़ : पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सदहा गांव निवासी 20 वर्षीय आर्यन सिंह पुत्र ओम प्रकाश सिंह शनिवार को रानीगंज थाना क्षेत्र के जामताली डंड़वा में अपने मामा गुलाब सिंह मामा के घर गया था। वहां से डंड़वा निवासी शिवम सिंह के साथ बाइक से जामताली बाजार गया था। जामताली पंडितान गांव के गेट के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आर्यन को मेडिकल कॉलेज से प्रयागराज रेफर कर दिया गया। प्रयागराज में इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई।

### दहेज की मांग पर विवाहिता से मारपीट

कमरौली (अमेठी) : थाना क्षेत्र में कम दहेज मिलने और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग को लेकर विवाहिता के साथ मारपीट व प्रताड़ना का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित तीन लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और मारपीट का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के पूरे भिच्छू मजरे कोयलारा मुबारकपुर निवासी इरफान अहमद की पुत्री सुगरा बानो की शादी 25 नवम्बर 2025 को गांव के ही कद्दूस अहमद पुत्र रमजान अली के साथ हुई थी। पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसके पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दान-दहेज दिया था। आरोप है कि शादी के बाद से ही बेटी के साथ मारपीट की जाती थी।

# आगामी त्योहारों को लेकर पुलिस अलर्ट

## इस्राइल-अमेरिका व ईरान के बीच जारी युद्ध व होली-रमजान के मद्देनजर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

संवाददाता, अमेठी


आगामी त्योहार को लेकर फ्लैग मार्च के दौरान एसपी व साथ में पुलिस के जवान।

**अमृत विचार।** इस्राइल-अमेरिका व ईरान के बीच जारी युद्ध व आगामी त्योहारों के मद्देनजर जनपद में अलर्ट लागू कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने इस संबंध में पुलिसकर्मियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने पुलिस को लगातार भ्रमणशील रहने और सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने को कहा है। वहीं एसपी ने संवेदनशील इलाकों में पुलिस टीम के साथ पुलिस मार्च करके सोहार्द के साथ होली व रमजान का पर्व मनाए जाने की अपील की।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह कदम जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाया गया है। इसी दौरान आगामी त्योहार को देखते जायस कस्बे में एसपी ने सरवणन टी. ने अपनी टीम के साथ फ्लैग मार्च किया। इस दौरान एएसपी ज्ञानेंद्र सिंह व तिलोई सी ओ दिनेश मिश्रा व गौरीगंज सीओ अखिलेश वर्मा थाना अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहने के निर्देश दिए। संवेदनशील स्थानों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में गश्त बढ़ाई जाएगी। पुलिसकर्मी आम जनता से संवाद स्थापित कर शांति और सद्भाव बनाए रखने की अपील करेंगे। किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। स्थानीय अभिसूचना इकाई को भी सक्रिय किया गया है।

वहीं पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक खबर फैलाने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। उन्होंने जनता से अपील की कि वे किसी भी अपुष्ट खबर पर विश्वास न करें और उसे आगे न बढ़ाएं। पुलिस विभाग अफवाहों को रोकने के लिए साइबर सेल को सक्रिय कर रहा है। साइबर सेल सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर 24 घंटे निगरानी रखेगा। यदि कोई भ्रामक जानकारी मिलती है, तो उसे तुरंत पुलिस के संज्ञान में लाया जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आगामी होली का पर्व का दृष्टिगत रखते हुए जनपद में कच्ची व जहरीले शराब बनाने वालों के विरुद्ध सभी थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि सघन जांच कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करें, ड्रोन के माध्यम से नदी नहरों के किनारे जंगल एरिया को सभी थाना प्रभारी निगरानी रखें। उन्होंने बताया कि 10 गांव चिह्नित किए गए हैं, जिसमें इसमें 21 लोगों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

### होली के त्योहार को लेकर लालगंज नगर और बहाई गांव में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

लालगंज (रायबरेली)। होली त्योहार और वर्तमान में चल रहे रमजान को लेकर लालगंज पुलिस प्रशासन सतर्क है। एसडीएम मिथिलेश कुमार त्रिपाठी और क्षेत्राधिकारी अमित सिंह के नेतृत्व में लालगंज प्रशासन लगातार फ्लैग मार्च कर रहा है। होली के त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने के लिए पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। लालगंज सहित कई गांवों में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। इस दौरान, पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे होली का त्योहार शांतिपूर्वक मनाएं और किसी भी तरह की अफवाह या असामाजिक गतिविधि से दूर रहें। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने यह भी कहा कि वे शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह से सतर्क हैं और असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। इस अवसर पर लालगंज चौकी इंचार्ज नितिन मलिक, बहाई चौकी इंचार्ज अजय कुमार मिश्रा, उप निरीक्षक महेश सिंह तोमर सहित भारी पुलिस फोर्स मौजूद रहा।


फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस के जवान।

# मेडिकल स्टोर संचालक पर जानलेवा हमला, भर्ती

सिंहपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक मेडिकल स्टोर संचालक पर अज्ञात हमलावरों ने जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें इलाज के लिए लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है और व्यापारियों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार सहदेव यादव (50)पुत्र रामसुख निवासी पूरे शुक्लन मजरे पेड़रिया जो शिवरतनगंज कस्बे में मेडिकल स्टोर चलाता है । शनिवार देर रात वह अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। कस्बे से लगभग एक किलोमीटर दूर शिवरतनगंज–हैदरगढ़ मार्ग पर एक बाइक सवार तीन अज्ञात हमलावरों ने उन्हें रोक लिया और हॉकी, लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमलावर उन्हें मरणासन्न अवस्था में सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलने पर परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल सहदेव यादव को तत्काल इलाज के लिए उन्हें सीएचसी सिंहपुर ले जाया गया सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उनकी हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।वहीं परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए, लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उनका जिंदगी और मौत के बीच इलाज जारी है। घायल के पुत्र प्रदीप यादव ने शिवरतनगंज थाने में अज्ञात हमलावरों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वहीं थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा ने बताया कि अज्ञात तीन हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। हमलावरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है।

# संदिग्ध हालात में युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

कमरौली (अमेठी)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर-233 स्थित प्लॉट नंबर 32-33 में रविवार देर शाम को एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान हरदोई निवासी मंजेश कुमार पुत्र नरेंद्र कुमार के रूप में हुई है। वह क्षेत्र में स्थित सुप्रीम हैचरी में कार्यरत थे और यहीं किराए के मकान में रहते थे।


मंजेश कुमार की फाइल फोटो।

जानकारी के अनुसार, रविवार शाम करीब 6 बजे मंजेश कुमार के भाई को उनके शव के बारे में पता चला। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद करीब 7:30 बजे कमरौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थानाध्यक्ष मुकेश पटेल ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। परिवार के अनुसार, मंजेश कुमार अपने पांच भाइयों में चौथे नंबर पर थे। उनके दो भाई भी इसी औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत हैं। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। वहीं थाना अध्यक्ष मुकेश पटेल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है शेष विधिक कार्यवाही की जा रही है परिजनों को सूचना दे दी गई है।

# संतोष की वापसी पर किया गया हवन-पूजन

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार।** बंधक बनाकर संतोष शुक्ल से शेर खान बनाए गए युवक का रविवार को हवन-पूजन करके शुद्धीकरण कराया गया। मंत्रोच्चार के बीच हिंदूवादी संगठनों के लोगों ने उनको फिर से सनातनी संतोष बनाकर घर वापसी कराया।

मध्य प्रदेश के सागर जनपद के पथरिया हाट गांव निवासी 40 वर्षीय संतोष शुक्ला पुत्र स्व. भगवान दास को बंधक बनाकर मतांतरण कराने के बाद करीब 10 से 12 वर्ष तक डेरवा के रहने वाले आरोपियों ने अपने घर में रखा। उसे गुलामों की तरह प्रताड़ित किया। मजदूरी करवाई और मुस्लिम बना दिया। उसका फर्जी आधार कार्ड व राशन कार्ड तक बनवा दिया, जिसमें उसका नाम शेरखान रखा। पिछले सप्ताह आरोपियों के चंगुल से भागकर जब संतोष पुलिस के पास पहुंचे तो पूरा मामला खुला। इस प्रकरण में सबसे पहले बदरुल जमा को पकड़ा गया। इसके बाद नामजद आरोपियों कल्लू व उसके भाई नईम पुत्र मुनीर के साथ ही दाउद नगर मस्जिद के मौलाना निजाम पुत्र जैनुद्दीन पर 25-25 हजार का इनाम घोषित किया गया। चार दिन पहले इन तीनों को भी पकड़कर जेल भेज दिया गया। रविवार को आश्रम वैदिक मंदिर सरदार पटेल नगर मकोइया, रहवई कुंडा में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उनका शुद्धीकरण कराया गया। सनातन हितकारिणी न्यास के अध्यक्ष ठाकुर प्रकाश सिंह के संयोजन में विधि विधान से प्रक्रिया हुई। आचार्य डॉ. श्याम लाल आर्य एवं उनकी टोली ने पूजन एवं हवन करवाया। संतोष ने मुंडन करवाकर हवन पूजन किया और खुशी जताई। इस दौरान विजय मिश्र,नवीन पाल, रामकृष्ण मिश्र,तात्या तूफानी, अभय सिंह,रवि सिंह,सतीश मिश्र समेत संघ, विहिप एवं बजरंग दल के लोग मौजूद रहे।


आश्रम वैदिक मंदिर में हवन करते लोग। अमृत विचार

**कराया शुद्धीकरण**

### होली से पहले 500 महिलाओं को बांटी साड़ी

शुकुल बाजार, संवाददाता। क्षेत्र की राजपूत राइस मिल परिसर में रविवार को होली पर्व के उपलक्ष्य में साड़ी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।मिल संचालक भाजपा नेता महेंद्र विजय सिंह व उनके पुत्र मानवेंद्र विजय सिंह ने स्थानीय विधायक सुरेश पासी के साथ मिलकर करीब 500 जरूरतमंद महिलाओं को साड़ी वितरित की ।कार्यक्रम में सुबह से ही महिलाओं की भीड़ जुटी रही। आयोजकों ने क्रमवार सभी को साड़ी उपलब्ध कराई। इस दौरान महेंद्र विजय सिंह ने कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश देता है। जरूरतमंद परिवारों के साथ खुशियां बांटना ही सच्ची सेवा है ।विधायक सुरेश पासी ने कहा कि समाज के सहयोग से ही अंतिम व्यक्ति तक मदद पहुंचाई जा सकती है। उन्होंने ऐसे आयोजनों को सराहनीय बताया। इस मौके पर ठेकेदार समर बहादुर सिंह, राम प्रताप तिवारी, गिरीश चंद्र शुक्ला, राम उजेरे , शंकर बक्स सिंह, मंडल अध्यक्ष संतोष शुक्ला, जय सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।


साड़ी को वितरित करते महेंद्र सिंह।

### धर्म परिवर्तन के मामले में केस दर्ज

हरचंदपुर (रायबरेली) अमृत विचार। थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव में धर्म परिवर्तन का मामला सामने आया है। सूचना पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर महिला समेत 50 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मुबारकपुर गांव में गुपचुप तरीके से धर्म परिवर्तन कराने की सूचना हिंदू संगठनों को हुई। देखते ही देखते काफी संख्या में लोग पहुंच गए। बजरंग दल के पदाधिकारी ओम प्रकाश की तहरीर पर पुलिस ने माहौल बिगड़ता देख मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष हरिकेश सिंह के अनुसार उपरोक्त गांव में धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। उन्होंने बताया कि बजरंग दल के पदाधिकारी ओम प्रकाश की तहरीर पर महिला रामरती नामजद व 50 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से इसमें शामिल होने वाले लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। गौरतलब है कि इसके पहले भी क्षेत्र में ऐसा मामला हो चुका है। इससे हिंदू संगठनों में आक्रोश व्याप्त है।


### रोजा-इफ्तार का किया गया आयोजन

अमेठी, अमृत विचार। कस्बे के गंगागंज मोहल्ले में रविवार को फैजान खान द्वारा भव्य रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इलाके के रोजेदारों के साथ-साथ आसपास के गांवों से भी हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। इफ्तार के दौरान पूरे क्षेत्र में आपसी सौहार्द और भाईचारे का माहौल देखने को मिला। इफ्तार में एक हजार से अधिक लोगों ने एक साथ बैठकर रोजा खोला। आयोजन में खजूर, फल, शरबत और अन्य पारंपरिक व्यंजनों की विशेष व्यवस्था की गई थी। अजान होते ही लोगों ने रोजा खोला और सामूहिक रूप से नमाज अदा की। नमाज के बाद उपस्थित लोगों ने देश में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी। इस मौके पर आयोजक फैजान खान ने कहा कि ऐसे धार्मिक और सामाजिक आयोजन समाज में एकता को मजबूत करते हैं तथा विभिन्न समुदायों के बीच प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई सम्मानित लोग भी मौजूद रहे। स्थानीय नागरिकों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे आपसी सद्भाव और एकता की मिसाल बताया।


रोजा इफ्तार में मौजूद लोग।

### हरदोई के फैजुल्लापुर विद्यालय में मनी होली

हरदोई, अमृत विचार : प्राथमिक विद्यालय फैजुल्ला पुर में होली का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में अबीर-गुलाल की रंगत ने उत्सव का सुंदर दृश्य प्रस्तुत किया। प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित तरीके से रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गईं तथा मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया गया। कार्यक्रम के दौरान इंचार्ज प्रधानाध्यापक शिवेंद्र सिंह बघेल ने बच्चों को होली के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बच्चों को भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने, बुजुर्गों का सम्मान करने और समाज में सकारात्मक संदेश फैलाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय के अन्य प्रधान अध्यापकों सहित सहायक अध्यापक अभिषेक अवस्थी, शिक्षा मित्र पंकज कुमार एवं अजय प्रताप सिंह रहे।



### गायत्री परिवार की मासिक गोष्ठी आयोजित

अमेठी, अमृत विचार। अखिल विश्व गायत्री परिवार ने रविवार को गायत्री शक्तिपीठ अमेठी में मासिक गोष्ठी का आयोजन किया। इस गोष्ठी में शताब्दी वर्ष के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा हुई। संगठनात्मक रणनीति भी तय की गई। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में कई कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इनमें पर्यावरण संवर्धन, नशा उन्मूलन रैली और वृक्षारोपण जैसे कार्य शामिल हैं। पूरे जनपद से आए कार्यकर्ताओं ने गत वर्ष के कार्यक्रमों पर चर्चा की। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए भी बात की। जिला समन्वयक डॉ. त्रिवेणी सिंह ने शताब्दी वर्ष में लिए गए संकल्पों को साझा किया। उन्होंने ब्लॉक और तहसील स्तर पर रचनात्मक कार्यक्रमों की योजना बनाने का आह्वान किया। आगामी आठ मार्च को मुसाफिरखाना में नव दंपती सम्मेलन होगा। इसकी रूपरेखा विजय बहादुर सिंह द्वारा प्रस्तुत की गई। डॉ. त्रिवेणी सिंह ने 15 से 19 अप्रैल 2026 तक होने वाले कार्यक्रमों पर भी चर्चा की। इनमें पावन प्रज्ञा पुराण कथा, पुस्तक मेला और गायत्री महायज्ञ शामिल हैं।

# सीएमओ ने किया आरोग्य मेले का निरीक्षण


पीएचसी का निरीक्षण करते सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह। अमृत विचार


शिविर में मरीजों का इलाज करते चिकित्सक।

जायस (अमेठी)

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का किया निरीक्षण सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह द्वारा जायस पीएचसी का निरीक्षण किया। जहां समस्त स्टाफ उपस्थित रहे मेले मे मरीजों को उचित उपचार चिकित्सकों द्वारा दिया गया। गम्भीर मरीजों को जिला चिकित्सालय के लिए संदर्भित किया

मुख्य चिकित्साधिकारी ने चिकित्सककों एवं पैरामेडिकल स्टाप को प्रत्येक मरीज के समुचित उपचार के निर्देश दिये एवं आयुष्मान भारत कार्ड के निर्माण के प्रगति की समीक्षा की गय। सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह ने बताया कि सम्पूर्ण जनपद मे कुल 30 स्वस्थ्य केन्द्रों मे 55 चिकित्सक सहित 247 पैरामेडिकल स्टाप सेवाएं दे रहे है। सम्पूर्ण जनपद कुल 1706 मरीजों का उपचार किया गया। इसमें 20 मरीजों को हायर सेंटर को संदर्भित किया गया एवं शिविर लगाकर 76 आयुष्मान कार्ड सम्पूर्ण जनपद मे बनाये गये।

**शिविर में देखे गए 405 मरीज, दी गई दवा, ऊंचाहार (रायबरेली):** नगर से जुड़े मदारीगंज में सिद्धार्थ ग्रामोत्थान सेवा समिति द्वारा अशोका हॉस्पिटल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 405 मरीजों की निःशुल्क चिकित्सा की गई। इस कैंप में आंख की जांच, ईसीजी और ब्लड की निःशुल्क जांच किया गया। कैंप में डॉ. एलएस मिश्रा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सरिता मौर्य, प्रिंसिपल फार्मेसी कॉलेज, डॉ. आशीष कुमार मौर्य,, डॉ. एके कुशवाहा स्नेस्थेसिया, डॉ. उत्कर्ष अवस्थी, डॉ. शुभम कुमार, डॉ. श्रीनाथ प्रजापति ने मरीजों का उपचार किया। यहां पूर्व चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरपी मौर्य, डॉ. संदीप कुमार और डॉ. संतोष कुमार मौर्य की अहम भूमिका रही।

# युवती को अगवा कर हत्या में फरार इनामी अपराधी गिरफ्तार

कुंडा (प्रतापगढ़)

**अमृत विचार।** युवती को अगवाकर उसकी हत्या कर शव गंगा में फेंकने के मामले में आरोपी और 50 हजार के इनामी सत्यम मिश्रा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मामले में प्रधानपति और उसके सहयोगी पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं।

कुंडा इलाके के एक गांव की युवती को 22 दिसंबर की रात करीब 10 बजे तब कार से अगवा कर लिया गया जब वह घर के बाहर खड़ी फोन से बात कर रही थी। पीड़िता के मां की तहरीर पर पुलिस ने ताजउद्दीनपुर गांव के प्रधानपति सज्जन शुक्ला, नई बाजार निवासी सत्यम मिश्रा के खिलाफ आठ फरवरी को रिपोर्ट दर्ज की। मामले में गिरफ्तार किए गए प्रधान प्रतिनिधि एवं उनके सहयोगी श्रवण कुमार उर्फ कप्तान शुक्ला ने पुलिस की पूछताछ में युवती की गला दबाकर हत्या कर शव गंगा में फेकने की बात स्वीकार की। पुलिस ने दोनों को जेल भेजा, लेकिन सत्यम मिश्रा फरार हो गया। एसपी ने फरार सत्यम मिश्रा पर 25 हजार रुपये का इनाम रखा। शुक्रवार को पुलिस महानिरीक्षक ने सत्यम मिश्रा पर रखे इनाम को बढ़ाकर 50 हजार कर दिया। उसी मामले के फरार आरोपी सत्यम को इंस्पेक्टर मनोज कुमार पांडेय ने पुलिस टीम के साथ दुखिया चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। सत्यम मिश्रा के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर पुलिस ने न्यायालय में दाखिल करने भेजा।

**आयोजन**

## मातृभूमि सेवा मिशन की ओर से शहीद स्मारक प्रांगण में कराया योगाभ्यास

# नियमित योग से सकारात्मक ऊर्जा का होता है संचार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा संचालित दैनिक निःशुल्क योग शिविर शहीद स्मारक प्रांगण में आयोजित किया गया। वरिष्ठ योगाचार्य प्रकाश नारायण पाठक ने सरल एवं प्रभावी ढंग से योगाभ्यास कराया और विभिन्न आसनों के लाभ बताए। उनके मार्गदर्शन में साधकों ने अनुशासन और उत्साह के साथ अभ्यास किया।

उन्होंने कहा कि नियमित योग से न केवल शरीर निरोग रहता है, बल्कि मानसिक तनाव भी दूर होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। समापन पर संयोजक प्रदीप पाण्डेय ने पाठक का आभार व्यक्त किया और सभी साधकों को नियमित योग अपनाने का संदेश दिया। कहा योग से कई रोगों से बचा जा सकता है। योग शिविर के पर सोनम गुप्ता, अनूप शर्मा, राज अग्रहरी, रश्मि पांडे, माया देवी, सीमा, सुमन, देवता दीन, पिंकू सिंह, राकेश यादव, राममिलन, दिनेश पांडे, अवधेश सिंह, शिवचंद पांडेय, सौरभ, दीप्ति आदि रहे।


दैनिक नि :शुल्क योग शिविर में मौजूद लोग। अमृत विचार

**मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 59 मरीजों ने कराया उपचार, जगतपुर:** को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदी टीकर परिसर में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 59 मरीजों का पंजीकरण कर स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। जांच के उपरांत मरीजों को आवश्यक परामर्श प्रदान करते हुए निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। पीएचसी के डॉ. सुफैल अंसारी ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप आरोग्य मेले के माध्यम से ग्रामीण अंचल के लोगों को उनके निकट ही स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बीमारियों की समय पर पहचान एवं उपचार संभव हो रहा है, जिससे आमजन को राहत मिल रही है।


पीएचसी में रोगियों का उपचार करते डॉ. सुफैल अंसारी। अमृत विचार

### ईरान के लीडर की मौत पर शिया समुदाय में आक्रोश

ऊंचाहार (रायबरेली)। ईरान के सुप्रीम लीडर की हत्या के बाद शिया समुदाय के लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए अमेरिका व इजरायल के खिलाफ नारेबाजी की। शियाओं के धार्मिक गुरु व ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्ला अली खामनेई को निशाना बनाकर धोखे से हत्या कर दी गई। आरोप है कि अमेरिका व इजरायल पर उनकी हत्या की गई। घटना से शिया समुदाय के लोगों में गम का माहौल है। रविवार को कस्बे में शिया समुदाय के दर्जनों लोगों ने मस्जिद पर इकट्ठा होकर घटना पर गहरा दुःख जाहिर करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की और अमेरिका व इजरायल के खिलाफ नारेबाजी की। मौलाना शाहीन हैदर व अली रजा ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि सुप्रीम लीडर की हत्या नहीं शहादत हैऔर उन पर किया गया हमला कायराना है।



ओशो का मानना था कि जब आप हंस रहे होते हैं, तब आप ईश्वर की इबादत कर रहे होते हैं।
–ओशो, दार्शनिक

## इस आग की आंच

अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान के सैन्य ठिकानों और परमाणु केंद्रों पर किए गए संयुक्त हवाई हमलों ने न केवल मध्य पूर्व को युद्ध की आग में झोंक दिया है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था और कूटनीति के सामने एक अभूतपूर्व संकट भी खड़ा कर दिया है। ईरान के जवाबी मिसाइल हमलों ने इस संघर्ष को "सीधे टकराव" के उस स्तर पर पहुंचा दिया है, जहां से वापसी का रास्ता फिलहाल थोड़ा मुश्किल नजर आता है। यह हमला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजरायल यात्रा के दौरान 'मानवता' और 'शांति' के आह्वान और उसकी प्रशंसा तथा स्वीकारोक्ति के ठीक बाद हुआ। जाहिर है यह किसी आकस्मिक प्रतिक्रिया का परिणाम नहीं, बल्कि महीनों से तैयार एक सोची-समझी समीक्षित सैन्य रणनीति है। अमेरिका का उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह ध्वस्त करना और क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को अपने और अपने सहयोगियों के पक्ष में मोड़ना है, लेकिन 'सत्ता परिवर्तन' का ट्रंप प्रशासन का सपना खामनेई की मौत के बावजूद आसान नहीं है?

इतिहास गवाह है कि थोपे गए बदलाव अक्सर लंबे और विनाशकारी गृहयुद्धों में तब्दील हो जाते हैं। इस युद्ध का सबसे भयावह पहलू आर्थिक है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज, जहां से दुनिया का 20 प्रतिशत कच्चा तेल गुजरता है, अब एक युद्ध क्षेत्र बन चुका है, इसके बाधित होने का अर्थ है तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के पार जाना। हमारे लिए यह दोहरी मार का बायस बनेगा। अपनी जरूरत का 85-90 फीसद तेल आयात करने वाले भारत के लिए तेल महंगा होने का सीधा अर्थ है, परिवहन लागत में वृद्धि और खुदरा महंगाई। आयात बिल में वृद्धि और डॉलर की मांग मजबूत होने से रुपया कमजोर होगा, जिससे हमारा व्यापार घाटा बढ़ेगा। निवेशक शेयर बाजार से पैसा निकालकर सोने जैसी सुरक्षित संपत्तियों में लगा रहे हैं, जिससे घरेलू बाजारों में अस्थिरता बढ़ेगी और इन धातुओं के दाम भी। इस वैश्विक संकट के बीच भारत की भूमिका 'सतर्क संतुलन' की रही है। भारत ने न तो किसी पक्ष का अंधा समर्थन किया है और न ही तटस्थता के नाम पर चुप्पी साधी है। भारत का रुख संवाद और शांति पर आधारित है, जो उसके दीर्घकालिक सामरिक हितों की रक्षा के लिए अनिवार्य है। एक तरफ इजरायल के साथ हमारे रक्षा संबंध हैं, तो दूसरी तरफ खाड़ी देशों में रहने वाले लाखों भारतीय प्रवासियों और ऊर्जा सुरक्षा की चिंता। ऐसे में भारत को संतुलित विदेश नीति पर कायम रखना होगा।

समय की मांग है कि भारत अपनी ऊर्जा आपूर्ति के स्रोतों में विविधता लाए और एक मजबूत कूटनीतिक कवच तैयार करे। मध्य पूर्व का यह तनाव आने वाले महीनों में और गहरा सकता है। ऐसे में केवल सैन्य शक्ति नहीं, बल्कि आर्थिक लचीलापन और कूटनीतिक समझदारी ही भविष्य की दिशा तय करेगी। यह संघर्ष तीन देशों तक सीमित नहीं है, इसके चपेट में कई देश हैं। ऐसे में यह 'न्यू वर्ल्ड ऑर्डर' की दिशा में एक जोखिम भरा कदम है, जो अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा संरचना और ऊर्जा राजनीति को फिर से परिभाषित करेगा। इस जंग की भीषण होती आग दिन-ब-दिन बढ़ी तो इसकी आंच तमाम देशों तक पहुंचेगी।

# तेहरान की आग और इतिहास की परछाइयां





डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर

पश्चिम एशिया की तप्त रेत पर आज जो रक्त-रंजित इबारत लिखी जा रही है, वह केवल दो या तीन राष्ट्रों के बीच का सैन्य संघर्ष नहीं है, वह उस अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था का संकट है, जिसने नियम बनाए भी और उन्हें अपने हितों के अनुसार तोड़ा भी। तेहरान के आसमान में उठी आग को यदि केवल एक सैन्य कार्रवाई माना जाए, तो यह इतिहास की लंबी पृष्ठभूमि को नजरअंदाज करना होगा। यह टकराव किसी एक निर्णय, किसी एक घटना या किसी एक नेता की सनक का परिणाम नहीं है। यह दशकों से जमा अविश्वास, हस्तक्षेप, वैचारिक टकराव और शक्ति-राजनीति की निरंतरता का विस्फोट है। अयातुल्ला अली खामनेई की मृत्यु के बाद अब यह सत्ता-संक्रमण और रणनीतिक अनिश्चितता का भी प्रश्न बन गया है।

इस कहानी का निर्णायक आरंभ 1953 में होता है। डॉ. मोहम्मद मोसद्देक, एक निर्वाचित प्रधानमंत्री ने ईरान के तेल उद्योग का राष्ट्रीयकरण किया। उनका तर्क सीधा था कि ईरान का तेल ईरान की जनता का होना चाहिए। उस समय एंग्लो-ईरानियन ऑयल कंपनी ईरानी संसाधनों से भारी लाभ कमा रही थी। राष्ट्रीयकरण को लंदन और वाशिंगटन ने आर्थिक मतभेद नहीं, सामरिक चुनौती के रूप में देखा। अमेरिकी गुप्तचर संस्था सीआईए और ब्रिटिश खुफिया तंत्र ने मिलकर तख्तापलट की योजना बनाई। 19 अगस्त 1953 को मोसद्देक की सरकार गिरा दी गई। बाद में सार्वजनिक हुए अभिलेखों ने अमेरिकी भूमिका को स्वीकार किया। यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं था, यह उस सोच का प्रदर्शन था, जिसमें संसाधन और भू-राजनीति लोकतांत्रिक इच्छा से ऊपर रखे जाते हैं। यहीं से ईरान-अमेरिका संबंधों में अविश्वास की वह रेखा खिंची, जो कभी पूरी तरह मिट नहीं सकी। तख्तापलट के बाद शाह मोहम्मद रजा पहलवी को अमेरिकी समर्थन मिला। विकास और आधुनिकीकरण की योजनाओं के साथ राजनीतिक दमन भी गहराया। असहमति को कुचला गया। यही अंतर्विरोध 1979 की इस्लामी क्रांति में विस्फोटित हुआ। अयातुल्ला रुहोल्लाह खोमेनी के नेतृत्व में शाह का पतन हुआ और इस्लामी गणराज्य की स्थापना हुई। उसी वर्ष तेहरान स्थित अमेरिकी दूतावास पर कब्जा और 444 दिनों तक 52 अमेरिकी नागरिकों को बंधक बनाए रखना अंतर्राष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन था। किंतु इस घटना को 1953 की ऐतिहासिक स्मृति से काटकर नहीं समझा जा सकता। इसी कालखंड में ईरान और इजराइल के संबंधों ने निर्णायक मोड़ लिया। शाह के दौर में दोनों देशों के बीच व्यावहारिक संपर्क और अप्रत्यक्ष सहयोग मौजूद था। पर 1979 के बाद नई इस्लामी व्यवस्था ने इजराइल को वैध राज्य मानने से इनकार किया और फिलिस्तीनी प्रश्न को अपनी वैचारिक पहचान का केंद्र बना लिया। इजराइल केवल एक पड़ोसी देश नहीं रहा, वह एक वैचारिक प्रतिपक्ष बन गया। इस बदलाव ने द्विपक्षीय संबंधों को कूटनीतिक मतभेद से उठाकर अस्तित्व और पहचान के टकराव तक पहुंचा दिया।

1980 के दशक का ईरान-इराक युद्ध इस मानसिकता को और कठोर करता है। इराक के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन ने ईरान पर हमला किया। ऐतिहासिक साक्ष्य बताते हैं कि अमेरिका ने उस समय इराक को राजनयिक व खुफिया सहयोग दिया। युद्ध में रासायनिक हथियारों का प्रयोग हुआ। इस अनुभव ने ईरान की सुरक्षा सोच में यह धारणा मजबूत की कि अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था नैतिकता से नहीं, शक्ति-संतुलन से संचालित होती है। इसके बाद ईरान ने परोक्ष शक्ति-प्रयोग की नीति अपनाई। लेबनान में हिजबुल्लाह और गाजा में हमास जैसे संगठनों को समर्थन मिला। इजराइल के लिए यह सीधा सुरक्षा-खतरा था। इजराइल ने सीरिया और अन्य स्थानों पर ईरान-समर्थित ठिकानों को निशाना बनाया। यह संघर्ष वर्षों तक छाया में चलता रहा, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह टकराव खुलकर सामने आया। अप्रैल 2024 में, दमिश्क स्थित ईरानी परिसर पर हमले के बाद, ईरान ने सीधे इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन दागे। 2025 में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के सैन्य और रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाया, जो संघर्ष दशकों तक परोक्ष था, वह प्रत्यक्ष सैन्य मुठभेड़ में बदल गया। तनाव का सबसे संवेदनशील बिंदु ईरान का परमाणु कार्यक्रम है। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की मई 2025 की रिपोर्ट के अनुसार ईरान के पास लगभग 233 किलोग्राम उच्च स्तर पर संवर्धित यूरेनियम था, जो आगे बढ़ाए जाने पर कम समय में कई परमाणु हथियारों के निर्माण के लिए पर्याप्त माना जाता है। यह केवल आशंका नहीं, निगरानी संस्था का दर्ज तथ्य था। निरीक्षण में सीमाएं और पारदर्शिता की कमी ने संदेह को गहरा किया। ईरान का तर्क है कि यदि क्षेत्र में अन्य देशों के पास परमाणु क्षमता है, तो उसे सुरक्षा का अधिकार क्यों नहीं। परंतु अंतर्राष्ट्रीय राजनीति केवल अधिकार की भाषा से नहीं, विश्वास व पारदर्शिता से भी संचालित होती है।

अमेरिका नियमों की बात करता है, पर 1953 का हस्तक्षेप और 2018 का निर्णय उसकी विश्वसनीयता को सीमित करते हैं। ईरान प्रतिरोध की बात करता है, पर प्रॉक्सी युद्ध व आंतरिक दमन उसकी नैतिक स्थिति को जटिल बनाते हैं। इजराइल सुरक्षा की दुहाई देता है, पर उसकी कार्रवाइयां भी अंतर्राष्ट्रीय कानून से परे नहीं हैं। आज तेहरान की जली इमारतें, सीमा पार दागी गईं मिसाइलें व बंकरों में शरण लेते परिवार यह बताते हैं कि महाशक्तियों की रणनीति का बोझ आम नागरिक उठाते हैं। तेल की कीमतें बढ़ती हैं, समुद्री मार्ग अस्थिर होते हैं और वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। शक्ति से नियंत्रण संभव है, स्थिरता नहीं, भय से चुप्पी मिल सकती है, भरोसा नहीं और जहां भरोसा टूटता है, वहां युद्ध केवल समय का प्रश्न रह जाता है। यही इस पूरे प्रसंग का सबसे कठोर, पर सबसे सटीक निष्कर्ष है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> अमेरिका नियमों की बात करता है, पर 1953 का हस्तक्षेप और 2018 का निर्णय उसकी विश्वसनीयता को सीमित करते हैं। ईरान प्रतिरोध की बात करता है, पर प्रॉक्सी युद्ध व आंतरिक दमन उसकी नैतिक स्थिति को जटिल बनाते है।

## सोशल फोरम

### नमक की कीमत



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

नमक बड़ी साधारण और सस्ती सी चीज है, लेकिन जीवन के लिए उतनी ही जरूरी भी। इतनी जरूरी की एक बार इसकी कमी की अफवाह ने इसे इतना बिकवाया की ये बाजार से ही गायब हो गया। इस साधारण सी चीज को बनाने का अधिकार भी जब अंग्रेजों ने हम से छीन लिया तो गांधी जी को इसके लिए नमक सत्याग्रह करना पड़ा और खुलेआम नमक बनाकर अंग्रेजों के कानून को धत्ता बताना पड़ा। मुझे याद है बचपन में जब भी नमक लेने दुकान में जाता था, तो दुकानदार एक ठोंगा (लिफाफा) देकर दुकान से बाहर रखे बोरे से खुद ही नमक भरने के लिए कहता था और फिर ठोंगे को अंदाज से ही देखकर वो तीन से दस पैसे तक कीमत ले लिया करता था। उस वक्त नमक थोड़ा मोटा होता था। इस साधारण से नमक को कोई भी दुकानदार दुकान के भीतर नहीं रखता था। रात को भी ये बाहर खुले में ही पड़ा रहता था। मगर मजाल है कि कोई इसे चोरी कर ले।

नमक आज बहुत साधारण प्रतीत होता है, लेकिन कभी ये बहुत दुर्लभ था। इसलिए लोकधारणा थी कि यहां बर्बाद किया गया नमक मृत्यु बाद पलकों से उठाना होगा। आज इतने सस्ते और साधारण से नमक की एक बात बहुत असाधारण है। वो आपको फिल्म शोले का डॉयलाग तो याद होगा? "सरदार मैंने आपका नमक खाया है।" नमक की यही सबसे बड़ी खासियत है कि एक बार चटा देने के बाद आप उम्मीद करते हैं कि दूसरा इसका हक जरूर अदा करेगा। इस साधारण से नमक की यही असाधारण बात मुझे चुभती रहती है। भाई क्यों हर कोई नमक का हक अदा करने की उम्मीद करता है। माता पिता, भाई बंधु, समाज, संस्थान, देश सभी नमक के हक की बात करते हैं।

नमक खाया है, तो हक जरूर अदा करना चाहिए। कायदे से ये हमारी जिम्मेदारियां हैं, लेकिन कई बार नमक का हक आपके सिद्धांतों के आड़े आ जाता है। अब यहां सवाल उठता है कि क्या नमक की कीमत सिद्धांतो की कीमत से ज्यादा है? मेरे ख्याल में बिल्कुल नहीं... नमक तो विभीषण ने भी खाया था, लेकिन उसने रामजी का साथ देना पसंद किया? नमक तो विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन पॉल असांजे ने भी खाया था, जिसने सारी दुनिया के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझी? नमक तो मोहम्मद अली ने भी खाया था, जिसने वियतनाम के विरुद्ध युद्ध मे भाग लेने से मनाकर दिया था। बहरहाल इतना कहूंगा कि नमक जीवन के लिए जरूरी है, बहुत कीमती है, लेकिन हमारे सिद्धांतो से ज्यादा कीमती नहीं। **-फेसबुक वॉल से**

## प्रसंगवश

### विदेश भेजने की होड़ और बदलती मानसिकता



डॉ. प्रियंका सौरभ
शिक्षिका

पिछले कुछ वर्षों में भारतीय समाज में एक नई प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है, बेटे-बेटियों को विदेश भेजने की होड़। कभी पढ़ाई के नाम पर, कभी नौकरी के नाम पर, तो कभी बेहतर जीवन के सपने के साथ। कई परिवारों में यह एक उपलब्धि की तरह प्रस्तुत किया जाता है। सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को और तेज कर दिया है। यह सब मानो सफलता की पहचान बन गया है। धीरे-धीरे यह धारणा बनती जा रही है कि यदि भविष्य बनाना है, तो विदेश जाना ही पड़ेगा, लेकिन यह सवाल गंभीरता से पूछने की जरूरत है कि क्या वास्तव में भारत में अवसरों की कमी है। क्या इस देश में प्रतिभा के लिए जगह नहीं बची? या फिर हम स्वयं अपने देश की संभावनाओं को कम आंकने लगे हैं?

भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। तकनीक, उद्योग, सेवा क्षेत्र, स्टार्टअप, शिक्षा और शोध के क्षेत्र में लगातार नए अवसर पैदा हो रहे हैं। दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियां भारत में निवेश कर रही हैं। लाखों युवाओं को रोजगार मिल रहा है। छोटे शहरों और कस्बों से निकलकर युवा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं। ऐसे में यह मान लेना कि भविष्य केवल विदेश में ही है, एक अधूरी और जल्दबाजी वाली सोच लगती है। विदेश जाने की एक बड़ी वजह शिक्षा भी है। कई छात्र यह सोचकर विदेश जाते हैं कि वहां की पढ़ाई बेहतर है या वहां अवसर अधिक हैं। कुछ मामलों में यह सही भी हो सकता है, लेकिन एक सच्चाई यह भी है कि कई छात्र केवल इसलिए विदेश चले जाते हैं, क्योंकि उन्हें भारत में मनचाहे कॉलेज या कोर्स में प्रवेश नहीं मिल पाता। प्रतियोगिता कठिन है, सीटें सीमित हैं और हर किसी को प्रतिष्ठित संस्थानों में जगह नहीं मिल पाती। ऐसे में विदेश जाना एक विकल्प बन जाता है, लेकिन इस विकल्प को सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रतीक बना देना चिंताजनक है।


आज स्थिति यह हो गई है कि कई जगहों पर माता-पिता अपने बच्चों को विदेश भेजने को लेकर एक तरह का दबाव महसूस करते हैं। रिश्तेदारों, परिचितों और समाज के बीच यह दिखाने की कोशिश होती है कि उनका बच्चा विदेश में पढ़ रहा है या काम कर रहा है। कई बार परिवार अपनी आर्थिक स्थिति से ज्यादा खर्च उठाकर भी बच्चों को विदेश भेज देते हैं। सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को और बढ़ाया है। इंटरनेट पर विदेश में रहने वाले युवाओं की चमकदार तस्वीरें दिखाई देती हैं, लेकिन इन तस्वीरों के पीछे का संघर्ष अक्सर दिखाई नहीं देता। समस्या विदेश जाने में नहीं है। समस्या उस मानसिकता में है, जिसमें विदेश को सफलता का पर्याय बना दिया गया है। दुनिया को देखने, नई शिक्षा और अनुभव प्राप्त करने के लिए विदेश जाना एक अच्छा अवसर हो सकता है। कई भारतीय छात्र विदेश में उच्च शिक्षा लेकर नई तकनीक और ज्ञान प्राप्त करते हैं और बाद में देश के विकास में योगदान भी देते हैं, लेकिन जब यह निर्णय समझदारी के बजाय भीड़ का हिस्सा बनकर लिया जाता है, तब कई बार परिणाम निराशाजनक भी हो सकते हैं। माता-पिता, शिक्षक और समाज तीनों की भूमिका यहां महत्वपूर्ण है। बच्चों को यह समझाना जरूरी है कि सफलता किसी देश की मोहताज नहीं होती। आज जरूरत है संतुलित सोच की। हमें अपने युवाओं को यह बताना होगा कि दुनिया खुली है, अवसर हर जगह हैं, लेकिन अपने देश की ताकत और संभावनाओं को कम नहीं आंकना चाहिए। भारत केवल एक देश नहीं, बल्कि संभावनाओं की एक विशाल भूमि है। यहां चुनौतियां भी हैं और अवसर भी। विदेश जाना विकल्प हो सकता है, लेकिन लक्ष्य नहीं होना चाहिए। लक्ष्य होना चाहिए योग्यता, आत्मनिर्भरता व सार्थक जीवन। यह सोच समाज में मजबूत होगी, शायद विदेश भेजने की अंधी दौड़ अपने आप धीमी पड़ जाएगी। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

## आमने सामने



हम इस देश के दुश्मनों को खासकर अमेरिका और जायोनी शासन को यह बात समझा देंगे कि उन्होंने बड़ी गलती की है। यह हम अपने लोगों की ताकत, एकता और सहयोग के दम पर करेंगे। हम अपने उस बुद्धिमान और मजबूत नेता (खामेनेई) के खून की आखिरी बूंद तक चलते रहेंगे, जब तक दुश्मन हार न मान ले।
**–ब्रिगेडियर जनरल अहमद वहिदी**
सेना आर्मी चीफ, ईरान

ईरान ने अभी कहा है कि वे बहुत ऐसा जोरदार हमला करेंगे, जितना पहले कभी नहीं किया हो, लेकिन उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए, क्योंकि अगर उन्होंने ऐसा किया, तो हम उन्हें ऐसी ताकत से जवाब देंगे, जो दुनिया ने पहले कभी नहीं देखा होगा।
**– डोनाल्ड ट्रंप**
राष्ट्रपति, अमेरिका



# नई पीढ़ी तक को सराबोर कर रहीं होली परंपराएं



अजय दयाल
हल्द्वानी

होली और हुड़दंग, दो शब्द अमूमन एक दूसरे के पर्याय ही माने जाते हैं। होली का आशय रंग और भंग से है, तो हुड़दंग का अर्थ रंग में भंग डाल देने से है। रंग में भंग डालने वाले हुड़दंगियों ने ही होली के कई उपनाम दे रखे हैं- कीचड़ वाली होली, कपड़ा फाड़ होली, गाली-गलौच वाली और तो और अश्लील होली भी, जिसमें कानफोड़ू संगीत पर फूहड़ डांस होते हैं। हालांकि समाज के संवेदनशील लोगों के बीच बदलते वक्त के साथ हर्बल होली या यूं कहें सूखी होली यानी गीले रंगों के बजाय अबीर-गुलाल वाली होली का प्रचलन बढ़ा है। गुब्बारे मारकर पीठ लाल कर देने की परंपरा भी कम पड़ी है। बावजूद इसके युवाओं का एक तबका बगैर हुड़दंग के होली नहीं मानता। रंग और भांग-शराब का कॉकटेल उन्हें इस कदर मदहोश कर देता है कि छेड़खानी जैसे अपराध ही नहीं करते, बल्कि खुद भी दुर्घटना का शिकार होकर जान तक गंवा बैठते हैं। बहरहाल, होली त्योहार का यह एक पहलू मात्र है।

दूसरा पहलू बहुत दिलचस्प और आकर्षक है, जिसमें पूजा-पाठ, शालीन नृत्य-गीत, पांव छूने और पुराने गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूजे को गले लगाने की परंपरा है। इस संदर्भ में उत्तराखंड की परंपरागत होली का उदाहरण लें, तो पाएंगे कि यहां होली महज रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि बुजुर्गों की विरासत को आगे बढ़ाने वाली सांस्कृतिक पहचान है। पहाड़ों के लोग वास्तव में विरासत में मिली परंपराओं को नई पीढ़ी तक ले जा रहे हैं। खासकर होली के अवसर पर वो चौपाइयां, राग रागिनी और गीत हैं, जो उत्तराखंड के इतिहास और संस्कृति को बयां करते हैं। रंगोत्सव का पहाड़ों पर कुछ अलग रंग रूप में दिखाई देता है। न तो कोई हुड़दंगबाजी और न ही बदरंग करने को पानी की बौछार। यहां पर होलियारों की टोलियां गीत, चौपाइयां और राग रागिनियां गाकर देव स्तुति करतीं हैं तो पूर्वजों की वीरता का गुणगान भी।

उत्तराखंड मे रंगोत्सव लगभग दो माह तक चलता है। वसंत पंचमी से कुमाऊं में होली की शुरुआत हो जाती है, जो बैठकी होली के नाम से प्रचलित है। दरअसल, माना जाता है कि वसंत ऋतु में सूर्य के उत्तरायण होने पर फल-फूलों की नई सृष्टि के साथ ऋतु अमृतप्राण हो उठती है। इसलिए होली को मन्वंतरांभ और नवान्नवेष्टि यज्ञ भी करार देते हैं। इसके बाद मंदिरों में होली पर रंग चढ़ाने के साथ ही पूर्णमासी यानी होली के दिन तक खड़ी होली मनती है। इस दौरान रामायण और कृष्णा व राधा से जुड़ी चौपाइयां गूंजती हैं। इन गीतों में प्रेम का संदेश होता है, तो मर्यादाओं की बात भी। पहाड़ी राज्य के राजा-महाराजाओं की वीर गाथाएं गाई जाती हैं, तो अपने पूर्वजों का गुणगान करते हुए प्रेम गीत भी होते हैं। स्वस्थ मौज-मस्ती के रूप में भाभी देवर के रिश्तों पर भी गीत गाकर पौराणिक परंपराओं को प्रकट किया जाता है। शालीन होली पर चर्चा करते हुए यहां युवाओं का भी संदर्भ जोड़ा जाना आवश्यक है।

ऐतिहासिक दस्तावेजों में तो उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में होली 16 वीं सदी से मनाने के प्रमाण हैं। माना जाता है वहीं परंपरा आज भी कुमाऊं से गढ़वाल और राज्य के कोने-कोने तक है। होलियारों की टोली घर-घर पहुंचकर गीतों के जरिए इस परंपरा को युवाओं तक भी पहुंचने की कोशिश करती है। होलियारों का ही प्रयास है कि डिजिटल युग में नए परिवेश में पले-बढ़े युवा भी अपनी संस्कृति और परंपराओं को देखें, महसूस करें और समझें। असल में युवाओं के बीच शालीन होली का संदेश इसलिए जाना आवश्यक है, क्योंकि उनमें त्योहार को लेकर उत्साह, उमंग भरपूर होता है। ऐसे में नशा या मिलावटी खानपान उनकी सेहत पर घातक प्रभाव डाल सकता है। खासकर नशा कर वाहन चलाने वालों के लिए सख्त संदेश है कि रंगोत्सव के त्योहार को दुर्घटना का शिकार होकर अपनी और परिजनों की जिंदगी बर्बाद करने का प्रयास न करें।

इस दिन ऐसे बहुतेरे अस्पताल पहुंच जाते हैं, कई जान भी गंवा देते हैं। कुछ अराजक तत्व इस मौके पर दुश्मनी निकालने की भी फिराक में होते हैं, इसलिए होश खोना ठीक नहीं वरना, जानलेवा परिणाम भी सामने आए हैं। इसीलिए पहाड़ों पर मनाई जा रही परंपरागत होली को शहरी क्षेत्र में भी संदेश के रूप में लिया जाना चाहिए। कुछ संस्थाएं ऐसा कर भी रहीं हैं। इन्हीं संस्थाओं से जुड़ी होलियारों की टोलियों प्रयासरत हैं कि अपनी परंपराओं को बचाने के लिए उन्हें जो विरासत में मिला है, उसे वह आगे की पीढ़ी को भी दें। ताकि यह परंपराएं आगे बढ़ती रहें और इतिहास को जानने के साथ हम अपनी जड़ों से भी जुड़े रह सकें।

हकीकत यह है कि आज जब होली का स्वरूप कई जगह बिगड़ रहा है, राजा-महाराजाओं के समय से लगातार चली आ रही होली, पुरानी परंपराएं और संस्कृति को बचाए हुए है। पहाड़ पर होली का परंपरागत रूप न केवल सुख शांति का प्रतीक है, बल्कि एकता और भाईचारे को भी बढ़ाने का जीवंत उदाहरण है।

> ऐतिहासिक दस्तावेजों में तो उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में होली 16 वीं सदी से मनाने के प्रमाण हैं। माना जाता है वहीं परंपरा आज भी कुमाऊं से गढ़वाल और राज्य के कोने-कोने तक है।

## सामयिकी

### फिर पिंजरे का तोता साबित हुई सीबीआई



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ लेखक

केंद्रीय जांच एजेंसियों केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्यप्रणाली पर समय-समय पर सवाल उठते रहे हैं, जिससे उनकी साख प्रभावित होती है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश की सबसे बड़ी जांच एजेंसियां अब भी राजनीतिक प्रभाव से मुक्त स्वतंत्र कार्यप्रणाली विकसित नहीं कर सकी हैं। हाल में दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति प्रकरण में अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया समेत 23 आरोपियों के विरुद्ध दायर सीबीआई के आरोप-पत्र पर संज्ञान लेने से इनकार करते हुए उन्हें आरोपमुक्त कर दिया। अदालत ने स्पष्ट कहा कि प्रस्तुत दस्तावेजों से प्रथम दृष्टया किसी भी आरोपी के विरुद्ध मामला बनता ही नहीं है। न्यायाधीश ने यहां तक टिप्पणी की कि जांच पूर्वनिर्धारित दिशा में बढ़ाई गई, ताकि कमजोर कहानी को विश्वसनीयता का भ्रम दिया जा सके।

अदालत ने सीबीआई के जांच अधिकारी के विरुद्ध विभागीय जांच की संस्तुति भी की। हालांकि सीबीआई ने दिल्ली उच्च न्यायालय में अपील दायर की है, परंतु निचली अदालत की कठोर टिप्पणियां उसकी कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े करती हैं। उल्लेखनीय है कि ईडी के मामलों में सजा की दर अत्यंत कम बताई जाती है, जिससे अभियोजन की गुणवत्ता पर भी संदेह उत्पन्न होता है। इस प्रकरण से पूर्व जमानत सुनवाई के दौरान भारत का सर्वोच्च न्यायालय ने भी सीबीआई को 'पिंजरे में बंद तोता' की छवि से बाहर आने की सलाह दी थी। यह उपमा पहली बार 2013 में कोयला घोटाले की सुनवाई के समय तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश आर. एस. लोढ़ा की पीठ द्वारा दी गई थी। अदालत ने कहा था कि सीबीआई वही दोहराती है, जो उसके मालिक कहते हैं। इस टिप्पणी ने जांच एजेंसी की स्वतंत्रता पर राष्ट्रीय बहस को जन्म दिया था।

राजनीतिक दलों द्वारा सीबीआई के दुरुपयोग के आरोप कोई नई बात नहीं है। सत्ता में रहते हुए दल इन एजेंसियों का उपयोग करते हैं और विपक्ष में आने पर दुरुपयोग का आरोप लगाते हैं। एफडीआई पर संसदीय बहस के दौरान भी यह मुद्दा उठा था। पूर्व सीबीआई निदेशक उमाशंकर मिश्रा ने स्वीकार किया था कि बड़े राजनीतिक मामलों में जांच प्रतिवेदन को प्रभावित करने का दबाव बनाया जाता है। इसी प्रकार 2 जी स्पेक्ट्रम मामले में पूर्व कैग अधिकारी आर. पी. सिंह के बयान ने भी संस्थागत दबाव की चर्चा को बल दिया।

प्रश्न यह भी है कि यदि अधिकारियों पर दबाव पड़ता है, तो वे तत्काल प्रतिरोध क्यों नहीं करते और सेवानिवृत्ति के बाद ही खुलासे क्यों सामने आते हैं? लोकसेवक शपथ लेकर दायित्व निभाते हैं, अतः दबाव में आकर कार्य करना सेवा आचरण संहिता के विपरीत है। यदि संवैधानिक और वैधानिक संस्थाएं स्वयं अपने दायित्वों के प्रति कठोर नहीं होंगी, तो उनकी विश्वसनीयता पर आंच आना स्वाभाविक है। ऐसे लोगों के मनोनयन से यह तथ्य प्रमाणित होता है कि वे सत्ता पक्ष के अनुयायी बने रहे। जाहिर है, देश के लोक सेवकों को भी प्रसिद्धि और लालच की भावना से ऊपर उठकर कर्तव्य का पालन करने की जरूरत है। यदि ऐसा होता है, तो सालों जांच से जुड़े मामले लंबित नहीं रहेंगे। सीबीआई के पास ज्यादातर ऐसे मामले होते हैं, जो राजनीतिक एवं प्रशासनिक भ्रष्टाचार से जुड़े होते हैं। ऐसे में लटकाने के दबाव की प्रवृत्ति के चलते इनकी संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में किफायती 7-सीटर गाड़ियों की मांग तेजी से बढ़ रही है। बढ़ते परिवार, बेहतर स्पेस की जरूरत और बजट में मल्टी-यूटिलिटी व्हीकल की चाह ने इस सेगमेंट को खासा मजबूत बना दिया है। इसी मांग को ध्यान में रखते हुए निसान ने फरवरी में अपनी नई 7-सीटर कार मीटर एमपीवी 'ग्रेवाइट' को लॉन्च किया है। इसकी शुरुआती इंट्रोडक्ट्री एक्स-शोरूम कीमत 5.65 लाख रुपये रखी गई है, जो इसे एंट्री-लेवल 7-सीटर खरीदारों के लिए आकर्षक विकल्प बनाती है। कंपनी ने दमदार इंजन और प्लेटफॉर्म के साथ नई स्टाइलिंग, बेहतर फीचर्स और उन्नत सुरक्षा पैकेज देकर इसे फैमिली-फ्रेंडली कार के रूप में पेश किया है। ऐसे में कम बजट में 7-सीटर की तलाश कर रहे ग्राहकों के लिए ग्रेवाइट एक व्यावहारिक विकल्प साबित हो सकती है।

*-फीचर डेस्क*

## वेरिएंट और कीमत

ग्रेवाइट को चार प्रमुख वेरिएंट- VXiA, Acenta, N-Connecta और Tekna में उतारा गया है। ट्रांसमिशन के तौर पर 5-स्पीड मैनुअल और 5-स्पीड एएमटी दोनों विकल्प उपलब्ध हैं, जिससे ग्राहक अपनी जरूरत और ड्राइविंग सुविधा के अनुसार चयन कर सकते हैं। कीमत की बात करें, तो यह 5.65 लाख रुपये से शुरू होकर लगभग 8.93 लाख रुपये (टेकना लॉन्च एडिशन एएमटी) तक जाती है। कंपनी ने इसकी बुकिंग शुरू कर दी है और डिलीवरी मार्च 2026 से प्रारंभ होने की संभावना जताई जा रही है। निसान की रणनीति स्पष्ट है कि कम कीमत में भरोसेमंद 7-सीटर विकल्प देकर बड़े ग्राहक वर्ग को आकर्षित करना।




## एक्सटीरियर : ज्यादा बोल्ड और मस्कुलर

इसकी बेसिक बॉडी शेप ट्राइबर से प्रेरित दिखाई देती है, लेकिन ग्रेवाइट को अलग पहचान देने के लिए कई नए स्टाइलिंग एलिमेंट्स जोड़े गए हैं। फ्रंट फेसिया पर बड़ी हनीकॉम्ब पैटर्न ग्रिल, बोनट पर 'Gravite' बैजिंग और स्लिम एलईडी डीआरएल्स इसे आधुनिक और दमदार लुक देते हैं। साइड प्रोफाइल में ऊंची रूफलाइन और सीधा स्टांस इसे ज्यादा स्पेशियस और प्रैक्टिकल दर्शाते हैं। 15-इंच स्टील व्हील्स और रूफ रेल्स इसकी यूटिलिटी अपील को मजबूत बनाते हैं। रियर सेक्शन में रैपअराउंड एलईडी टेललैंप्स, क्रोम स्ट्रिप और सी-शेप्ड सिल्वर एक्सेंट इसे प्रीमियम टच प्रदान करते हैं। कलर ऑप्शन की बात करें, तो यह ओनिक्स ब्लैक, स्टॉर्म व्हाइट, मेटैलिक ग्रे, ब्लेड सिल्वर और फॉरेस्ट ग्रीन जैसे पांच आकर्षक रंगों में उपलब्ध है।

# Nissan Gravite
# कम बजट में बड़ा स्पेस






## फीचर और सेफ्टी

निसान ने ग्रेवाइट को फीचर्स के मामले में प्रतिस्पर्धी बनाए रखने की कोशिश की है। इसमें क्रूज कंट्रोल, वायरलेस फोन चार्जर और रियर एसी वेंट्स जैसी सुविधाएं मिलती हैं। सुरक्षा के लिहाज से छह एयरबैग स्टैंडर्ड दिए गए हैं, जो इस कीमत में एक महत्वपूर्ण विशेषता है। इसके अलावा एबीएस के साथ ईबीडी, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल (ESC), रियर पार्किंग कैमरा, पार्किंग सेंसर और टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम (TPMS) भी शामिल हैं। सेगमेंट में स्टैंडर्ड छह एयरबैग का मिलना इसे सुरक्षा के मामले में मजबूत दावेदार बनाता है।

## इंटीरियर : सादगी और उपयोगिता का मेल

- ग्रेवाइट का केबिन डिजाइन सादा, लेकिन कार्यात्मक है। डुअल-टोन ब्लैक और बेज थीम के कारण अंदर का माहौल खुला और हवादार महसूस होता है। डैशबोर्ड लेआउट परिचित जरूर है, लेकिन प्रेजेंटेशन में हल्के बदलाव इसे नया रूप देते हैं।
- बीच में 8-इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम दिया गया है, जो वायरलेस एप्पल कारप्ले और एंड्रॉयड ऑटो को सपोर्ट करता है। इसके नीचे मैनुअल क्लाइमेट कंट्रोल के लिए तीन रोटरी नॉब्स दिए गए हैं, जो उपयोग में सरल हैं।
- 7-इंच डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले, 3-स्पोक स्टीयरिंग व्हील, पुश-बटन स्टार्ट और कीलेस एंट्री जैसे फीचर इसे आधुनिक स्पर्श देते हैं। सीटों पर लेदरेट फिनिश दी गई है और 8 एसी वेंट्स सुनिश्चित करते हैं कि सभी यात्रियों तक पर्याप्त ठंडी हवा पहुंचे। कुल मिलाकर, इसका इंटीरियर लक्जरी से ज्यादा व्यावहारिकता पर केंद्रित है।



## इंजन परफॉर्मेंस

ग्रेवाइट में 1-लीटर, 3-सिलेंडर नेचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 72 पीएस की पावर और 96 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। यह इंजन 5-स्पीड मैनुअल और 5-स्पीड एएमटी विकल्पों के साथ उपलब्ध है। माइलेज की बात करें, तो मैनुअल वर्जन 19.3 किमी/लीटर और एएमटी वर्जन 19.6 किमी/लीटर तक का सर्टिफाइड माइलेज देने का दावा करता है। यह इंजन मुख्य रूप से शहरी उपयोग और पारिवारिक ड्राइविंग जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। हालांकि हाईवे पर फुल लोड के साथ इसकी परफॉर्मेंस औसत रह सकती है।

---

**मॉय फर्स्ट राइड**

# उत्साह, हिम्मत और आत्मनिर्भरता की यात्रा



मैंने जब गाड़ी चलाना सीखने के बारे में सोचा, तब मैं बहुत ज्यादा उत्साहित थी। सच कहूं तो मुझे पहले कभी अंदाजा नहीं था कि मैं भी गाड़ी चला पाऊंगी, लेकिन मन के भीतर एक दृढ़ इच्छा थी कि मुझे सीखना है। मुझे लगता था कि अगर घर में कोई भी व्यक्ति वाहन चला सकता है, तो मुझे भी यह कौशल आना चाहिए। यही सोच मेरे हौंसले की सबसे बड़ी ताकत बनी।

इस पूरे सफर में मेरे पति और मेरी छोटी-सी बेटी ने मेरा बहुत साथ दिया। आज भी मुझे वह दिन याद है, जब पहली बार ड्राइविंग स्कूल के इंस्ट्रक्टर हमें सिखाने आते थे। उनका मॉर्निंग शेड्यूल होता था, इसलिए हमें सुबह लगभग साढ़े पांच या छह बजे तक पहुंच जाना पड़ता था। मेरे पति हर दिन मेरा हौसला बढ़ाते थे और मेरी छोटी बेटी भी जाग जाती थी और कहती "मम्मी आपको सीखने जाना है।" उसका वह मासूम उत्साह मेरे लिए प्रेरणा बन जाता था।

पहली बार जब मैंने सड़क पर गाड़ी चलाई, तो दिल में थोड़ा डर था। वजह भी साफ थी कि सड़क पर गाड़ी चलाना सिर्फ खुद को संभालना नहीं, बल्कि दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखना भी होता है। शुरुआत में हर मोड़ और हर ब्रेक पर घबराहट महसूस होती थी, लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया और अभ्यास बढ़ता गया, मेरे अंदर आत्मविश्वास भी बढ़ने लगा। धीरे-धीरे डर की जगह विश्वास ने ले ली और ड्राइविंग मुझे मुश्किल नहीं, बल्कि आनंददायक लगने लगी।

आज जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं, तो महसूस करती हूं कि मेरे परिवार के सहयोग और मेरे खुद के हौसले की वजह से ही मैं आज इतनी आत्मविश्वास से गाड़ी चला पाती हूं। यह अनुभव मेरे लिए सिर्फ एक नई स्किल सीखने का नहीं था, बल्कि खुद पर भरोसा करना और अपने डर को हराना सीखने का भी था। सच में, मेरा ड्राइविंग का अनुभव बहुत अच्छा रहा, क्योंकि इसमें मेहनत, साहस और अपनों का साथ तीनों शामिल थे। गाड़ी सीखने के शुरुआती दिनों में कई बार ऐसा हुआ कि चलते-चलते गाड़ी बंद हो जाती, क्लच ठीक से संभलता नहीं था और गियर बदलते समय समझ ही नहीं आता था कि क्या करूं। बीच सड़क पर ट्रैफिक चल रहा होता और मेरी गाड़ी रुकी खड़ी रहती, तो एक पल के लिए लगता था कि शायद मुझसे नहीं हो पाएगा, लेकिन अगले ही क्षण मैंने खुद को हौसला दिया, नहीं मुझे यह जरूर सीखना है। यही आत्मविश्वास धीरे-धीरे मेरे डर को ताकत में बदलता गया और आखिरकार मैं सफल हो गई।

***-प्रगति श्रीवास्तव, वाइस प्रिंसिपल, सरयू इंटरनेशनल स्कूल, अयोध्या।***

---

**काम की बात**

# होली के रंगों से अपनी कार को ऐसे रखें सुरक्षित

होली खुशियों, उमंग और रंगों का त्योहार है। इस दिन लोग खुलकर जश्न मनाते हैं, लेकिन यही रंग और पानी हमारी कार के लिए परेशानी का कारण बन सकते हैं। हवा में उड़ता गुलाल, पानी से भरे गुब्बारे और केमिकल युक्त रंग कार के पेंट पर जिद्दी दाग छोड़ जाते हैं। कई बार ये निशान इतने गहरे हो जाते हैं कि उन्हें हटाने के लिए प्रोफेशनल डिटेलिंग की जरूरत पड़ती है। अगर आप चाहते हैं कि होली के बाद भी आपकी कार पहले जैसी चमकती रहे, तो कुछ आसान सावधानियां अपनाना जरूरी है।

## सही जगह पार्किंग

कोशिश करें कि होली के दिन कार को कवर पार्किंग में ही खड़ा करें। यदि ऐसी सुविधा उपलब्ध नहीं है, तो अच्छी क्वालिटी का कार कवर जरूर इस्तेमाल करें। यह कवर रंगों के साथ-साथ धूल, धूप और अन्य बाहरी तत्वों से भी सुरक्षा प्रदान करता है। अगर कवर भी उपलब्ध न हो, तो कार को ऐसी जगह पार्क करें, जहां होली खेलने वाली भीड़ के पहुंचने की संभावना कम हो।

## कार पर वैक्स की परत

वैक्स पेंट के ऊपर एक सुरक्षात्मक लेयर बना देता है, जिससे रंग सीधे पेंट पर नहीं चिपकते। इससे बाद में सफाई करना भी आसान हो जाता है। इसके अतिरिक्त, वैक्स कार को तेज धूप, धूल और पक्षियों की बीट से भी बचाने में मदद करता है। होली से पहले एक बार वैक्स करवा लेना समझदारी भरा कदम हो सकता है।

## खिड़कियां बंद रखना बेहद जरूरी

अक्सर लोग जल्दी में कार पार्क करते समय खिड़कियां पूरी तरह ऊपर करना भूल जाते हैं। इससे रंग या पानी कार के अंदर जा सकता है। खिड़कियां बंद रखने से न केवल केबिन सुरक्षित रहता है, बल्कि धूल और कीड़े-मकोड़े भी अंदर नहीं आते। यह आदत सिर्फ होली के लिए ही नहीं, बल्कि रोजमर्रा की सुरक्षा के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है।

## कार का इंटीरियर

कार के इंटीरियर की सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है, जितनी बाहरी हिस्से की। यदि आप होली खेलकर लौट रहे हैं, तो कोशिश करें कि गीले या रंग लगे कपड़ों में सीधे कार में न बैठें। बेहतर होगा कि एक जोड़ी अतिरिक्त कपड़े साथ रखें। अगर कपड़े बदलना संभव न हो, तो सीट पर तौलिया बिछा लें ताकि रंग सीधे सीट से संपर्क में न आए। डैशबोर्ड और अन्य हिस्सों को बचाने के लिए प्लास्टिक शीट या कवर का उपयोग किया जा सकता है।

## अच्छे शैंपू से धोएं कार

यदि सभी सावधानियों के बावजूद कार पर रंग लग ही जाए, तो देर न करें। जितनी जल्दी सफाई की जाएगी, दाग उतनी आसानी से हटेंगे। कार को साफ पानी और अच्छे कार शैंपू से धोएं। कठोर केमिकल का उपयोग करने से बचें, क्योंकि इससे पेंट को नुकसान हो सकता है। इंटीरियर की सफाई के लिए भरोसेमंद क्लीनर का इस्तेमाल करें।



---

# सड़कों का महाजाल: नेशनल हाईवे और एक्सप्रेसवे के बीच का अंतर

*भारत का सड़क नेटवर्क आज दुनिया के सबसे विशाल और सुदृढ़ नेटवर्कों में से एक गिना जाता है। कश्मीर से कन्याकुमारी और गुजरात से अरुणाचल प्रदेश तक फैली ये सड़कें देश की अर्थव्यवस्था की धमनियां हैं। जब भी हम लंबी दूरी की यात्रा की योजना बनाते हैं, तो दो शब्द अक्सर सुनने को मिलते हैं : नेशनल हाईवे और एक्सप्रेसवे। हालांकि आम बोलचाल में लोग इन्हें एक ही समझ लेते हैं, लेकिन तकनीकी, सुरक्षा और सुविधा के मामले में इनके बीच जमीन-आसमान का अंतर है। आइए आपको इनके बीच का अंतर बताते हैं।*



## नेशनल हाईवे

नेशनल हाईवे यानी राष्ट्रीय राजमार्ग, भारत के वे प्राथमिक मार्ग हैं, जो राज्यों की राजधानियों, बड़े औद्योगिक केंद्रों, महत्वपूर्ण बंदरगाहों और रणनीतिक सीमावर्ती क्षेत्रों को आपस में जोड़ते हैं। इनका मुख्य उद्देश्य अंतर्राज्यीय परिवहन को सुगम बनाना है।

## प्रबंधन और विस्तार

इनका निर्माण और रख-रखाव सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH) के अंतर्गत भारतीय नेशनल हाईवे प्राधिकरण (NHAI) द्वारा किया जाता है। वर्तमान में भारत में 200 से अधिक मुख्य नेशनल हाईवे हैं, जिनका नेटवर्क लगभग 1.3 लाख किलोमीटर तक फैला हुआ है।

## बनावट और गति

ये सड़कें सामान्यतः दो से चार लेन की होती हैं। नेशनल हाईवे की एक मुख्य विशेषता यह है कि ये शहरों और कस्बों के बीच से होकर गुजरते हैं, जिससे स्थानीय यातायात भी इसमें शामिल हो जाता है। यहां कारों के लिए अधिकतम गति सीमा 100 किमी/घंटा और दोपहिया वाहनों के लिए 80 किमी/घंटा निर्धारित की गई है।

- **एक रोचक तथ्य** – भारत का सबसे लंबा राजमार्ग NH-44 है, जो उत्तर में श्रीनगर से शुरू होकर दक्षिण में कन्याकुमारी तक 3,745 किलोमीटर की अविश्वसनीय दूरी तय करता है।
- **एक्सप्रेसवे** – एक्सप्रेसवे को आप 'हाईवे का एडवांस वर्जन' कह सकते हैं। ये विशेष रूप से उच्च गति और निर्बाध यात्रा के लिए डिजाइन किए गए हैं। इनका मुख्य उद्देश्य दो बड़े बिंदुओं के बीच यात्रा के समय को न्यूनतम करना है।
- **कंट्रोल्ड ऐक्सेस**– एक्सप्रेसवे की सबसे बड़ी खासियत इसका 'कंट्रोल एक्सेस' होना है। इसका मतलब है कि आप अपनी मर्जी से कहीं से भी सड़क पर नहीं चढ़ सकते और न ही उतर सकते हैं। इसके लिए विशिष्ट 'एंट्री' और 'एग्जिट' पॉइंट्स बनाए जाते हैं।
- **लेन और सुविधाएं**– एक्सप्रेसवे आमतौर पर 6 से 8 लेन के होते हैं। यहां बीच में कोई चौराहे या रेड लाइट नहीं होती। सुरक्षा के लिए फ्लाईओवर, अंडरपास और सर्विस लेन की व्यापक व्यवस्था होती है। उत्तर प्रदेश का आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे (302 किमी) इसकी आधुनिकता का एक बेहतरीन उदाहरण है।
- **रफ्तार का रोमांच**– एक्सप्रेसवे पर कारों के लिए गति सीमा 120 किमी/घंटा तक होती है। यहां छोटे रास्ते या गलियां सीधा नहीं जुड़तीं, जिससे दुर्घटना की संभावना काफी कम हो जाती है।

### मुख्य अंतर

- **ऐक्सेस कंट्रोल**– हाईवे पर कई छोटे रास्ते जुड़ते हैं, जबकि एक्सप्रेसवे पर केवल निर्धारित एंट्री-एग्जिट पॉइंट होते हैं।
- **सुरक्षा और चौड़ाई**– एक्सप्रेसवे ज्यादा चौड़े, सुरक्षित और तेज रफ्तार यात्रा के लिए बनाए जाते हैं।
- **वाहन नियम**– हाईवे पर दोपहिया चलते हैं, लेकिन एक्सप्रेसवे पर आमतौर पर इनकी अनुमति नहीं होती।
- **ड्राइविंग नियम**– हाईवे पर गति सीमा का पालन करें और छोटे कस्बों से गुजरते समय सावधानी बरतें।
- एक्सप्रेसवे पर लेन अनुशासन और निर्धारित प्रवेश-निकास का पालन अनिवार्य है।
- दोनों ही सड़कों पर ओवरस्पीडिंग और गलत दिशा में गाड़ी चलाना गंभीर अपराध माना जाता है।

### आठ प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है भारत का इस्पात उद्योग

**नयी दिल्ली।** एक ओर जहां वैश्विक स्तर पर और चीन के इस्पात बाजार में गिरावट देखी जा रही है, वहीं भारत का इस्पात उद्योग लगभग आठ प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर बनाए हुए है। सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 'एडवांस्ड रोलिंग टेक्नोलॉजी' पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईएमएमएस 2026) के उद्घाटन सत्र में सेल के निदेशक (वित्त) एवं निदेशक (वाणिज्यिक - अतिरिक्त प्रभार) ए के पांडा ने कहा कि इस्पात उत्पादन की क्षमता तेजी से बढ़ रही है।

अमृत विचार
लखनऊ, सोमवार, 2 मार्च 2026
www.amritvichar.com

# कारोबार

## बिजनेस ब्रीफ

### एफपीआई ने फरवरी में की 37,847 करोड़ रुपये की लिवाली

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने फरवरी में भारतीय पूंजी बाजार में 37,847 करोड़ रुपये की शुद्ध लिवाली की। शुद्ध लिवाली लगायी गयी पूंजी और निकाली गयी पूंजी का अंतर है। सीडीएसएल के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने फरवरी में 22,615 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी है। अक्टूबर 2025 के बाद यह पहला मौका है जब एफपीआई ने इक्विटी में शुद्ध रूप से लिवाली की है। डेट में भी उनका निवेश 18,791 करोड़ रुपये बढ़ा है। वहीं, हाइब्रिड उपकरणों से उन्होंने 3,896 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है।

### दीपक गुप्ता ने गेल का चेयरमैन पद संभाला

**नयी दिल्ली।** ऊर्जा क्षेत्र के अनुभवी कार्यकारी दीपक गुप्ता ने देश की सबसे बड़ी गैस पारेषण और विपणन कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का पद संभाल लिया है। कंपनी ने बयान में कहा कि दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से मैकेनिकल इंजीनियर गुप्ता को प्राकृतिक गैस पारेषण, विपणन और बुनियादी ढांचा विकास का व्यापक अनुभव है। उन्होंने संदीप कुमार गुप्ता का स्थान लिया है, जो 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हुए थे। उनका कार्यकाल 28 फरवरी, 2029 तक होगा।

### आईआईएफसीएल के आईपीओ को मंजूरी

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी (आईआईएफसीएल) को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए सरकार से जरूरी मंजूरी मिल गई है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने आईपीओ प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। आईआईएफसीएल के नवनियुक्त प्रबंध निदेशक (एमडी) रोहित ऋषि ने बताया कि निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) ने इस मंजूरी के बारे में कंपनी को बताया है। आईआईएफसीएल में केंद्र सरकार की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

## पहली अप्रैल से लागू होगी सीमा शुल्क बाद में भुगतान की योजना 'ईएमआई'

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा है कि पात्र विनिर्माता आयातक (ईएमआई) योजना एक अप्रैल से लागू होगी। इसके तहत आयातक बिना सीमा शुल्क दिए अपने आयातित सामान निकाल सकेंगे। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि बाद में सीमा शुल्क भुगतान की सुविधा उन पात्र विनिर्माता आयातकों (ईएमआई) के लिए उपलब्ध होगी जो सीमा शुल्क, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अनुपालन, कारोबार, वित्तीय स्थिति अपने पिछले रिकॉर्ड से जुड़े तय मापदंड को पूरा करते हैं।




मंत्रालय ने कहा कि इस सुधार से कारोबार सुगमता की स्थिति बेहतर होगी, अनुपालन संस्कृति मजबूत होगी। एईओ (अधिकृत आर्थिक परिचालक) कार्यक्रम में बड़े पैमाने पर भागीदारी को बढ़ावा देने और घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहन देने में मदद मिलेगी। मौजूदा एईओ-टी1 (अधिकृत आर्थिक परिचालक-टी1) इकाई, जिनमें सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) भी शामिल हैं, जो पात्रता की शर्तें पूरी करते हैं, वे भी इस योजना के पात्र होंगे। कहा गया कि यह सुविधा एक अप्रैल, 2026 से उपलब्ध होगी, और 31 मार्च, 2028 तक लागू रहेगी।'''' इस पहल के तहत, ईएमआई से आयातित सामान लिया जा सकेगा।

## राज्यों के बॉन्ड निर्गम में 'रीइश्यू' की 18.5 प्रतिशत हिस्सेदारी

**मुंबई, एजेंसी।** कुल राज्य विकास ऋण उधारी में 'रीइश्यू' की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 18.5 प्रतिशत हो गई है। यह पिछले सात साल का उच्चतम स्तर है। इससे पता चलता है कि राज्यों में अपनी बढ़ी हुई वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए मौजूदा प्रतिभूतियों को फिर से खोलने का रुझान बढ़ रहा है। आरबीआई के आंकड़ों के आधार पर एजेंसी द्वारा संकलित जानकारी के अनुसार, राज्यों ने वित्त वर्ष 2025-26 में कुल 10,32,788.8 करोड़ रुपये के एसडीएल निर्गम में लगभग 1,90,970 करोड़ पुनर्निर्गम के जरिये जुटाए।

## फरवरी में 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा जीएसटी संग्रह

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह फरवरी में सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत बढ़कर 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। आयात से प्राप्त राजस्व में उच्च वृद्धि और घरेलू बिक्री में सुधार का इस वृद्धि में मुख्य योगदान रहा।

इस दौरान सकल घरेलू राजस्व 5.3 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.36 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि आयात से सकल राजस्व 17.2 प्रतिशत बढ़कर 47,837 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कुल शुद्ध जीएसटी संग्रह 1.61 लाख करोड़




रुपये से अधिक रहा, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 7.9 प्रतिशत अधिक है। कुल रिफंड 10.2 प्रतिशत बढ़कर 22,595 करोड़ रुपये रहा। शुद्ध उपकर राजस्व 5,063 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल फरवरी में 13,481 करोड़ रुपये था। सितंबर, 2025 से लगभग 375 वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कटौती की गई थी। साथ ही पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत के चार कर स्लैब को मिलाकर पांच और 18 प्रतिशत के दो स्लैब बनाए गए थे। इसके अलावा कुछ चुनिंदा अति-विलासिता की वस्तुओं और तंबाकू उत्पादों के लिए अधिकतम 40 प्रतिशत का स्लैब रखा गया था। कर कटौती लागू होने के पहले महीने में जीएसटी संग्रह में शुरुआती गिरावट देखी गई और नवंबर में राजस्व घटकर 1.70 लाख करोड़ रुपये रह गया था।

डेलॉयट इंडिया के भागीदार एम एस मणि ने कहा कि आंकड़े दर्शाते हैं कि उपभोग में हुई वृद्धि ने कर दरों में की गई कटौती की भरपाई कर दी है।

## ईरान संकट: पश्चिम एशिया में शिपिंग लागत का जोखिम खरीदारों पर डालें चावल निर्यातक

### शुरू हो चुका व्यापार पर संघर्ष का असर, रुक गयी बंदर अब्बास के रास्त ईरान-अफगानिस्तान जाने वाली खेप

**नई दिल्ली/चंडीगढ़, एजेंसी**

ईरान पर अमेरिका और इजरायल के सैन्य हमलों के बाद हरियाणा के चावल निर्यातकों को ईरान और अफगानिस्तान जाने वाली खेप में व्यवधान और भुगतान में देरी का डर सता रहा है। पश्चिम एशिया में बिगड़ते सुरक्षा हालातों और होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से आवाजाही बाधित होने की आशंका के बीच शिपिंग लागत का जोखिम खरीदारों पर डालने की सलाह दी गयी है।




राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन की राज्य इकाई के अध्यक्ष सुशील कुमार जैन ने रविवार को कहा कि व्यापार पर संघर्ष का कुछ असर पहले ही शुरू हो चुका है। ईरान के सबसे बड़े बंदरगाह- बंदर अब्बास के रास्ते ईरान या अफगानिस्तान जाने वाली खेप रुक गई है। जैन ने बताया कि स्थिति सुधरने तक ये खेप फंसी रहेगी, जिससे बाजार प्रभावित होगा। भुगतान में भी देरी हो सकती है। हालांकि, उन्होंने कहा कि प्रभाव का सटीक आकलन करना अभी जल्दबाजी होगी, क्योंकि यह इस बात पर निर्भर करेगा कि संघर्ष कितने समय तक चलता है। बासमती निर्यात के बारे में जैन ने बताया कि भारत के कुल वार्षिक निर्यात में हरियाणा का योगदान लगभग 35 प्रतिशत है।

इसबीच इंडियन राइस एक्सपोर्टर्स फेडरेशन (आईआरईएफ) ने अपने सदस्यों को ईरान और खाड़ी के कुछ हिस्सों के लिए नए सीआईएफ (लागत, बीमा और माल ढुलाई) सौदों से बचने की सलाह दी है। फेडरेशन ने रविवार को जारी एक परामर्श में निर्यातकों से कहा है कि जहां तक संभव हो वे एफओबी (फ्री ऑन बोर्ड) शर्तों पर काम करें। इस व्यवस्था के तहत अंतरराष्ट्रीय खरीदार माल ढुलाई, बीमा और संबंधित जोखिमों को वहन करता है, जिससे भारतीय निर्यातक निश्चित मूल्य वाले अनुबंधों पर अचानक बढ़ने वाली लागत के जोखिम से बच जाते हैं।

निर्यातकों के निकाय ने चेतावनी दी कि ईरान और यूएई के घटनाक्रम 'बंकर' (मालवाहक जहाजों में प्रयुक्त ईंधन) की कीमतों को बढ़ा सकते हैं... कम समय के नोटिस पर कंटेनर और बल्क फ्रेट में भारी वृद्धि हो सकती है। साथ ही, बीमा प्रीमियम में भी तेज उछाल की आशंका जताई गई है। भारत के चावल निर्यात के लिए यह संकट काफी बड़ा है, क्योंकि अफ्रीका और पश्चिम एशिया को होने वाला निर्यात कुल राष्ट्रीय चावल निर्यात का लगभग आधा हिस्सा है। करनाल के चावल मिल मालिक नीरज कुमार ने कहा कि कल संघर्ष शुरू होने के बाद से अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। ईरान बासमती का हमारा सबसे बड़ा खरीदार है, जबकि इसका निर्यात यूएई, ओमान, यमन और इराक जैसे अन्य देशों में भी किया जाता है।

### सरकार-निर्यातकों-शिपिंग कंपनियों की बैठक आज

नयी दिल्ली, एजेंसी। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और युद्ध के हालातों के बीच भारतीय व्यापार पर इसके प्रभाव का आकलन करने के लिए वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। इस बैठक में निर्यातकों, शिपिंग कंपनियों और विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि तेजी से बदलते हालात के बीच भारतीय व्यापार पर इसके असर को समझने के लिए आयोजित इस बैठक में कुछ लोग सीधे और कुछ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये शामिल होंगे। निर्यातकों ने गहरी चिंता व्यक्त की है कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध से होर्मुज जलडमरूमध्य और बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्ग प्रभावित होंगे। ये मार्ग भारत को खाड़ी क्षेत्र, उत्तरी अमेरिका और यूरोप से जोड़ने के लिए जीवन रेखा माने जाते हैं।

## इजराइल: हाइफा बंदरगाह पूरी तरह सुरक्षित: अदाणी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

ईरान के साथ बढ़ते सैन्य संघर्ष के बीच अदाणी समूह ने रविवार को कहा कि इजराइल स्थित उसका 'हाइफा बंदरगाह' पूरी तरह सुरक्षित है और परिचालन की स्थिति में है। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकॉनमिक जोन (एपीएसईजेड) ने एक बयान में कहा कि उसके सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं और बंदरगाह की सभी संपत्तियां तथा बुनियादी ढांचा पूरी तरह सुरक्षित है। अमेरिका और इजराइल ने शनिवार को ईरान के खिलाफ एक सैन्य अभियान शुरू किया, जिसमें उसके सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं, जिनमें हाइफा को भी निशाना बनाया गया है।

बयान में कहा गया, "हाइफा पोर्ट कंपनी पुष्टि करती है कि उसके सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं। बंदरगाह की सभी संपत्तियां और बुनियादी ढांचा पूरी तरह सुरक्षित एवं परिचालन की स्थिति में है।" हालांकि, बयान में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि ईरान के किसी ड्रोन या मिसाइल ने बंदरगाह को नुकसान पहुंचाया है या नहीं।

### तेल आपूर्ति पर कोई बड़ा खतरा नहीं, बढ़ सकती हैं कीमतें

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** ईरान में गहराते संकट के कारण भारत को कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और व्यापक आर्थिक प्रभाव का सामना करना पड़ सकता है। विश्लेषकों की राय में हालांकि, देश की तेल आपूर्ति श्रृंखला को अभी तक किसी संरचनात्मक असुरक्षा का सामना नहीं करना पड़ा है। होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास बढ़ते तनाव ने ब्रेंट क्रूड की कीमतों को 73 डॉलर प्रति बैरल के सात महीने के उच्चस्तर तक पहुंचा दिया है। इससे वैश्विक ऊर्जा बाजारों में भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ गया है, जिससे मुद्रास्फीति और चालू खाते के घाटे (सीएडी) पर दबाव बढ़ सकता है। हालांकि, निकट भविष्य में तेल आपूर्ति बाधित होने की संभावना कम है। केपलर के शीर्ष शोध विश्लेषक सुमित रितोलिया ने कहा कि मौजूदा स्थिति में शुरुआती प्रभाव मात्रा के बजाय कीमत आधारित होने की संभावना है।

## हरदोई-उन्नाव

## बेतरतीब पार्किंग और अतिक्रमण ने थामी रफ्तार, लग रहा जाम

**संवाददाता सफीपुर, उन्नाव**

**अमृत विचार।** मुख्य मार्गों पर आड़े-तिरछे खड़े वाहन और दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण ने यातायात व्यवस्था को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। आलम यह है कि उन्नाव-हरदोई मार्ग और मुख्य बाजारों में पैदल चलना भी दूभर हो गया है, जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जाम का सबसे विकराल रूप उन्नाव-हरदोई मार्ग पर कोतवाली परिसर से लेकर गुलाब बिल्डिंग तक देखने को मिलता है। वहीं, नाना राव पेशवा मार्ग पर गुड्डा चौराहे से मोटेश्वर मंदिर तक भी दिन भर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती हैं। व्यस्त बाजार होने के कारण यहां घंटों तक वाहन रेंगते नजर आते हैं। अवैध कस्बे में रोडवेज और निजी बसों का कोई निर्धारित स्टॉपेज नहीं है। बस चालक बीच सड़क पर ही वाहन खड़ा कर सवारियां भरते हैं। कई दुकानदारों ने अपना सामान सड़कों तक फैला रखा है, जिससे चौड़ी सड़कें भी संकरी गलियों में तब्दील हो गई हैं। ऑटो चालकों द्वारा सवारियों के लालच में बीच सड़क पर अचानक ब्रेक लगाना जाम का एक बड़ा कारण बन रहा है। उधर, इस मामले में एसडीएम शिवेंद्र वर्मा ने कहा कि सड़कों से अतिक्रमण हटाने का अभियान पहले भी चलाया गया था और चेतावनी दी गई थी। उन्होंने कहा कि जल्द ही पुनः बड़े स्तर पर अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया जाएगा ताकि जनता को राहत मिल सके।



मुख्य मार्ग पर लगा जाम। अमृत विचार

### जाम को लेकर समाजसेवियों दीं प्रतिक्रियाएं

वैभव द्विवेदी कृष्णा ने कहा सामाजिक कार्यकर्ता कस्बे की सड़कों को चौड़ा करने की जरूरत है। फल-सब्जी की दुकानों और गुमटियों को एक निर्धारित सीमा के पीछे शिफ्ट किया जाना चाहिए। ई-रिक्शा और टेंपो के लिए स्थायी पार्किंग स्थल बनाना अनिवार्य है।



वैभव द्विवेदी।

कार्यकारी अध्यक्ष व्यापार मंडल अशोक कुमार मुन्ना सेठ ने कहा अवैध बस और टेंपो अड्डों को कस्बे से कम से कम 500 मीटर दूर शिफ्ट किया जाए। ट्रैफिक पुलिस को गश्त बढ़ानी चाहिए और बेतरतीब खड़े वाहनों का तत्काल चालान करना चाहिए।



अशोक कुमार।

### लूट के आरोप को नकारा

**उन्नाव, अमृत विचार।** फैक्ट्री से ड्यूटी कर लौट रहे युवक ने बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों पर लूट का आरोप लगाया। पुलिस जांच के संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ कर पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक मामला लूट का नहीं मारपीट का है। दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया है। अचलगंज कस्बा निवासी अमर त्रिवेदी (28) ने बताया कि वह दही औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री में काम करता है। शनिवार को उसे सैलरी मिली थी। जिसे लेकर वह लौट रहा था। तभी रात अचलगंज थानाक्षेत्र के उन्नाव-लालगंज हाइवे पर मुगलपुर गांव के पास दो नकाबपोश बदमाशों ने बाइक आगे लगाकर रोक लिया। बदमाश उसे जान से मारने की धमकी देकर सड़क किनारे खंती ले गए।

## साले-बहनोई पर हमला, गोली मारने की अफवाह

**हरदोई, अमृत विचार।** पंचायत चुनाव की रंजिश में हुए झगड़े का आरोपी बहनोई साले के साथ ससुराल जा रहा था, उसी बीच रद्धेपुरवा से अल्लीपुर जाने वाले रास्तें उन दोनों पर हमला कर दिया गया, रविवार को दिनदहाड़े हुए हमले के बारे में गोली मारने की अफवाह ज़ोर पकड़ने लगी, लेकिन पुलिस की दलील है कि मेडिकल में गोली लगना साबित नहीं हुआ है, लाठी-डंडे से चोंट पहुंचाई गई, उधर मेडिकल कालेज के डाक्टरों ने बहनोई को हायर सेंटर लखनऊ रिफर कर दिया, जबकि उसके साले का इलाज चल रहा है। बताया गया है कि कोतवाली देहात के अमिरता मजरा खुमारीपुर निवासी सरोज मिश्रा रविवार को 18 वर्षीय साले आशीष के साथ अपनी ससुराल बखरिया कोतवाली पिहानी जा रहा था, सरोज स्कूटी और आशीष बाइक पर सवार था। दोनों रद्धेपुरवा से अल्लीपुर के रास्तें पर बंबा पुलिया के पास पहुंचे, उसी बीच गांव के श्यामबाबू, विरासू अपने साथियों के साथ पहुंचे और हमला कर दिया, दिनदहाड़े हमलें के बारे में पहले-पहल गोली मारने की अफवाह उड़ गई, जिसे सुन कर एक्शन में आई पुलिस दौड़ पड़ी, दोनों साले-बहनोई को एम्बुलेंस-108 से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया।

## घायल युवक ने तोड़ा दम

**सफीपुर, उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर गांव के पास शनिवार शाम घायल अवस्था में मिले युवक की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान देर रात मौत हो गई। बाद में पोस्टमार्टम हाउस में शव की पहचान सदर कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइंस निवासी संतोष गुप्ता के रूप में हुई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार शनिवार शाम करीब सात बजे राहगीरों ने फतेहपुर गांव के पास सड़क किनारे एक युवक को गंभीर हालत में पड़ा देखा। लोगों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। पहचान पत्र न मिलने पर पुलिस ने शव सुरक्षित रखकर सोशल मीडिया के जरिए शिनाख्त का प्रयास किया। सिविल लाइंस निवासी पूजा गुप्ता ने पति के घर न लौटने पर तलाश शुरू की। पुलिस ने उन्हें बुलाया जहां उन्होंने पहचान संतोष गुप्ता के रूप में की।

### शिक्षा मित्र पर लगाया मोबाइल व नकदी चोरी का आरोप

**बांगरमऊ, उन्नाव।** फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के एक परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी के दौरान महिला शिक्षा मित्र ने कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी कर रही एक शिक्षिका पर मोबाइल फोन और नकदी चोरी करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। सहबाजपुर गांव निवासी शिक्षा मित्र ने तहरीर में बताया कि हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा केंद्र एसएसजेबी हाईस्कूल में ड्यूटी के दौरान उसने अपना बैग केंद्र के बाहर खड़ी एक जीप में रख दिया था। परीक्षा समाप्त होने के बाद उसे पता चला कि बैग से मोबाइल फोन गायब है। आरोप है कि उसी केंद्र पर कक्ष निरीक्षक के रूप में तैनात ग्राम जगतनगर की एक शिक्षिका ने मोबाइल निकाल लिया।




## अमृत विचार क्लासीफाइड

**विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

पहले मेरा नाम KHAN ALIAS SALEEM HAFIZ MOHAMMAD NAZAR था अब मै अपना बदलकर MOHD NAZAR KHAN रख लिया हूँ। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। MOHD NAZAR KHAN S/0-ALI NAZAR KHAN ADD-CHOWK JAMA MASJID IMAM PURANPUR PILIBHIT

**सूचना**

पहले मेरा नाम VASEE ROON NISA था अब BASHIRUN NISHA रख लिया है। भविष्य मे मुझे BASHIRUN NISHA के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-RAFEEQUL ISLAM ADD-KASBA DEVGAON POST-AND-PS-DEVGAON DIST-AZAMGARH-276201 (U.P.)

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि **ज्ञानमती पत्नी शीतला प्रसाद निवासी ग्राम बभनपुर ब्लाक छतोह परगना रोखा तहसील सलोन जिला रायबरेली** का नाम आधार कार्ड में ज्ञानमती पत्नी शीतला प्रसाद है परन्तु त्रुटिवश रिलायन्स निफोन लिमिटेड बीमा के दस्तावेज में ज्ञानवती पत्नी शीतला दीन हो गया है, ज्ञानमती पत्नी शीतला प्रसाद व ज्ञानवती पत्नी शीतला दीन दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है।

**सूचना**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD HASIN KHAN से बदल कर MOHD HASIN KHAN कर लिया है। भविष्य में मुझे MOHD HASIN KHAN पुत्र AMIULLAH KHAN नाम से जाना व पहचाना जाए। **मो0 हसीन खान पुत्र अमीउल्लाह खान निवासी राम नगर गनसियारी पोस्ट मऊ आइमा जिला प्रयागराज**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Iliyas Beg से बदलकर Mirza Iliyas Beg रख लिया है। भविष्य में मुझे Mirza Iliyas Beg S/O Mirza Afsar Beg के नाम से जाना व पहचाना जाए। 477/30 KA, Reti Mohalla, Khadra, Nirala Nagar, Lucknow

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Akancha Pandey से बदलकर Akanksha Pandey रख लिया है। भविष्य में मुझे Akanksha Pandey D/O Arun Kumar Pandey के नाम से जाना व पहचाना जाए। H.NO-80/5, MAKBAR GANESHGANJ, AYODHYA

**सूचना**

मै **कुसुमलता पत्नी कैलाश चन्द्र गुप्ता, निवासी-मोहल्ला ब्रह्मणी टोला कस्बा, परगना व तहसील फतेहपुर, जिला बाराबंकी,** अपने पुत्र नितिन गुप्ता के व्यवहार, क्रिया कलाप शुरूआत से अच्छे नही रहे है इसलिए मैने उसे अपने जीवन काल में ही घर एवं समस्त लेन देन से अलग कर दिया था तब से मेरा उपरोक्त पुत्र से कोई सम्बंध नहीं रहा है। वह आये दिन मुझे व समस्त घर परिवार को छिन्न-भिन्न कर देने की धमकी देता है। जिससे मै व मेरी पुत्रिया बहुत ही परेशान है। उसके इन क्रिया कलापों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अब हमारा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

# अफगानिस्तान ने बगराम एयरबेस पर पाकिस्तानी हमले को किया नाकाम

● पाकिस्तानी वायुसेना ने रविवार सुबह की थी हमले की कोशिश

काबुल, एजेंसी

पाकिस्तानी सेना ने रविवार सुबह बगराम एयरबेस पर हमला करने की कोशिश की लेकिन देश की रक्षा प्रणाली ने इसे नाकाम कर दिया । पझवोक अफगान न्यूज के हवाले से यह जानकारी दी गयी है। प्रांतीय पुलिस मुख्यालय ने कहा कि सुबह करीब 5:00 बजे पाकिस्तानी सेना के कई जेट विमानों ने बगराम एयरबेस पर हवाई हमले किए।

बयान में कहा गया, बगराम की बहादुर रक्षात्मक और वायु सेना के तुरंत जवाब से दुश्मन की हरकतों को बेअसर कर दिया गया और एक जरूरी तथा निर्णायक जवाब दिया



गया। अब तक इलाके में जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है और स्थिति पूरी तरह से सुरक्षा बलों के नियंत्रण में है। पुलिस मुख्यालय ने इस बात पर जोर दिया कि देश के हवाई क्षेत्र और देश की आजादी की रक्षा करना एक बुनियादी और अहम जिम्मेदारी है। अफगानिस्तान के इलाके, लोगों या मूल्यों के खिलाफ किसी भी कार्रवाई का जवाब सही और निर्णायक तरीकों से दिया जाएगा। गौरतलब है कि 21 फरवरी को पाकिस्तानी सेना ने पक्तिका में एक मदरसे और नंगरहार में रिहायशी इलाकों पर हवाई हमले किए, जिसमें दस से अधिक लोगों की मौत हो गयी थी। इसके बाद 27 फरवरी को अफगानिस्तान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने डूरंड रेखा पर पाकिस्तानी सेना की चौकियों और सैन्य केंद्रों पर जवाबी हमले किए, जिसमें पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान हुआ।

## क्या टूट जाएगी तेल की धारा

# होर्मुज जलडमरूमध्य

होर्मुज जलडमरूमध्य वर्तमान वैश्विक भू-राजनीति और अर्थव्यवस्था का वह चोक पॉइंट है, जिसकी धड़कनें रुकने का अर्थ है पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था का थम जाना। इसे दुनिया की तेल की जीवन रेखा कहा जाता है। जब भी मध्य-पूर्व में तनाव बढ़ता है, चाहे वह ईरान-इजराइल संघर्ष हो या ईरान-अमेरिका टकराव, ईरान अक्सर इस रास्ते को बंद करने की धमकी देता है। इस बार अमेरिकी-इजराइली हमले के बाद भी उसने यह धमकी दी है। ईरान के पास इस जलडमरूमध्य की भौगोलिक स्थिति का लाभ है, इसका पूरा उत्तरी तट ईरान के नियंत्रण में है। यदि ईरान इस रास्ते को बंद करता है, तो केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं होगी, बल्कि एक वैश्विक आर्थिक सुनामी होगी। तेल की कीमतों में उछाल, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का टूटना और ऊर्जा सुरक्षा पर मंडराता खतरा दुनिया को एक गहरी मंदी की ओर धकेल सकता है।



### कच्चे तेल का अहम रास्ता

● होर्मुज जलडमरूमध्य केवल पानी का एक संकरा रास्ता नहीं है, बल्कि यह आधुनिक सभ्यता के पहियों को घुमाने वाला मुख्य धमन मार्ग है। भौगोलिक दृष्टि से यह उत्तर में ईरान और दक्षिण में ओमान व संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच स्थित है। यह फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ता है। इसकी सबसे कम चौड़ाई मात्र 33 किलोमीटर के आसपास है, लेकिन इसका महत्व इसकी चौड़ाई से कहीं अधिक विशाल है। दुनिया भर में खपत होने वाले कुल कच्चे तेल का लगभग 20% से 30% हिस्सा इसी संकरे रास्ते से होकर गुजरता है। सांख्यिकीय दृष्टि से देखें तो प्रतिदिन लगभग 1.9 से 2.1 करोड़ बैरल तेल यहाँ से टैंकरों के माध्यम से निकलता है।

### भारत के लिए गहरा संकट

● भारत अपनी जरूरत का 85% कच्चा तेल आयात करता है, जिसमें से एक बड़ा हिस्सा फारस की खाड़ी से आता है।

● आर्थिक झटका : तेल की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी भी भारत के राजकोषीय घाटे को बढ़ा देती है। यदि कीमतें दोगुनी हुईं, तो भारतीय रुपया ऐतिहासिक गिरावट देख सकता है।

● पेट्रोल-डीजल के दाम : देश में ईंधन की कीमतें आसमान छूने लगेंगी, जिससे माल ढुलाई महंगी होगी और आम आदमी की थाली पर सीधा असर पड़ेगा।

● ऊर्जा सुरक्षा : भारत के रणनीतिक तेल भंडार केवल कुछ ही दिनों की आपूर्ति सुनिश्चित कर सकते हैं। लंबे समय तक रास्ता बंद रहने पर उद्योग ठप हो सकते हैं।

● प्रवासी भारतीय : खाड़ी देशों में लाखों भारतीय काम करते हैं। युद्ध की स्थिति में उनकी सुरक्षा और वहां से आने वाले रेमिटेंस (धन प्रेषण) पर खतरा मंडराएगा।

### दुनिया के सामने क्या हैं विकल्प

● पाइपलाइन का विस्तार : सऊदी अरब ने ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन बनाई है जो तेल को लाल सागर तक ले जा सकती है। इसी तरह यूएई ने हबशान-फुजैराह पाइपलाइन बनाई है।

● रणनीतिक भंडार : भारत, अमेरिका और चीन जैसे देश अपने जमीन के नीचे स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व कर रहे हैं ताकि संकट के समय 15-90 दिनों तक काम चल सके।

● नवीकरणीय ऊर्जा : इस निर्भरता को कम करने का दीर्घकालिक समाधान सौर, पवन और हाइड्रोजन ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़ना है।

● कूटनीति : अमेरिकी टास्क फोर्स इस क्षेत्र में जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अजय डबास डेल्टा फोर्स के जीओसी बने

**जम्मू।** मेजर जनरल अजय सिंह डबास ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद-रोधी बल (डेल्टा) की कमान संभाल ली है। उन्होंने मेजर जनरल ए.पी. एस. बल का स्थान लिया है। डेल्टा फोर्स का गठन पांच सितंबर 1994 को हुआ था और इसका मुख्यालय रामबन जिले के बटोटे क्षेत्र में स्थित है। यह बल चेनाब घाटी के रामबन, किश्तवाड़ और डोडा जिलों में आतंकवाद को काफी हद तक समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है। पदभार संभालने के बाद, मेजर जनरल डबास ने युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

### पॉकेट पॉटर्स सीरीज में दो नई पुस्तकें जारी

**नई दिल्ली।** ब्लूम्सबरी इंडिया ने अपनी पॉकेट पॉटर्स सीरीज में दो नई पुस्तके जारी कीं, जिनमें हैरी पॉटर के अलग-अलग पात्रों से जुड़ी कहानियों के अहम पल और मजेदार जानकारियां शामिल हैं। ये दोनों पुस्तकें लूना लवगुड और एल्बस डंबलडोर के किरदारों को समर्पित हैं। पिछले साल हैरी पॉटर, रॉन वीस्ली और हर्मियोनी ग्रेंजर पर आधारित पुस्तकें पॉकेट पॉटर्स के नाम से जारी हुई थीं। भारत में हैरी पॉटर के आधिकारिक प्रकाशक ब्लूम्सबरी ने बताया कि डॉबी और हैग्रिड पर आधारित अतिरिक्त पुस्तकें अगस्त में जारी किए जाने की योजना है।

### सीजेआई ने तिरुमला मंदिर में की पूजा

**तिरुमला।** मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने रविवार सुबह विश्व प्रसिद्ध तिरुमला मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी की पूजा-अर्चना की। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सीजेआई का पद संभालने के बाद शनिवार शाम मंदिर नगरी का अपना पहला दौरा किया है। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम के पुजारियों और अधिकारियों ने मुख्य मंदिर परिसर के महाद्वारम पर आगमन के समय उनका पारंपरिक स्वागत किया।

### कूनो नदी में घड़ियाल और कछुओं को छोड़ा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को श्योपुर जिले के कूनो राष्ट्रीय उद्यान स्थित (केएनपी) कूनो नदी में घड़ियाल और कछुओं को छोड़ा तथा इसे वन्य जीवों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। यादव ने राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य के तत्वावधान में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय उद्यान के अंदर पालपुर किले के पास कूनो नदी में 53 घड़ियाल और 25 कछुओं को छोड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि घड़ियाल और कछुओं की आबादी का संरक्षण और संवर्धन किया जा रहा है।

# कांग्रेस ने पुडुचेरी को दिल्ली में एक परिवार के लिए एटीएम बना दिया

## प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्र शासित प्रदेश में एक जनसभा में विपक्षी पार्टी पर साधा निशाना

● पुडुचेरी में 2700 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की

पुडुचेरी, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि इस केंद्र शासित प्रदेश में उसका शासन राजनीतिक अस्थिरता और भ्रष्टाचार से ग्रस्त था, तथा यह केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली में एक परिवार के लिए एटीएम की तरह था। द्रमुक पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि जनता पड़ोसी राज्य तमिलनाडु में हो रहे घोटालों की एक लंबी सूची देख सकती है, जहां द्रविड़ पार्टी का शासन है।

उन्होंने आरोप लगाया कि पुडुचेरी में कांग्रेस के पूर्व शासनकाल के दौरान राशन की दुकानों में चावल नहीं था, वेतन में देरी होती थी, और सड़कों पर गुंडे तथा ड्रग माफिया का राज था। मोदी ने यहां नई परियोजनाओं की शुरुआत और नई पहलों के लिए आधारशिला रखने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि कांग्रेस ने पुडुचेरी को दिल्ली में बैठे एक परिवार के लिए एटीएम बना दिया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और द्रमुक पुडुचेरी के विकास पथ में गतिरोधक बन गए हैं। यहां 2,700 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की शुरुआत करने के बाद अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पुडुचेरी को केवल राज्यों के लिए बनाई गई पूंजी निवेश से जुड़ी विशेष सहायता योजना में शामिल किया है।

स्वतंत्रता आंदोलन में पुडुचेरी क्षेत्र की भूमिका की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक हमें एक विकसित पुडुचेरी, एक विकसित भारत का निर्माण करना होगा, पुडुचेरी की डबल इंजन सरकार इस मिशन में आपके साथ है और हम सर्वश्रेष्ठ पुडुचेरी के लिए काम करते रहेंगे।



पुडुचेरी में कई परियोजनाओं की आधारशिला रखने के दौरान प्रधानमंत्री मोदी।

### युवाओं के सपने साकार करने को कर रहे काम

मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने पुडुचेरी को विशेष पूंजी निवेश सहायता योजना में शामिल किया है, जो केवल राज्यों के लिए है। उन्होंने कहा कि इस कदम से सड़कों सहित बेहतर बुनियादी ढांचे के रूप में केंद्र शासित प्रदेश के लोगों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि पांडिचेरी विश्वविद्यालय में भी बुनियादी ढांचे का उन्नयन किया गया है। उन्होंने कहा, सशक्त युवा ही विकास की नींव हैं। हम उनके सपनों को साकार करने के लिए काम कर रहे हैं। एनआईटी कराईकल में नया डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इंजीनियरिंग ब्लॉक और आधुनिक छात्रावास सुविधाएं कई छात्रों के लिए तकनीकी शिक्षा को मजबूत करेंगी।

### पुडुचेरी को राज्य का दर्जा देने की मांग

एआईएनआरसी-भाजपा गठबंधन सरकार के प्रमुख मुख्यमंत्री एन रंगासामी ने प्रधानमंत्री से पुडुचेरी की राज्य का दर्जा देने की मांग को स्वीकार करने की अपील की। कार्यक्रम में अपने भाषण में उन्होंने कहा कि पुडुचेरी वर्षों से लगातार राज्य का दर्जा देने की गुहार लगा रहा है और प्रस्तावों के माध्यम से केंद्र से मांग कर रहा है। रंगासामी ने कहा कि विधानसभा में 13 मौकों पर प्रस्ताव पारित किए गए जिन्हें पुडुचेरी को राज्य का दर्जा देने के लिए केंद्र को भेजा गया। उन्होंने कहा कि राज्य का दर्जा देने की मांग पुडुचेरी के लोगों की आकांक्षा है। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि प्रधानमंत्री हमारी मांग मान लेंगे।

## जम्मू में सुशासन सम्मेलन कराएगी केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार का प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग जम्मू-कश्मीर सरकार के सहयोग से तीन मार्च को जम्मू में एक-दिवसीय राष्ट्रीय सुशासन सम्मेलन का आयोजन करेगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य देश भर के जिलों द्वारा अपनाई गई उन नवोन्मेषी शासन पद्धतियों को प्रदर्शित और प्रसारित करना है, जिनसे सेवा वितरण, नागरिक कल्याण और स्थानीय विकास में सुधार हुआ है। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला संयुक्त रूप से इसका उद्घाटन करेंगे। कार्मिक मंत्रालय के मुताबिक, सम्मेलन का विषय 'जिलों का समग्र विकासः विकसित भारत के लिए शासन में परिवर्तन' है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित 2023 और 2024 की योजनाओं को प्रदर्शित करने वाले सत्र से होगा, जिसमें एलुरु (आंध्र प्रदेश), गोमती (त्रिपुरा), कोरापुट (ओडिशा) और करगिल सहित विभिन्न जिलों एवं संस्थानों की प्रस्तुतियां शामिल होंगी। सम्मेलन में उन शासन मॉडल को प्रदर्शित किया जाएगा, जिन्हें लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कारों की विभिन्न श्रेणियों के तहत मान्यता प्राप्त हुई है।

# प. बंगाल की मतदाता सूची से 50 लाख से अधिक घुसपैठियों को हटाया गया

● भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने किया दावा

कूच बिहार, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से 50 लाख से अधिक घुसपैठियों को हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में अवैध प्रवासियों का समय समाप्त हो गया है। नवीन का यह बयान पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बाद मतदाता सूची के प्रकाशन के एक दिन बाद है, जिसमें 63.66 लाख नाम हटा दिए गए हैं।

कूच बिहार में पार्टी की परिक्रमा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए नवीन ने आरोप लगाया कि जिन्हें मतदाता सूची से हटाया गया है वे घुसपैठिए थे, जो सरकारी नौकरियों और वास्तविक नागरिकों के लिए बनी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे थे। उन्होंने कहा, मतदाता सूची से 50 लाख से अधिक घुसपैठियों को हटा दिया गया है। ये न केवल वैध नागरिकों के अधिकारों का हनन कर रहे थे, बल्कि देश की सुरक्षा को भी खतरे में डाल रहे थे। नवीन ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने फर्जी दस्तावेज हासिल करने में मदद करके घुसपैठियों को संरक्षण प्रदान किया। नवीन ने तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व पर तीखा हमला करते हुए कहा, ममता बनर्जी ने मतदाता सूची में घुसपैठियों को बचाने के लिए अदालतों का रुख किया।



### तो मूल निवासी अल्पसंख्यक बन जाएंगे: नड्डा

कृष्णानगर। केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा ने पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार पर घुसपैठियों की मदद का आरोप लगाते हुए दावा किया कि इसके कारण पश्चिम बंगाल के मूल निवासी अल्पसंख्यक हो जाएंगे। नड्डा ने नदिया जिले के कृष्णानगर में एक रैली में आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस राज्य को घुसपैठियों का केंद्र बनाने की कोशिश कर रही है।

# विकसित भारत युवाओं की आकांक्षाओं पर आधारित

● परमेश्वरन स्मृति व्याख्यानमाला में बोले केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि विकसित भारत 2047 का विजन भारत के युवाओं की आकांक्षाओं में निहित है। उन्होंने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और भविष्य के लिए तैयार नवाचार से होने वाले बदलावों के लिए एक व्यापक रूपरेखा प्रस्तुत की।

सिंह ने शनिवार को यहां पांचवें पी. परमेश्वरन स्मृति व्याख्यान में इस बात पर जोर दिया कि 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भारत की यात्रा सशक्त युवा प्रतिभाओं, एक मजबूत अनुसंधान प्रणाली और साहसिक नीतिगत सुधारों पर आधारित होगी। विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री ने कहा कि 'विकसित भारत' देश के युवाओं को समर्पित है और केंद्र सरकार ने युवा सशक्तिकरण को शासन के केंद्र में रखा है। सिंह ने प्रमुख योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए विवि व संस्थानों में अनुसंधान संस्कृति को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना, साथ ही अटल नवाचार मिशन और अटल टिंकरिंग लैब का उल्लेख किया, जो स्कूली विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा और नवाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, भारत ने वैश्विक नवाचार सूचकांक में प्रगति की है, जो नवाचार और अनुसंधान के केंद्र के रूप में इसकी बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाती है।

## महासमुंद जिले में 15 नक्सलियों ने डाले हथियार

**महासमुंद।** माओवादियों के संगठन में विशेष क्षेत्रीय समिति स्तर के सदस्य विकास सहित 15 नक्सलियों ने रविवार को महासमुंद जिले में सुरक्षाकर्मियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में नौ महिलाएं भी शामिल हैं। ये नक्सली प्रतिबंधित संगठन के बालांगीर-बरगढ़-महासमुंद डिवीजन से संबंधित थे और छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर सक्रिय थे। छत्तीसगढ़ के गृह विभाग की भी जिम्मेदार संभाल रहे शर्मा ने इस घटनाक्रम को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# प्रशिक्षण देने त्रिंकोमाली पहुंचा आईएनएस तरंगिनी

● श्रीलंका की नौसेना के चयनित जवान पोत पर होंगे सवार

नई दिल्ली/कोलंबो, एजेंसी

भारतीय नौसेना का प्रशिक्षण पोत आईएनएस तरंगिनी एक प्रशिक्षण यात्रा के हिस्से के रूप में श्रीलंका के त्रिंकोमाली बंदरगाह पहुंच गया है। नौसेना प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि यात्रा के दौरान तरंगिनी के कमांडिंग ऑफिसर ने पूर्वी नौसेना क्षेत्र के उप कमांडर कोमोडोर हरिता जयदेवत से मुलाकात की और पाल प्रशिक्षण में सहयोग पर चर्चा की।

जहाज ने श्रीलंकाई सैनिकों, उनके परिवारों और प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए जहाज पर एक परिचय दौरे की मेजबानी की। जहाज के इस बंदरगाह प्रवास के दौरान सामुदायिक जुड़ाव गतिविधियों और प्रशिक्षण आदान-प्रदान की योजना बनाई गई है। श्रीलंका नौसेना और समुद्री अकादमी के चयनित प्रशिक्षु अधिकारी कोलंबो तक की यात्रा के लिए आईएनएस तरंगिनी पर सवार होंगे। इस यात्रा के दौरान, प्रशिक्षुओं को पाल प्रशिक्षण के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया जाएगा। आईएनएस तरंगिनी की संकल्पना अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध डिजाइनर कॉलिन मुडी ने की थी और इसका निर्माण स्वदेशी रूप से गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में किया गया था। पोत में एक मजबूत स्टील हल है और एल्युमीनियम डेकहाउस है और सागौन लकड़ी की बारीक नक्काशी से इसके आंतरिक भाग को सजाया गया है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज व्यवसाय में वृद्धि हेतु कुछ धन का निवेश कर सकते हैं। पुराने संपर्क से लाभ होगा। शाम को कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**तुला** – आज नया वाहन खरीदने का मन बना सकते हैं। सामाजिक कार्यों के कारण लोकप्रियता बढ़ेगी। धैर्यवान होकर समस्या का समाधान खोजें।

**वृष** – आज नया काम शुरु न करें। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व कम होगा। कानूनी पचड़ों में घिरने की आशंका है।

**वृश्चिक** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। अनुभवी लोगों से आपके संबंध मधुर होंगे।

**मिथुन** – आज घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है। बिजनेस में नए अनुबंध हो सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे।

**धनु** – आज दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। शरीर मे थकावट व ऊर्जा में कमी महसूस करेंगे। काम का दबाव बढ़ने से आप थोड़े नाखुश रहेंगे।

**कर्क** – आज आपकी योजनाएं समय पर पूर्ण होंगी। कारोबार में नए प्रयोग लाभकारी हो सकते हैं। मेहनत का सुखद परिणाम प्राप्त होगा।

**मकर** – आज कोई बड़ा निर्णय न लें। व्यापार में समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। नई जॉब ढूंढ रहे लोगों को परेशानी होगी।

**सिंह** – आज अव्यावहारिक निर्णय लेने से आपको बचना चाहिए। प्रेम-संबंधों में निकटता बढ़ेगी। धार्मिक लोग किसी साधना को लेकर विचारशील रहेंगे।

**कुंभ** – आज अपनी क्षमता से अधिक खर्च का बजट न बनाएं। बेरोजगार लोगों को जॉब मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में बॉस से बहस होने की आशंका है।

**कन्या** – आज सहकर्मी आपकी सहायता करेंगे। संपत्ति के विवादों में समझौता हो सकता है। कार्यक्षेत्र में विरोधी परेशान कर सकते हैं।

**मीन** – आज प्रेम की अभिव्यक्ति कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सम्मान व आर्थिक लाभ दोनों प्राप्त होंगे। आप अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे।

# सिद्धार्थ चटर्जी वियना स्थित थिंक टैंक की संभालेंगे कमान

● बनाए गए ग्लोबल नेबर्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी

बीजिंग, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र के भारतीय मूल के अनुभवी राजनयिक सिद्धार्थ चटर्जी को वियना स्थित थिंक टैंक ग्लोबल नेबर्स का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। चीन में रविवार को संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर (आरसी) के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद चटर्जी (62) की यह नियुक्ति हुई है।

चीन में 2021 में संयुक्त राष्ट्र के 26 कार्यालयों के प्रमुख के रूप में उनकी नियुक्ति काफी चर्चा में रही थी क्योंकि यह पूर्वी लद्दाख गतिरोध को लेकर भारत-चीन तनाव के बीच हुई थी। भारत में पुणे स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के पूर्व छात्र रहे चटर्जी ने संयुक्त राष्ट्र में शामिल होने से पहले भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दी थीं और उन्हें 1995 में वीरता के लिए सम्मानित किया गया था। ग्लोबल नेबर्स द्वारा जारी बयान में कहा गया कि चटर्जी को दो मार्च से प्रभावी रूप से इसका सीईओ नियुक्त किया गया है। ग्लोबल नेबर्सकी स्थापना 2022 में उद्यमी जोवांका पोर्श, ऑस्ट्रिया के पूर्व चांसलर क्रिश्चियन केर्न और जर्मनी के पूर्व उप-चांसलर फिलिप रोस्लर ने की थी। इसका उद्देश्य व्यापार, राजनीति और समाज के हितधारकों के बीच तथ्य-आधारित संवाद के लिए एक मंच तैयार कर यूरोप, एशिया और अन्य क्षेत्रों के बीच सेतु का निर्माण करना है।

**भारतीय संगीत परंपरा** | उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने केरल के त्रिशूर में रखी चेतना गणाश्रम की नींव


# लाखों दिलों को एक लय में पिरोता है संगीत

● भारत में संगीत की समृद्ध परंपरा हजारों साल पुरानी

त्रिशूर (केरल), एजेंसी

उपराष्ट्रपति सीपी. राधाकृष्णन ने रविवार को कहा कि भारत में संगीत एक ऐसा शक्तिशाली सूत्र है, जो लाखों दिलों को एक लय में पिरोता है। उन्होंने यहां नादतारा में कुरियाकोस इलियास सर्विस सोसाइटी की पहल गणाश्रम (संगीत-आध्यात्मिक केंद्र) के शिलान्यास समारोह में यह बात कही। राधाकृष्णन ने कहा, भारत की अपनी समृद्ध संगीत परंपरा है, जो हजारों साल पुरानी है।

भारत का संगीत एक आध्यात्मिक सफर, ध्यान, प्रार्थना और जीवन का उत्सव है। संगीत लाखों दिलों को एक लय में पिरोता है। उन्होंने कहा कि भारत की बात करते समय हम एक प्राचीन सभ्यता की बात करते हैं, जिसकी आत्मा संगीत में अपनी शुद्धतम अभिव्यक्ति पाती है। उन्होंने कहा, वेदों के स्तोत्रों से लेकर संतों की भावपूर्ण अभिव्यक्तियों तक, संगीत हमारी सभ्यता में पवित्र गंगा की तरह बहता रहा है। उन्होंने कहा कि सामवेद के मंत्र दुनिया में व्यवस्थित संगीत के शुरुआती आधारों में से हैं। उन्होंने कहा, चोल राजाओं द्वारा निर्मित मंदिरों में प्राचीन दक्षिण भारत की संगीत संस्कृति के जीवंत प्रमाण मिलते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि भारत की संगीत विरासत अत्यंत प्राचीन है। उन्होंने कहा कि भारत में संगीत परंपराओं की बड़ी विविधता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि उत्तर की हिंदुस्तानी और दक्षिण की कर्नाटक शास्त्रीय परंपराएं ध्वनि की गहन प्रणालियां हैं, जिन्हें सदियों से महान गुरुओं ने समृद्ध किया है। उन्होंने कहा, त्यागराज की अमर रचनाएं आज भी मन में नयी उमंग भर देती हैं। तानसेन की प्रतिभा इतिहास में गूंजती है।




### हमारे भीतर की भावना से जुड़ता है सप्तस्वर

राधाकृष्णन ने कहा कि पश्चिमी संगीत हो या भारतीय, दुनिया भर में स्वर तो सात ही हैं। उन्होंने कहा, प्रत्येक सप्तस्वर हमारे भीतर की भावनाओं से जुड़ता है। एक सुकून देने वाला राग चिंता कम कर सकता है, भक्तिमय रचना मनोबल बढ़ा सकती है और जीवंत धुन ऊर्जा भर सकती है।" उन्होंने कहा, संगीत और ध्यान के जरिए सभी धर्मों के लोगों को एक आध्यात्मिक छत्र के नीचे लाने के लिए मैं गणाश्रम की सराहना करता हूं। राधाकृष्णन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में योग को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता मिली है।

## आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 2 मार्च, सोमवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी 17.55 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- अश्लेषा 19.51 तक तत्पश्चात मघा।

## सुडोकू - 76 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 7 | 8 | 9 | 6 | 5 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 8 | 7 | 9 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 |
| 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 1 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 1 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 4 |
| 7 | 9 | 3 | 1 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 5 | 4 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 7 | 8 | 9 | 4 | 1 | 6 | 5 | 2 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | 8 | 3 | 4 | 7 |

## सुडोकू -77

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | | | 1 | | |
| | 5 | | 9 | 4 | | | 6 | 8 |
| 6 | | | | | 3 | 9 | | |
| 3 | 2 | | 7 | | | 6 | | 4 |
| | | 4 | | 2 | | | 5 | |
| 1 | | 9 | | | 6 | 8 | | 3 |
| | 1 | | 8 | | 4 | | | |
| | 9 | 6 | | | | 5 | | 7 |
| | | | 5 | | | 4 | | |




स्टेडियम
लखनऊ, सोमवार, 2 मार्च 2026
अमृत विचार
www.amritvichar.com

## हाईलाइट

### न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे को 10 विकेट से हराकर जीती सीरीज

**सेडन पार्क।** न्यूजीलैंड ने रविवार को सेडन पार्क में जिम्बाब्वे के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए, हैमिल्टन में अपने विरोधियों को 10 विकेट से हराकर महिला सीरीज में 3–0 से क्लीन स्वीप किया। नेन्सी पटेल (8 रन देकर 3 विकेट) और जेस केर (6 रन देकर 2 विकेट) ने जिम्बाब्वे को सिर्फ़ 64 रन पर रोक दिया, यह टारगेट न्यूज़ीलैंड ने 5 .4 ओवर में हासिल कर लिया। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का ज़िम्बाब्वे का फ़ैसला बहुत बुरा साबित हुआ। उनकी पारी पावरप्ले में ही बिखर गई, और एक डिसिप्लिन्ड अटैक ने उन्हें बुरी तरह हरा दिया। जेस केर ने तीसरे ओवर में केलिस नधलोवू को आउट करके पहला विकेट लिया। अगली ही गेंद पर मोडेस्टर मुपाचिकवा रन आउट हो गयी, जो एक ऐसी बड़ी गलती थी जिससे पता चलता है कि टीम पहले से ही परेशान थी।

### आकिब ने दिलाई जम्मू-कश्मीर को नई पहचान

**श्रीनगर।** आक़िब नबी ने जम्मू–कश्मीर को खेलों में दिलाई नई पहचान, ये जम्मू–कश्मीर के पूर्व कप्तान परवेज रसूल के शब्द थे जो आक़िब नबी का शुक्रिया अदा कर रहे थे। नबी ने 60 विकेट चटकाए जिसमें से 26 केवल नॉकआउट में ही आए थे और अपनी टीम को चैंपियन बनाया। छह साल पहले जनवरी 2020 में रसूल ने ही नबी को उनकी रणजी ट्रॉफ़ी की पहली कैप थमाई थी। रसूल ने आख़िरी बार 2022 में जम्मू–कश्मीर के लिए खेला था, लेकिन उनका दिल आज भी खिलाड़ियों के लिए धड़कता है। उन्हें शनिवार को कुछ काम के लिए अपने होमटाउन से श्रीनगर जाना था।

### गुकेश को नवारा ने बराबरी पर रोका


**प्राग (चेक गणराज्य)।** विश्व चैंपियन डी गुकेश का पहली जीत का इंतजार जारी रहा जब यहां प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के चौथे दौर में उन्हें चेक गणराज्य के डेविड नवारा ने बराबरी पर रोक दिया। नीदरलैंड के जोर्डन वान फोरेस्ट ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकुबोएव को हराकर चार मैच में तीसरी जीत के साथ बढ़त बना ली है लेकिन गत चैंपियन भारत के अरविंद चिदंबरम को जर्मनी के विन्सेंट केमर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। दस खिलाड़ियों की इस प्रतियोगिता की दो अन्य बाजियां ड्रॉ रहीं जो अमेरिका के हेन्स मोके नीमैन और ईरान के परहम माघसूदलू तथा स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के बीच खेली गईं।

### जयसूर्या छोड़ेंगे मुख्य कोच का पद

**कोलंबो।** सनथ जयसूर्या ने टी20 विश्व कप में श्रीलंका के खराब प्रदर्शन के बाद टीम के मुख्य कोच का पद छोड़ने का फैसला किया है। सह मेजबान श्रीलंका सुपर आठ चरण में अपने सभी मैच हार गया। ग्रुप चरण में टीम को जिम्बाब्वे से हार मिली जबकि उसने ऑस्ट्रेलिया तथा कमजोर माने जाने वाले ओमान और आयरलैंड के खिलाफ जीत दर्ज की। श्रीलंका की हार के बाद जयसूर्या ने कहा मेरा अनुबंध जून में खत्म हो रहा है लेकिन मैं उससे पहले चला जाऊंगा।

# वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराकर भारत पहुंचा सेमीफाइनल में

## टी-20 विश्व कप : संजू सैमसन ने खेली 97 रनों की पारी, फाइनल के लिए इंग्लैंड से होगा मुकाबला


जुझारू पारी के दौरान शॉट लगाते संजू सैमसन। एजेंसी

**कोलकाता, एजेंसी**

भारत के खिलाफ 'क्वार्टर फाइनल' की तरह खेले जा रहे टी-20 विश्व कप सुपर आठ मुकाबले में रविवार को वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने चार विकेट पर 195 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए संजू सैमसन की 97 रनों की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

इससे पहले रोस्टन चेस ने दो जीवनदान का पूरा फायदा उठाते हुए 25 गेंद में 40 रन बनाए। उन्होंने शाइ होप के साथ पहले विकेट के लिये 68 रन की साझेदारी की। होप ने 33 गेंद में 32 रन बनाये। दोनों ने अच्छी शुरूआत करते भारतीय गेंदबाजों पर दबाव बनाया।

भारत ने हालांकि 12वें ओवर में वापसी की जब जसप्रीत बुमराह ने दो विकेट चटकाए। इसके बाद हालांकि रोवमैन पॉवेल और जैसन होल्डर ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए पांचवें विकेट के लिये सिर्फ 35 गेंद में 76 रन की अटूट साझेदारी की। पॉवेल ने 19 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों के साथ 34 रन बनाये जबकि होल्डर ने 22 गेंद में 37 रन बनाये जिसमें दो चौके और तीन छक्के शामिल थे। बीच के ओवरों में बुमराह ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन भारत ने उन्हें डैथ ओवरों के लिये बचाकर रखा जिसका कोई फायदा नहीं हुआ। पॉवेल ने अर्शदीप सिंह को 16वें ओवर में अच्छी खासी नसीहत देते हुए 24 रन निकाले।


एक–दूसरे को बधाई देते भारतीय खिलाड़ी। एजेंसी

अर्शदीप ने चार ओवर में 43 रन दिये और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। बुमराह ने चार ओवर में 36 रन देकर दो विकेट चटकाये। खचाखच भरे ईडन गार्डंस पर भारतीय टीम शुरूआत में दबाव में दिखी जब वेस्टइंडीज ने 53 गेंद में 68 रन जोड़ लिये।

पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर कप्तान होप और बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजे गए चेस ने पहले ओवर में सिर्फ तीन रन बनाये। इसके बाद होप ने हार्दिक पंड्या को मिडविकेट पर छक्का लगाया। अक्षर ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन भारत का क्षेत्ररक्षण ढीला था। चेस को जीवनदान भी मिला जब वरूण चक्रवर्ती ने गलत छोर पर थ्रो फेंककर रनआउट का मौका गंवा दिया।

इसके बाद अभिषेक शर्मा ने कवर पर उनका आसान कैच छोड़ा जब वह 14 रन पर थे। वरुण को नौवें ओवर में गेंद सौंपी गई जिन्होंने होप को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। शिमरोन हेटमायेर ने आते ही पंड्या को छक्का लगाया और उस ओवर में 13 रन बने। इसके बाद उन्होंने वरुण को चौका और छक्का जड़ा। बुमराह ने 12वें ओवर में हेटमायेर और चेस को आउट किया। हेटमायेर ने 12 गेंद में 24 और चेस ने 25 गेंद में 40 रन बनाए।

### वेस्टइंडीज

**195/4** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| शाइ होप बो वरूण | 32 |
| रोस्टन चेस का सूर्यकुमार बो बुमराह | 40 |
| हेटमायेर का सैमसन बो बुमराह | 27 |
| रदरफोर्ड का सैमसन बो पंड्या | 14 |
| रोवमैन पॉवेल नाबाद | 34 |
| जैसन होल्डर नाबाद | 37 |

गेंदबाजी : अर्शदीप 4–0–43–0, पंड्या 4–0–40–1, अक्षर 4–0–35–0 बुमराह 4–0–36–2, वरुण 4–0–40–1

**02** विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज रहे जसप्रीत बुमराह

### सुपर-8 ग्रुप 1

| टीम | मैच | जीत | हार | रद | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. साउथ अफ्रीका | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | 2.259 |
| 2. भारत | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | 0.106 |
| 3. वेस्टइंडीज़ | 3 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0.993 |
| 4. जिम्बाब्वे | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -3.415 |

### सुपर-8 ग्रुप 2

| टीम | मैच | जीत | हार | रद | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. इंग्लैंड | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | 1.096 |
| 2. न्यूज़ीलैंड | 3 | 1 | 1 | 1 | 3 | 1.390 |
| 3. पाकिस्तान | 3 | 1 | 1 | 1 | 3 | -0.123 |
| 4. श्रीलंका | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -1.950 |

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर श्रृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की

**होबार्ट, एजेंसी**

कप्तान एलिसा हीली ने 158 रन की पारी खेलकर शानदार अंदाज में वनडे क्रिकेट को अलविदा कहा जिससे ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां तीसरे और आखिरी महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में विश्व चैंपियन भारत को 185 रन से हराकर श्रृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की।

पैंतीस साल की हीली का यह अंतिम वनडे मैच था जिनके 158 रन और बेथ मूनी के नाबाद 106 रन की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सात विकेट पर 409 रन का बड़ा स्कोर बनाया। इस 410 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 45.1 ओवर में 224 रन पर ऑल आउट हो गई और तीन मैचों की सीरीज 0-3 से गंवा बैठी।

हीली छह मार्च से भारत के खिलाफ पर्थ में एकमात्र गुलाबी गेंद का टेस्ट खेलने के बाद अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह देंगी। हीली ने 126 वनडे मैचों में 3777 रन बनाए हैं जिसमें आठ शतक और 19 अर्धशतक शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया ने फीबी लिचफील्ड (14) का विकेट जल्दी खो दिया लेकिन हीली और जॉर्जिया वोल (52 गेंद पर 62 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 134 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। हीली और मूनी ने भी तीसरे विकेट के लिए 145 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया को विशाल स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। अपना 126वां मैच खेल रही हीली ने आठवां एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा जिसमें उन्होंने 27 चौके और दो छक्के मारे। वोल ने अपनी पारी के दौरान सात चौके और एक छक्का लगाया जबकि मूनी की पारी में 10 चौके और एक छक्का शामिल रहा। अनाबेल सदरलैंड (23) और निकोला कैरी (15 गेंद में से 34 रन) ने आखिर में तेजी से रन बनाए।


शतक लगाने के बाद दर्शकों का अभिवादन स्वीकार करतीं कप्तान एलिसा हीली। एजेंसी

- **कप्तान एलिसा हीली ने शतक के साथ वनडे क्रिकेट से लिया संन्यास**

### किसी परीकथा जैसा था आखिरी मैच : हीली

**होबार्ट।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने रविवार को यहां तीसरे और आखिरी मैच में 158 रन की शानदार पारी खेलकर विश्व चैंपियन भारत पर 185 रन की जीत से वनडे से शानदार विदाई लेने के बाद क्रिकेट के भगवान का शुक्रिया अदा किया। पैंतीस साल की हीली के लिए यह किसी परीकथा जैसा आखिरी पल था जिनके 158 रन और बेथ मूनी के नाबाद 106 रन की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने सात विकेट पर 409 रन का बड़ा स्कोर बनाया। भारतीय टीम 45.1 ओवर में 224 रन पर आउट हो गई और तीन मैचों की सीरीज 0-3 से गंवा बैठी। 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुनी गई हीली ने मैच के बाद कहा मुझे लगता है कि हम कितना अजीब खेल खेलते हैं कि यह आपको इतनी बार नीचे गिरा सकता है और फिर आपको आज जैसे मौके दे सकता है। उन्होंने कहा मुझे हर उपलब्धि वाला मैच पसंद नहीं आया इसलिए आज बस क्रीज पर जाकर उसका मजा लेने का मौका था।

# दक्षिण अफ्रीका ग्रुप में टॉप पर जिम्बाब्वे खाता नहीं खोल सका


जीत दर्ज करने के बाद जिम्बाब्वे के खिलाड़ियों से हाथ मिलाते साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी। एजेंसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कप्तान सिकंदर रजा (73 रन और तीन विकेट) के हरफनमौला खेल के बावजूद दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के औपचारिकता वाले मुकाबले में रविवार को यहां पांच विकेट से शिकस्त देकर टूर्नामेंट में अब तक सभी मैचों में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। पहले ही सेमीफाइनल का टिकट पक्का कर चुकी दक्षिण अफ्रीका की टीम इस जीत से सुपर आठ के ग्रुप एक में शीर्ष पर रही जबकि शुरुआती ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन करने वाला जिम्बाब्वे सुपर आठ में जीत का खाता खेलने में नाकाम रहा।

रजा की 43 गेंद में आठ चौके और चार छक्के समेत 73 रन की पारी के बावजूद जिम्बाब्वे की टीम सात विकेट पर 153 रन ही बना सकी। दक्षिण अफ्रीका ने 17.5 ओवर में पांच विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। दक्षिण अफ्रीका टीम अब सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड का सामना करने के लिए कोलकाता जायेगी। दक्षिण अफ्रीका के लिए डेवाल्ड ब्रेविस ने 18 गेंद में दो चौके और चार छक्के की मदद से 42 रन बनाये। उन्होंने चौथे विकेट के लिए डेविड मिलर (16 गेंद में 22 रन) के साथ 25 गेंद में 50 रन की साझेदारी की। रेयान रिकल्टन ने 22 गेंद में चार छक्के की मदद से 31 का योगदान दिया। जॉर्ज लिंडे (21 गेंद में नाबाद 30) और ट्रिस्टन स्टब्स(24 गेंद में नाबाद 21) ने छठे विकेट के लिए 44 गेंद में 53 रन की अटूट साझेदारी के साथ टीम की जीत पक्की कर दी। जिम्बाब्वे के लिए रजा ने चार ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट लिए। रजा को बल्लेबाजी के दौरान दूसरे छोर से अच्छा साथ नहीं मिला। उनके अलावा क्लाइव मदांडे (नाबाद 26) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर सके। दक्षिण अफ्रीका के लिए क्वेन मफाका ने चार ओवर में 21 रन देकर दो विकेट लिये। कोर्बिन बोश को भी दो सफलता मिली लेकिन उन्होंने 40 रन लुटाये। जॉर्ज लिंडे, लुंगी एनगिडी, एनरिच नोर्किया को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को पहले ओवर में ही क्विंटन डिकॉक को खाता खोले बगैर चलता करने के बाद कप्तान एडेन मारक्रम (चार) को पवेलियन की राह दिखाई। डिकॉक का कैच विकेटकीपर मारुमनी ने लपका जबकि मारक्रम बोल्ड हुए।

- **जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने हरफनमौला खेल से सराहनीय प्रदर्शन किया**

### जिम्बाब्वे

**153/7** (17.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| तदिवानाशे मारुमनी बो मफाका | 07 |
| ब्रायन बेनेट का मारक्रम बो नोर्किया | 15 |
| डियोन मायर्स का ब्रेविस बो लिंडे | 11 |
| सिकंदर रजा का मिलर बो मफाका | 73 |
| रेयान बर्ल पगबाधा एनगिडी | 05 |
| टोनी मुनयोंगा बो बोश | 02 |
| क्लाइव मदांडे नाबाद | 26 |
| ब्रैड इवांस बो बोश | 08 |
| वेलिंगटन मसाकदजा नाबाद | 01 |

गेंदबाजी : लिंडे 3–0–22–1, मफाका 4–0–21–2, एनगिडी 4–0–29–1, नोर्किया 4–0–29–1, बोश 4–0–40–2, मारक्रम 1–0–11–0

### दक्षिण अफ्रीका

**154/5** (17.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| एडेन मार्करम बो सिकंदर रजा | 04 |
| डिकॉक का मारुमनी बो रजा | 00 |
| रेयान रिकेल्टन का बर्ल बो इवांस | 31 |
| डेवाल्ड ब्रेविस का बर्ल बो रजा | 42 |
| मिलर का मायर्स बो मुजरबानी | 22 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 21 |
| जॉर्ज लिंडे नाबाद | 30 |

गेंदबाजी : रजा 4–0–29–3, मुजरबानी 3 .5–0–22–1, इवांस 3–0–22–1, क्रीमर 2–0–27–0, मसाकद्जा 2–0–23–0, बर्ल 2–0–12–0

**13** गेंदें शेष रहते दक्षिण अफ्रीका ने हासिल किया लक्ष्य

## प्रतिक्रिया

### टी–20 विश्व कप से बाहर होने के बाद पूर्व क्रिकेटर बोले– दो साल बाद मिले मौकों को भुना नहीं पा रहे हम

# पाकिस्तान क्रिकेट जगत में फैली घोर निराशा



**कराची, एजेंसी**

पाकिस्तान ने भले ही अपना टी-20 विश्व कप अभियान जीत के साथ खत्म किया हो लेकिन इस बड़े टूर्नामेंट में टीम के प्रदर्शन से देश का क्रिकेट जगत बहुत निराश है।

पूर्व कप्तान और महान बल्लेबाज जावेद मियांदाद ने रविवार को कहा आपको अपने देश के क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन की छाप छोड़ने के लिए दो साल में एक मौका मिलता है और आप फिर से विफल हो जाते हैं। यह सब देखना बहुत निराशाजनक है। मियांदाद ने कहा कि ऊंची रैंकिंग वाली टीम के खिलाफ टीम का प्रदर्शन बहुत बड़ी चिंता की बात है और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को अब कुछ बड़े फैसले लेने की जरूरत है।

पूर्व कप्तान मोहम्मद यूसुफ ने कहा कि कुछ खिलाड़ियों को टी20 क्रिकेट में खुद को स्थापित करने के लिए बहुत ज्यादा मौके दिए गए और वे बड़े टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रहे हैं। उन्होंने कहा अब आगे बढ़ने और अपनी गलतियों से सीखने का समय है।

पूर्व कप्तान मोइन खान ने कहा कि जब तक पाकिस्तान ऊंची रैंकिंग वाली टीमों को नहीं हरा पाता, तब तक वह कभी भी आईसीसी टूर्नामेंट नहीं जीत पाएगा। उन्होंने दुख जताते हुए कहा आप कोई बड़ा टूर्नामेंट तब तक नहीं जीत सकते जब तक आपके पास शीर्ष टीमों को हराने की काबिलियत नहीं हो। बदकिस्मती से हमने चयन और मैदान पर बहुत सारी गलतियां की हैं। हमारे मुख्य खिलाड़ी विश्व कप में अच्छा नहीं कर पाए।

पूर्व कप्तान बाबर आजम, मौजूदा कप्तान सलमान अली आगा और शादाब खान, शाहीन शाह अफरीदी और मोहम्मद नवाज जैसे दूसरे सीनियर खिलाड़ियों की कड़ी आलोचना हो रही है। आगा के घर लौटने के बाद उन्हें कप्तानी के पद से हटाने की उम्मीद है।

पाकिस्तान के कोच रह चुके सकलेन मुश्ताक को भी अपने दामाद शादाब के प्रदर्शन का दोष मुख्य कोच माइक हेसन पर डालकर उनका बचाव करने की कोशिश करने के लिए काफी आलोचना का सामना करना पड़ा है।

### हमने दबाव में सही फैसले नहीं लिए : आगा

**पल्लेकल।** पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा का कहना है कि उन्होंने टी20 विश्व कप में दबाव में सही फैसले नहीं लिए और वे अपनी पूरी क्षमता से प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। पाकिस्तान ने अपने आखिरी सुपर आठ चरण के मैच में सह मेजबान और पहले ही बाहर हो चुकी श्रीलंका को पांच रन के मामूली अंतर से हराया। पर यह जीत उन्हें सेमीफाइनल में पहुंचाने के लिए काफी नहीं थी। आगा ने शनिवार रात को मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा अगर आप पूरा टूर्नामेंट देखें तो हमने उम्मीद से कम प्रदर्शन किया है। 20 ओवर के मैच में हमने 18 ओवर बहुत अच्छे से खेले और दूसरी टीम को दो ओवर अच्छे से खेलने दिए गए। आखिरी तीन ओवर में रणनीति पर अच्छी तरह अमल नहीं किया। हमने पहले इससे भी बेहतर गेंदबाजी की है। हमारी गेंदबाजी इकाई काफी बेहतर है। लेकिन हम ठीक से कार्यान्वयन करने में चूक गए। पाकिस्तानी के कप्तान ने खराब प्रदर्शन की पूरी जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा हम इसकी पूरी जिम्मेदारी लेंगे। क्यों नहीं? क्योंकि हम टीम चुनने में शामिल थे और खिलाड़ियों के लिए हम जिम्मेदार थे। मैं जिम्मेदारी लूंगा और मुझे यकीन है कि कोच भी लेंगे।